ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक शुक्ल पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 24 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-38 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

दर्शकों के दिलों में बसने वाले किरदार..... पेज 10 पर






## गागर में सागर

### नव पदस्थापित बीडीओ का स्वागत

**सतबरवा।** नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडे को सतबरवा जिप सदस्य सुधा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, धावाड़ीह मुखिया रिंकी यादव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार अशर्फी यादव, कामेश्वर यादव आदि ने गुरुवार को शॉल एवं बुकें देकर स्वागत किया। जिप सदस्य सुधा कुमारी ने बीडीओ से जनता की समस्या के समाधान हेतु निवेदन किया। नवागत बीडीओ ने कहा कि शासन के मंशानुरूप आम जान की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

### दूसरी बार बने नप क्षेत्र के ब्रांड एंबेसडर

**विश्रामपुर।** विधायक प्रतिनिधि सह रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पाण्डेय को विश्रामपुर नगर परिषद ने दूसरी वार नप क्षेत्र का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन व नोडल पदाधिकारी सह नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने इसकी जानकारी दी। श्री हेंब्रम ने बताया कि पूर्व में भी राजन पाण्डेय को स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया था।

### मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता कल से

**सगालीम।** पांकी विधानसभा के ग्राम पंचायत कोनवाई के खेल मैदान पर 25 नवंबर से प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 5 दिसम्बर तक चलने वाली प्रतियोगिता में प्रखंड के 25 पंचायतों के 25 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इच्छुक टीमें कार्यक्रम स्थल पर आकर नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

### समाजसेवी ने मृतक के परिजनों को बंधाया ढांढस



**ऊंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत जोगा पंचायत के बसरिया गांव निवासी बिसुनदेव चौधरी की पत्नी फुलवा देवी उम्र लगभग 50 वर्ष की बुधवार की रात मौत हो गई। बताया जाता है कि वे चार माह से बीमार चल रही थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही जोगा पंचायत मुखिया पति सह समाजसेवी कृष्णा पाल ने मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने आर्थिक सहयोग भी किया।

# बिजली चोरी मामले में आठ पर प्राथमिकी दर्ज, 62 हजार रुपए जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापामारी अभियान के तहत आठ लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया है। इनके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपियों पर 62 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने वालों में थाना क्षेत्र के दुलहर गांव निवासी नागेंद्र मेहता, कामत के प्रमोद उरांव, बरवाडीह के वीरबल



पासवान, डुमरहाथा गांव निवासी सुमंत कुमार, चनकार कस्तुरी गांव निवासी मनोज कुमार गोस्वामी, चन्द्रदीप राम, शहवीर प्रजापति एवं हदना गांव निवासी जनेश्वर सिंह शामिल हैं। अभियान में सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो, प्रदीप कुमार के अलावा मानव दिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, उबैद अहमद, संतोष कुमार सिंह व राजकुमार यादव आदि शामिल थे। कनिय अभियंता ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि एक मुश्त या पांच किस्तों में भी अपने बकाए राशि का भुगतान कर सकते हैं।

## बिजली चोरी में 9 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**हरिहरगंज।** अवैध रूप से बिजली चोरी के खिलाफ क्षेत्र के कई जगहों पर छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 9 लोगों पर स्थानीय थाना में विद्युत अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया है। कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद ने बताया कि ढाब खुर्द के अरुण कुमार मेहता, गणेश पासवान, अरुण मेहता, चंदन कुमार, संजय यादव, राकेश यादव, रामपुर निवासी शंभू कुमार, प्रेमनी देवी सहित तेंदुआ गांव के सुरेंद्र राम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उक्त उपभोक्ताओं पर एलटी तार में टोका लगाकर तथा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली चोरी करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि बिजली की अवैध चोरी पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में छतरपुर के वरीय प्रबंधक रामगोपाल राम, प्रधान विद्युतज्ञ दयानंद सिंह आदि शामिल थे।

### कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट

# उद्घाटन मुकाबले में महुअरी को परास्त कर जमुआ ने बाजी मारी

**प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी 20 टीमों के 250 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय धुन पर हाथ में फुटबॉल व राष्ट्रीय झंडा लेकर हुसैनाबाद का भ्रमण किया**



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में कर्नल कप फुटबॉल टूनार्मेंट का पहला मैच महुअरी बनाम जमुआ पंचायत के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में जमुआ ने 1-0 से जीत हासिल की। टूर्नामेंट का शुभारंभ समाजसेवी चन्द्रेश्वर प्रसाद उर्फ ललीता बाबू, क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष माणिक चन्द्र सिंह, पंसस बद्रीनारायण सिंह, लालकेश्वर पासवान, मनोज शर्मा, भर्दुल सिंह, डबल सिंह, रवि रंजन सिंह, जयकुश सिंह, विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय कर व फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी 20 टीमों के लगभग 250 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय धुन पर हाथ में फुटबॉल व राष्ट्रीय झंडा लेकर हुसैनाबाद का भ्रमण किया। इस दौरान खेलेगा तभी जीतेगा पलामू अभियान द्वारा आमजन को जागरूक किया गया। कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य हुसैनाबाद को फुटबॉल हब बनाना है। मौके पर जमुआ पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश कुमार, अजय कुमार सिंह, लालधन ठाकुर, सुदय सिंह, तक्की रिजवी, सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, अमित सिंह, नीरज सिंह, रजनीश भीम, जमालुद्दीन शाह, शशि, गोविंद मौजूद थे।

## बिना हेलमेट के वाहन न चलायें: थाना प्रभारी

**हुसैनाबाद।** सड़क सुरक्षा को लेकर हुसैनाबाद पुलिस द्वारा अंबेडकर चौक, पटेल चौक, जेपी चौक समेत कई जगहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग दो दर्जन से अधिक मोटरसाइकिलों को जब्त कर थाना में लाया गया। मौके पर थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश एवं प्रभारी एसडीपीओ अजय कुमार के आदेश के आलोक में गुरुवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। उन्होंने सभी वाहन चालकों से आग्रह करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है। इसलिए वाहन धीरे चलायें एवं बिना हेलमेट के वाहन न चलायें। उन्होंने कहा कि अमूमन दुर्घटनाओं में जान-माल की क्षति होने का प्रमुख कारण हेलमेट न पहनना ही है। हेलमेट पहनकर वाहन चलाकर हम खुद के साथ अपने साथ वाले की भी जान बचा सकते हैं।

### जांच में बंद पाया गया दुकान

# आपूर्ति पदाधिकारी ने जन वितरण प्रणाली की दुकान का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने एसडीओ के निर्देश पर गुरुवार को बनियाडीह बराही पंचायत के मुखिया सुदामा यादव की उपस्थिति में दादरा गांव के टोला पोखराही स्थित सुरेंद्र जन वितरण प्रणाली की दुकान का निरीक्षण किया । जांच के दौरान संबंधित दुकान को बंद पाया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने जांच के बाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण को प्रेषित रिपोर्ट में लिखा है कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा कार्डधारियों को समय पर राशन नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों द्वारा पर्ची निकालकर राशन एवं पर्ची कार्डधारी को नहीं देने, जून 2023 एवं नवंबर 2023 का अभी तक राशन का वितरण नहीं करने, कार्डधारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने, एक महीने में चावल के लिए अलग एवं गेहूं के लिए अलग अंगूठा लगाये जाने की शिकायत की है। मौके पर मौजूद मुखिया ने आपूर्ति पदाधिकारी से मांग की कि सुरेंद्र जन वितरण प्रणाली के दुकानदार को तत्काल निलंबित किया जाये। -

### मुखिया पति पर मारपीट कर जख्मी करने का लगाया आरोप

# 20 हजार देने के बाद भी नहीं मिला इंदिरा आवास

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सरकार भले ही गरीबों को मुफ्त में इंदिरा आवास योजना के तहत आवास मुहैया करा रही है। दूसरी ओर क्षेत्र में आवास के नाम पर रिश्वत का खेल जारी है। ऐसा ही मामला हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कुर्मीपुर पंचायत में सामने आया है। जहां गम्महर बीघा गांव निवासी सूरज कुमार सिंह ने एसडीजेएम कोर्ट डालटनगंज में मुखिया पति व मुखिया रीना देवी के खिलाफ परिवाद दायर की है। वादी ने आरोप लगाया है कि मुखिया पति अजय कुमार राजवंशी द्वारा इंदिरा आवास दिलाने के नाम पर बीस हजार रुपए रिश्वत लिया गया। परिवाद पत्र में उन्होंने कहा है कि उनका गांव में छोटा सा इलेक्ट्रानिक की दुकान है। एक दिन मुखिया पति ने कहा कि तुम्हें इंदिरा आवास योजना के तहत आवास चाहिये तो वे करा देंगे। इसके लिए उन्हें बीस हजार रुपए रिश्वत देना होगा। इसके बाद उन पर विश्वास करके उन्होंने बीस हजार रुपए दे दिया। रुपए लेने के बाद मुखिया पति ने चेताया कि रिश्वत का जिक्र किसी से नहीं करना है। जब रुपए देने के दो माह बीत जाने के बाद भी उन्हें इंदिरा आवास नहीं मिला तो उन्होंने मुखिया पति से सम्पर्क किया। तो उन्होंने कहा कि अभी आवास आवंटन नहीं हुआ है। इस पर उन्होंने बीस हजार रुपए वापस करने की बात कही। इतना कहते हुए वे भड़क गये एवं गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर उन्हें जख्मी कर दिया। उन्होंने धमकी दी कि वे हरिजन एक्ट में फंसाकर उन्हें परिवार सहित बर्बाद कर देंगे। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि परिवाद पत्र के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

# 16वीं यूथ वॉलीबाल चैंपियनशिप के लिए पलामू टीम का चयन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडल के गढ़वा जिले में 26 नवंबर तक आयोजित 16वीं यूथ बॉलीवाल चैंपियनशिप के लिए पलामू टीम का चयन कर लिया गया है। बालक-बालिकाओं की टीम चुनने के लिए हेरीटेज स्कूल में गुरुवार को ट्रायल हुआ। चयनित खिलाड़ियों को बॉलीवाल किट दिया गया। सारे खिलाड़ी इसी दिन गढ़वा के लिए रवाना हुए।चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग में आलोक कुमार सिंह, मो. जैद अली, निखिल कुमार, अदनान समर, अनिमेश कुमार पाठक, आयुष अग्रवाल, कुश कुमार सिंह, अक्षत राज, अभिनव चटर्जी, विशाल कुमार, जीएस करण, अभिनव कुमार पांडे शामिल हैं। टीम के कोच मो. जैद एवं टीम मैनेजर विशाल कुमार हैं। इसी तरह बालिका वर्ग में चयनित खिलाड़ियों में सुकन्या मेहता, सोनम कुमारी, छवि कुमारी, शिखा कुमारी, प्रियंका कुमारी, पल्लवी कुमारी, करुणा कुमारी, तेजस्वी कुमारी, सुचिता कुमारी, आकांक्षा तिवारी, खुशी सिंह एवं स्वाति कुमारी शामिल हैं। टीम के कोच अभिलाष चंचल एवं टीम मैनेजर एमडी जैद हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएशन के सचिव दुर्गा जौहरी, सनत चटर्जी, नेहा कुमारी उपस्थित थे।

## पंचायत वार होगा आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

**मोहम्मदगंज।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन व क्रियान्वयन के लिए प्रखंड के सभी पंचायतों में 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक शिविर आयोजित करने का निर्णय सरकार के स्तर से लिया गया है। इसे लेकर पंचायत वार तिथि तय कर दी गई है। प्रखंड के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता व हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी नामित किये गये हैं। यह जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने दी है। उन्होंने उक्त कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख, पंसस, 20 सूत्री समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को आमंत्रित करते हुए उनकी उपस्थिति को अनिवार्य बताया है। इसके साथ ही संबंधित पंचायतों के पंचायत सचिवों को बतौर प्रतिनियुक्त कर्मी के अलावा ग्राम रोजगार सेवक व मुखियाओं को इस आयोजन को सफल बनाने को लेकर निर्धारित समय 10 बजे पूर्वाह्न से शिरकत करने का आदेश जारी किया है।

## नेताद्वय के निधन से शोक

**विश्रामपुर।** ऊंटारी प्रखंड अंतर्गत रहन बीघा निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कैप्टन आरसी यादव व विश्रामपुर के वर मोहल्ला निवासी बजरंग दल के पूर्व सह संयोजक राजकुमार ठाकुर के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दोनों नेताओं के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। मौके पर ऊंटारी प्रखंड के मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि पंकज लाल यादव, विश्रामपुर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, सुनील चौधरी, इंद्रिश हवारी, इसरार हमारी, विजय कुमार रवि आदि उपस्थित थे।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची।
कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार।

E-Mail ID–scolatehar@gmail.com

–आम सूचना–

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में लातेहार जिले के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस/पैक्स को योजना लागत रूपये 6.25 लाख का 80% (अधिकतम रू० 5.00 लाख) अनुदान पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों को उपलब्ध कराने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस/पैक्स द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा व्यक्तिगत कृषकों के लिए योजना लागत रू० 2.00 लाख का 80% (अधिकतम रू० 1.60 लाख) अनुदान पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने हेतु कृषकों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कृषि उपकरणों का विवरण, लागत तथा देय अनुदान निम्नवत् है –

| S. No. | Detail of Agri. Machine | Total Package cost for group (Rs. in lakhs) | Maximum Subsidy for groups (80%) (Rs. in lakhs) | Target |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Mini Tractor (12.0 -22.50 P S max PTO) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc. | 6.25 | 5.00 | कृषक समूह पैकेज का भौतिक लक्ष्य<br>लातेहार टी(E,l(Ei० – 10 |
| 2 | Power Tiller (8.5 -15.5 Max horse power -ps) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery in case of Self Start, Universal mounting Frame. | | | |
| 3 | Self Propelled Rice Transplanter | | | |
| 4 | Self Propelled Reaper | | | |
| 5 | Rice Huller with Polisher | | | |
| 6 | Mini Rice Mill | | | |
| 7 | Mini Tractor Compatible – Rotavator (2.5-4.0 ft) | | | |
| 8 | Mini Tractor Compatible Cultivator (5-7 tynes) | | | कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य लक्ष्य एवं वित्तीय<br>लातेहार टी०एस०पी० – 05<br>राशि लाख में<br>वित्तीय राशि– 16.00<br>अनुदान राशि –1.60 |
| 9 | Mini Tractor Compatible Disc Horrow (8-10) | | | |
| 10 | Mini Tractor Compatible Seed cum Fertilizer Drill | | | |
| 11 | Mini Tractor Compatible Paddy Thresher | | | |
| 12 | Mini Tractor Compatible Wheat Thresher | | | |
| 13 | Mini Tractor Compatible Cage Wheel | | | |
| 14 | Mini Tractor Compatible Universal Mounting Frame | | | |
| 15 | Post Harvest Equipments – Four Mill, Mini Dal Mill, Oil Expeller | | | |
| 16 | Alternator 10-15 Kw | | | |
| 17 | Centrifugal Pumps with Sa ction Pipe 5 -8 Kw Compatible Power Source | | | |
| 18 | 63mm/75mm HDPE Pipe Maximum upto 500 Feet (BIS Certification) | | | |

लाभुक का चयन की पात्रता:–

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, जिला–लातेहार द्वारा गठित महिला स्वंय सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह जिनमें कम–से–कम 10 से 12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे। चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा।
4. इस योजनान्तर्गत कुल वित्तीय लक्ष्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत किया जायेगा।
5. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, लातेहार के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।
7. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS के माध्यम से नियमानुसार समूह/कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा। कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 5.00 लाख रूपये अनुदान एवं व्यक्तिगत कृषक को कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 1.60 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
8. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय लातेहार के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

PR 311806 Agriculture(23-24)D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार।



## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(समाज कल्याण शाखा) (जिला बाल संरक्षण इकाई)

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दो (02) बालकों को विभिन्न स्थानों से बरामद किये गये है। इनके जैविक माता पिता के खोज हेतु पूर्व में भी प्रयास किया गया है, परन्तु कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं हो सका है। उक्त दोनों बालकों को मिशनरीज ऑफ चैरिटी, मेदिनीनगर, पलामू में आवासीत है। उक्त दोनों बालकों का फोटो एवं विवरणी निम्नवत् है।

| क्र0सं0 | बालकों की विवरणी | |
|---|---|---|
| 1 | अज्ञात सुमन<br>दिनांक 04.11.2023 को एक नवजात बालक उम्र– 01 वर्ष 06 माह ग्रामीण के द्वारा ऊँटारी थाना अन्तर्गत कोयल नदी के पास बरामद अज्ञात बालक सुमन को राज कुमार शर्मा, स0अ0नि0, ऊँटारी रोड़ थाना, पलामू को सौंपा गया है। राज कुमार शर्मा, स0अ0नि0, ऊँटारी रोड़ थाना, पलामू के द्वारा बच्ची को बाल कल्याण समिति, पलामू में प्रस्तुत किया गया था। |  |
| 2 | अज्ञात परी<br>दिनांक 11.11.2023 को छत्तरपुर थाना अन्तर्गत सुषीगंज ग्राम में एक नवजात बच्ची (06 दिन) धान के खेत में मिली है।ग्रामीणों के द्वारा बच्ची को महिला थाना छत्तरपुर के समक्ष सौंपा गया है। महिला थाना के द्वारा 14.11.2023 को बच्ची को बाल कल्याण समिति, पलामू को सुपुर्द किया गया है। |  |

किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त दो (02) बालकों की जैविक माता–पिता/अभिभावक के पहचान होने पर निम्नलिखित पता एवं मोबाईल नम्बरों पर संपर्क की जा सकती है :–

कार्यालय पता– जिला बाल संरक्षण इकाई, कार्यालय, पता–पुराना आयुक्त कार्यालय, उपायुक्त आवास के सामने, निचला तल्ला, छः मुहान चौक, मेदिनीनगर, पलामू।

मो0नं0 1. 9031134116 2. 6299185852, 3. 9430324827,

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.311808 District(23-24):D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालयः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा

वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा

(E-mail ID: -scolohardaga@gmail.com)

### कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को अनुदानित दर पर पम्पसेट एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक वितरण की योजना हेतु

### आम सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(कृशि प्रभाग) झारखण्ड रांची का राज्यादेश संख्या 56, दिनांक 06.11.2023 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वितीय वर्ष 2023–24 में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस/पैक्स एवं अन्य को 90 प्रतिशत अनुदान पर पम्प सेट एवं 200ft HDPE Pipe वितरण हेतु 1.5-3.0HP हार्स पावर पम्प सेट एवं 200ft HDPE Pipe के लिए अधिकतम 20,000/–(बीस हजार रूपये) तथा 3.5-5.0HP हार्स पावर पम्प सेट एवं 200ft HDPE Pipe के लिए अधिकतम 30,000/–(तीस हजार रूपये) एवं 1.0HP हार्स पावर सोलर पम्प सेट (ट्रोली माउंटेड टाईप) के लिए अधिकतम 90,000/–(नब्बे हजार रूपये) अनुदान देय होगा।

छोटे कृषि उपकरण बैंक योजना लागत 6.25 लाख(छः लाख पचीस हजार) का 80 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 5.00 लाख(पांच लाख रूपये) एवं व्यक्तिगत कृषक पैकेज लगात (दो लाख) का 80 प्रतिशत अनुदान 1.60 लाख(एक लाख साठ हजार रूपये) देय होगा।

लाभुक का चयनः–

- ❖ पम्प सेट वितरणः– मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वितों कृषकों के साथ भूमि संरक्षण विभाग द्वार गत वर्षो में तालाब जीर्णोद्वार एवं परकोलेशन टैंक के लाभान्वितों पानी पंचायत के सदस्यों को उक्त योजना का लाभ दिया जायेगा।
- ❖ छोटे कृषि उपकरण बैंकः– झारखण्ड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाईट (JSPLS) द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों के सूची के आधार पर प्राथमिकता दिया जाएगा।

| क | जिला | प्रखण्ड का नाम | प्रखण्डवार लक्ष्य का निर्धारण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पम्प सेट (1.5-3.0HP) 200ft HDPE Pipe | पम्प सेट (3.5-5.0HP) 200ft HDPE Pipe | सोलर पम्प सेट (1.0HP) | कृषक समूह पैकेज का भौतिक लक्ष्य | कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | लोहरदगा | सेन्हा | 43 | 2 | 1 | 5 | 5 |
| 3 | | कुडू | 43 | 3 | 1 | | |
| 4 | | भंडरा | 43 | 3 | 1 | | |
| 5 | | पेशरार | 40 | 2 | 1 | | |
| 6 | | किस्को | 43 | 3 | 1 | | |
| 7 | | लोहरदगा | 45 | 4 | 1 | | |
| 8 | | कैरो | 43 | 3 | 0 | | |
| | | | 300 | 20 | 6 | 5 | 5 |

नोटः–

- ❖ छोटे कृषि उपकरण बैंक हेतु जिले का भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत माननीय स्थानीय विधायक से अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए जिला स्तरीय समिति द्वारा समीक्षा अनुमोदन प्राप्त कृशकों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/पैक्स को प्राथमिकता दी जायेगी।
- ❖ वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
- ❖ भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा इच्छुक कृषकों को निःशुल्क आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।
- ❖ विहित प्रपत्र भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा/झारखण्ड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाईट (JSPLS) लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है एवं दिनांक 05 दिसम्बर 2023 तक संबंधित भूमि संरक्षण कार्यालय में कार्यावधि तक जमा किया जा सकता है।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर सम्पर्क किया जा सकता है :–

कार्यालय पता :–
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा।
वीर वुधू भगत भवन, दूसरा तल्ला।
समाहरणालय परिसर, लोहरदगा।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
लोहरदगा।

PR 311798 Lohardaga(23-24)D

दर्शकों
के दिलों में बसने
वाले किरदार.....
पेज 10 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 12 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 24 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-38 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



## गागर में सागर

### धनबाद के कई इलाकों में भूकंप के झटके, घरों से बाहर निकले लोग

**धनबाद।** धनबाद में गुरुवार की दोपहर लगभग 3 बज कर 42 मिनट पर कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। आईआईटी-आईएसएम के सीस्मोलॉजिकल ऑब्जर्वेटरी में भूकंप की तीव्रता और केंद्र अंकित हुआ है। भूकंप शहर से 20 किलोमीटर दूर आसानबनी में आया था। आईआईटी आईएसएम के एसोसिएट प्रोफेसर मोहित अग्रवाल ने भूकंप की पुष्टि की है। कुछ लोगों ने भूकंप महसूस किया। काफी गहराई में जमीन डोली जिससे भूकंप का बहुत एहसास नहीं हुआ। इससे कोई क्षति भी नहीं हुई है। भूकंप का झटका महसूस करने के बाद लोग अपने घरों और बिल्डिंग से बाहर निकल आए। फिर से भूकंप आने की आशंका के कारण लोग काफी देर तक अपने घरों के बाहर लगे लेकिन तीव्रता कम रहने के कारण कई लोगों को भूकंप का एहसास नहीं हो पाया। बाद में लोगों को इसकी जानकारी मिली।

### आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मिलेगी अनुदान राशि की पहली किस्त

**रांची।** आत्मसमर्पण करने वाले छह नक्सलियों को अनुदान राशि की पहली किस्त मिलेगी। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है। जिन छह नक्सलियों को एक-एक लाख रुपये की अनुदान राशि मिलेगी, वो सभी लातेहार जिले के रहने वाले हैं। श्रेणी में जोनल कमांडर और उसके ऊपर के नक्सलियों को रखते हुए पुनर्वास अनुदान के रूप में छह लाख रुपये देने की नीति बनी है। जिसमें से दो लाख रुपये का भुगतान आत्मसमर्पण के तुरंत बाद किया जायेगा। वहीं बाकि बचे चार लाख दो किस्त में दिये जायेंगे. एक वर्ष बाद एक किस्त में दो लाख और दूसरी किस्त दो वर्ष बाद सरेंडर करने वाले नक्सली की गतिविधियों की छानबीन के बाद दी जायेगी. इसके अलावा श्रेणी बी में जोनल कमांडर से नीचे स्तर के नक्सलियों को रखते हुए पुनर्वास अनुदान तीन लाख रखा गया है। इसमें से एक लाख रुपये का भुगतान तत्काल सरेंडर के बाद किया जायेगा। बाकि दो लाख रुपये दो बराबर किस्तों में दिये जाएंगे। एक किस्त के एक लाख रुपये एक वर्ष बाद और दूसरी किस्त (एक लाख) दो वर्ष बाद सरेंडर नक्सली के गतिविधियों की छानबीन के बाद दी जायेगी।

### भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**रांची।** उत्पाद विभाग की टीम ने राजधानी में छापेमारी की है। छापेमारी में टाटा 407 वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुआ है। सहायक आयुक्त उत्पाद रांची को गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड में लॉ कॉलेज मोड़ के पास से चेकिंग के दौरान एक टाटा 407 पिकअप वाहन पकड़ा। वाहन की तलाशी लेने पर अवैध विदेशी शराब ओल्ड मोंक रम 750 एमएल 2880 पीस (240 पेटी) कुल 2160 लीटर जब्त किया गया। मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, हालांकि एक अन्य अभियुक्त फरार हो गया।

## चाईबासा में हुए आईईडी विस्फोट में घायल जवान की हालत स्थिर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चाईबासा में मुफसिल थाना क्षेत्र के हेसाबांध के समीप नक्सलियों के खिलाफ गुरुवार सुबह चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट में गंभीर रूप से घायल सीआरपीएफ 174वीं बटालियन के जवान हफीजुर रहमान की हालत स्थिर है। उसे एयरलिफ्ट कर रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बाबत आईजी अभियान आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि माओवादियों के खिलाफ अभियान में सीआरपीएफ 174वीं बटालियन की एक टुकड़ी सुबह निकली हुई थी। सर्च अभियान के दौरान आईईडी ब्लास्ट हुआ। यह एक प्रेशर आईईडी था। इसमें एक जवान घायल है। वह मूल रूप से असम का रहने वाला है। उसे रांची से हेलिकॉप्टर भेज कर एयरलिफ्ट किया गया है। रांची में इलाज चल रहा है।

### आध्यात्मिक मनीषियों के प्रवास का केंद्र बन रहा जिला

## बीस करोड़ से अधिक का पलामू में प्रतिवर्ष होता है यज्ञ

**जीयर स्वामी, राजन महाराज, देवकीनंदन के बाद धीरेंद्र शास्त्री का होगा आगमन**






**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण पलामू वर्ष 2023 में आध्यात्मिक मनीषियों के प्रवास का केंद्र बिंदु बना रहा। एक ही वर्ष जीयर स्वामी, राजन जी, देवकीनंदन ठाकुर जैसी ओजपूर्ण शख्सियतों का स्वागत व दर्शन कर पलामू वासी निहाल हो उठे। दूसरी तरफ धीरेन्द्र शास्त्री के आने की प्रबल संभावना बन रही है। एक के बाद एक विख्यात धर्म गुरूओं के सानिध्य का सौभाग्य विरले ही किसी क्षेत्र व क्षेत्रवासियों को मिलता है। कहतें हैं बहुत ही किस्मत वालों को ही संत के दर्शन होते हैं। दूसरे शब्दों में धन्य होती है वह धरती जहां भगवत नाम के संकीर्तण के साथ महायज्ञ के हवन कुंड की सुगंध का वातावरण में संचार होता है। पलामू ने दोनों ही पैमानों की ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

**जिले में सूखे पर आस्था भारी**

वैसे तो पलामू की गणना देश के पिछड़े जिलो में होती है। पलामू के साथ ही प्रमंडल में शामिल लातेहार व गढ़वा जिले भी नीति आयोग के आकांक्षी जिलों में शामिल हैं। इसके बावजूद यह यहां के लोगों की धार्मिक आस्था व आत्म बल ही है कि प्रतिवर्ष यहां 20 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2023 में तो यह आंकड़ा और भी बढ़ गया है। जबकि पिछले दो वर्षों से क्षेत्र भीषण सूखे की चपेट में है।

**सिंगरा में प्रस्तावित है जीयर स्वामी का कार्यक्रम**

अगले वर्ष भी मेदिनीनगर के समीप सिंगरा गांव में जीयर स्वामी का महायज्ञ प्रस्तावित है। बताया जाता है कि श्रद्धालुओं के असीम श्रद्धा व अनुरोध को देखते हुए स्वामी जी ने अपनी अनुमति दे दी है। अभी से ही कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई है। संभव है कि नागरिकों को आगामी दिनों में और भी नामचीन संतों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा।

### मुख्यमंत्री बरहेट में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में होंगे शामिल

# योजनाओं का लाभ देने फिर आ रही हेमन्त सरकार आपके द्वार



- 4,351 पंचायत और 50 वार्ड में शिविर का होगा आयोजन
- कार्य प्रगति देखने और योजनाओं का लाभ देने जिला जाएंगे मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोगों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारभ हुआ था। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 24 नवम्बर को साहेबगंज के बरहेट स्थित गोपलाडीह से पंचायत स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम शुरू करेंगे। यह कार्यक्रम पूरे राज्य के पंचायतों में 26 दिसंबर 2023 तक आयोजित होगा। इन शिविरों में योजनाओं से अबतक वंचित जरूरतमंदों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। राज्यभर के 4,351 पंचायत और 50 वार्ड में शिविर लगाए जायेंगे।

**तीसरी बार हो रहा आयोजन :** मालूम हो कि राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पहली बार आपके अधिकार- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया था। पंचायत स्तर शिविर लगाकर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांचोंपरांत उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराने की उस पहल को अपार सफलता मिली थी। इसके बाद सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर दो चरणों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान भी लाखों लोगों के आवेदन का शत प्रतिशत निष्पादन हुआ। इस कार्यक्रम की सफलता तथा उपयोगिता को देखते हुए राज्य सरकार ने चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आपके अधिकार, आपकी सरकार, ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

**नई और पूर्व से संचालित योजनाओं का लाभ मिलेगा**

पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में नई योजना यथा अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक - आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े मामले, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, राजस्व अभिलेखों में संशोधन/परिमार्जन, आधार एवं राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबधित शिकायत का निवारण समेत अन्य कार्य का निष्पादन किया जाएगा। कुछ मामलों में उपरोक्त योजना के तहत आवेदन भी लिए जाएंगे, जिसका समाधान एक सप्ताह के अंदर करने का प्रयास होगा।

**कल्याण मंच के जरिए मिलेगा लाभ**

प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित किया जाएगा जिसके माध्यम से शिविर में ही लाभुकों को निम्नलिखित योजनाओं से संबंधित लाभ/परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु चलाए गए अभियान के तहत अभियान में निर्मित जाति प्रमाण पत्रों को लेमिनेट करवा कर शिविरों में बांटा जाएगा। छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल क्रय हेतु प्रतीकात्मक चेक का वितरण होगा।

## सभी पुलिसकर्मियों के मतदाता पंजीकरण का लक्ष्य करें पूरा : सीईओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आईजी अभियान अमोल वीनूकांत होमकर, जैप कमांडेंट धनंजय कुमार, संबंधित पुलिस उपाधीक्षक गण तथा खूंटी, लोहरदगा व रामगढ़ के जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारियों के साथ अपने विभागीय सभा कक्ष में बैठक की। पुलिस कर्मियों के पोस्टल बैलट तथा रेंडमाइजेशन सॉफ्टवेयर से जुड़े कई पहलुओं पर विमर्श उपरांत कार्ययोजना बनाने हेतु उक्त बैठक रखी गई थी। जिसमें पुलिस महा निरीक्षक (अभियान) सह पुलिस नोडल पदाधिकारी झारखंड श्री होमकर एवं संबंधित टीम के पदाधिकारियों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव और फीडबैक दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए, ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि चुनाव ड्यूटी में तैनात हमारे पुलिसकर्मियों को भी अपने मताधिकार के प्रयोग करने का सहज अवसर मिले। इसलिए सभी पुलिस कर्मियों को पोस्टल बैलट के माध्यम से सुचारू तरीके से मतदान कराने की तैयारी चल रही है। उक्त मुहिम के पहले चरण में सभी पुलिसकर्मियों के मतदाता पंजीकरण का लक्ष्य केंद्रित करने का निर्देश दिया गया। अर्थात जिन पुलिसकर्मियों का किसी कारण से यदि मतदाता पंजीकरण नहीं हुआ है तो उनका पंजीकरण करवाने तथा जिनका मतदाता पहचान पत्र पदस्थापन स्थल से भिन्न क्षेत्र का है उनका स्थान परिवर्तन करवाने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण के समय उनके प्रशिक्षण स्थल पर ही फैसिलिटेशन सेंटर बनाकर पोस्टल बैलट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय श्री संजय कुमार तथा अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार आदि मौजूद थे।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव-सह-झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग के शादी समारोह में सम्मिलित होने हेतु नागपुर पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उनके परिजनों को बधाई दी। मौके पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड आलमगीर आलम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## लातेहार में नकली शराब फैक्ट्री का खुलासा

**रिहायशी इलाके में बनायी जा रही थी नकली शराब**




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

रिहायशी इलाके में नकली अंग्रेजी शराब बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने खुलासा किया है। फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त की गई है। शहर में नकली शराब फैक्ट्री मिलने से लोग भी अचंभे में हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि 22 नवंबर की रात तकरीबन एक बजे उन्हें सूचना मिली कि शहर के धर्मपुर मुहल्ले के लाल साहब गली में मनीष कुमार गुप्ता, पिता- करमचंद साव अवैध रूप से नकली विदेशी शराब बनाकर बेचता है। सूचना के सत्यापन के बाद एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने रात में ही मनीष के घर पर छापेमारी की। छापेमारी में बड़ी मात्रा में नकली शराब के अलावा शराब बनाने का सामान और स्पिरिट बरामद किया गया।

**बरामद सामग्रियां :** मौके से नकली रॉयल स्टैग नामक विदेशी शराब कंपनी के 375 एमएल की 110 बोतल, 180 एमएल की 130 बोतल, 40 लीटर विदेशी शराब रंग की स्पिरिट, 35 लीटर स्पिरिट, 600 पीस रॉयल स्टैग बोतल का ढक्कन, रॉयल स्टैग का रैपर, उत्पाद विभाग का स्टीकर, 1500 पीस खाली बोतल, पांच लीटर विदेशी शराब बनाने का रंग, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इस संबंध में लातेहार थाना में झारखंड उत्पाद संशोधन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र, पुअनि मनोज कुमार शर्मा, गौरव सिंह, राज रौशन सिन्हा, सअनि रविंद्र महली, नागेश्वर महतो, मनोज कुमार गोराई के अलावा सदर थाना के सशस्त्र बल एवं चौकीदार ओम प्रकाश पासवान शामिल थे।

**सभी पहलुओं की जांच कर रही है पुलिस**

एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि नकली शराब की कहां-कहां खपत की जा रही थी, इसका पता लगाया जा रहा है। ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है कि विदेशी शराब के काउंटर में भी इसकी खपत की जाती होगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## अतिक्रमण बढ़ता गया ज्यों-ज्यों रोकने का प्रयास किया गया



**सुनील बादल**



**झारखंड** के लोगों की ईमानदारी, सादगी और यहां का प्राकृतिक सौंदर्य जितना लोगों को आकर्षित करता है उतना ही सड़क और नालियों पर अवैध कब्जे से इसकी न सिर्फ छवि खराब होती है बल्कि इससे अनेक समस्याएं उठ खड़ी हो रही हैं। नदियां जो जलस्तर बढ़ाने में बड़ा योगदान देती थीं उनके जलस्रोत को रोक दिया जा रहा है। कई नदियां तो उद्गम स्थल से ही बाधित होती हुई विलुप्त हो गईं हैं। कई नदियों के किनारे इतना अतिक्रमण हुआ कि वे नाले के रूप में बदल गईं हैं। दूसरी तरफ शहरी क्षेत्र में नदियों,नालों के ऊपर या डैम के किनारे अतिक्रमण से बरसात के दिनों में जलजमाव से कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। राजधानी रांची में हर बरसात में कई लोगों के बह जाने की खबर आती है, कुछ दिन लोग शोक मनाते हैं और फिर कुछ दिनों के बाद सभी इसे भूल जाते हैं।

झारखंड हाईकोर्ट ने इसी साल रांची में डैम, तालाब और जल स्त्रोतों के प्रदूषण और अतिक्रमण पर नाराजगी जाहिर की थी। कोर्ट ने इस मुद्दे पर दाखिल कई जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की थी। रांची के बड़ा तालाब की जमीन का भी अतिक्रमण किया जाता रहा है। रांची के कांके डैम, हटिया डैम एवं रुक्का डैम की जमीन का अतिक्रमण किए जाने मामले में भी कोर्ट ने पूर्व में स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था। इनपर हुई सुनवाइयों के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार को कई दिशा-निर्देश दिए थे।

हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद नगरीय प्रशासन ने सभी निगम आयुक्तों को यह निर्देश दिया था कि शहर के अंदर सड़क और नदी-नालों पर ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## निलंबित आईएएस अफसर पूजा सिंघल से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में तीन की गवाही



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में ईडी की ओर से तीन गवाहों को कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को तीनों गवाहों की गवाही दर्ज हुई। ईडी ने मामले में गौतम राय, सुजीत कुमार और पंचवटी बिल्डर्स के प्रमोटर आलोक सरावगी की गवाही करायी। तीनों गवाहों को अदालत ने गवाही के लिए पिछले दिनों समन भेजा था। इसी समन पर तीनों अदालत गवाही देने पहुंचे। जांच में यह बात सामने आई थी कि सरावगी बिल्डर्स ने ही पल्स अस्पताल के लिए जमीन को खरीदा था। पहले यह जमीन रूंगटा परिवार के कब्जे में था। गवाहों ने पूजा सिंघल से हुई लेन-देने के बारे में अदालत को बताया। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष के वकील ने गवाहों का प्रति-परीक्षण किया। जिरह पूरी होने के बाद अदालत ने तीनों गवाहों को डिस्चार्ज किया। साथ ही मामले में अगली सुनवाई की तारीख पांच दिसम्बर निर्धारित की है। मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है।

## गागर में सागर

### बीडीओ व सीओ की स्थायी पोस्टिंग से विकास कार्य में तेजी आने की उम्मीद

**खरौंधी।** 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने गुरुवार को खरौंधी में बीडीओ तथा सीओ को



पदस्थापित करने पर राज्य सरकार, ग्रामीण विकास मंत्री तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष को बधाई दी है। राजेश कुमार ने कहा कि खरौंधी में प्रखंड बनने के बाद दूसरी बार सरकार ने बीडीओ तथा सीओ की स्थायी पोस्टिंग की है। साथ ही बताया कि दो माह पूर्व प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित बीडीओ गणेश महतो का स्थानांतरण हो गया था। प्रखंड कार्यालय तथा अंचल कार्यालय का प्रभार में संचालन होने की संभावना हो गई थी। इसे देखते हुए मैंने तथा प्रमुख आभा रानी ने बीडीओ तथा सीओ की पदस्थापना करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्री से मांग करते रहे, जिसमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबेदुल्लाह अंसारी ने भरपूर सहयोग किया। कुछ दिन पूर्व राज्य सरकार ने खरौंधी का सीओ सुनील कुमार को बनाया। सीओ सुनील कुमार को अंचल तथा प्रखंड दोनो का प्रभार मिल गया, लेकिन प्रखंड कार्यालय प्रभार में संचालन होने से विकास कार्य प्रभावित होने लगा था। आम आवाम को काफी परेशानी होने लगी थी। हमारे प्रयास का नतीजा है कि मंगलवार को राज्य सरकार ने रविंद्र कुमार को बीडीओ के रूप में भेज दिया। दोनों की स्थायी पोस्टिंग हो जाने से प्रखंड में विकास कार्य में तेजी आयेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबेदुल्लाह अंसारी को बधाई देते हैं। बता दें कि मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन में रविंद्र कुमार को खरौंधी प्रखंड का बीडीओ बनाया गया है।

### भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एक्सरे मशीन का शुभारंभ आज

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की डिजिटल एक्सरे मशीन शुभारंभ शुक्रवार को किया जाएगा। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा की ओर से गढ़वा सिविल सर्जन से किए गए अनुरोध पर असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा के आदेशनुसार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भवनाथपुर ने उक्त मशीन के शुभारंभ की तिथि निर्धारित की है। उक्त कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड उपप्रमुख, सभी मुखिया, सभी बीडीसी, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर द्वारा जारी पत्र की प्रतिलिपि प्रखंड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर एवं असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को प्रेषित की गई है।

### कार्यपालक पदाधिकारी ने योजनाओं के बारे में बच्चियों को किया जागरूक



**मझिआंव।** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आयोजित आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत मझिआंव के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अखौरितहले में आवेदन पत्र वितरण किया गया ताकि किशोरी, बच्चियों को लाभ मिल सके। वहीं नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि रिगार्डिंग बच्चों को जागरूक किया जा रहा है।

### युवा भारत ने कराई छठ घाट की सफाई



**चंदवा।** छठ महापर्व समाप्त होने के बाद छठ घाट में फैली गंदगी को युवा भारत चंदवा ने साफ किया। मंगलवार को ही सफाई अभियान शुरू कर दी गयी थी। दो दिनों में घाट में फैली कचरे को साफ कराया गया। युवा भारत के सदस्यों ने बताया कि कार्तिक पूर्णिया के बाद घाट के दोनों छोर में बैरिकेडिंग कर दिया जाएगा ताकि बड़े वाहन नदी में न उतरे, गंदगी ना फैला पाये। नदी की सुंदरता और स्वच्छता चंदवा के लिए बैरिकेडिंग जरूरी है। युवा भारत ने नदी को स्वच्छ और सुंदर रखने की अपील करते हुए प्रशासनिक स्तर से भी देवनद को इसे संवारने की मांग की है। अभियान में उपप्रमुख अश्वनी मिश्रा, रविराज, बिनय कुमार, कमलेश प्रसाद, अंकित कुमार, गौरव दुबे, दीपक भगत, मुकेश साहू, मोनू जायसवाल आदि शामिल थे।

# जंगली हाथियों ने कई किसानों की फसलों को कर डाला बर्बाद



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय के यादव टोला में जंगली हाथी बुधवार की रात्रि एक बार पुनः एक महीने बाद आ धमके और कई किसानों के खेतों में काटकर सूखने के लिए रखी गई फसल खाकर रौंद दिया।

किसानों ने बताया कि लगभग 2:00 बजे रात्रि में एक दर्जन की संख्या में जंगली हाथी पहुंचे। किसानों को जानकारी मिली तो मसाल टॉर्च जलाकर हाथियों को भगाया, लेकिन तब तक लगभग दो एकड़ का धान सफाचट कर गया। विनोद यादव, नारायण यादव, उमेश यादव, सुनेश यादव, धर्मेंद्र यादव की फसलों को जंगली हाथियों ने भारी नुकसान पहुंचाया। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान किए जाने की जानकारी मिली है। नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के अनुसार किसानों को मुआवजा मिलेगा। उधर एक माह बाद क्षेत्र में जंगली हाथियों के आ जाने से किसानों में काफी दहशत है। किसान हाथियों को भागने की मांग कर रहे हैं। बताते चलें कि पूर्व में भी सैकड़ों किसानों की फसलों जंगली हाथियों बर्बाद कर दिया था। अब जबकि फसल पककर तैयार है हाथियों के पहुंच जाने से किसानों में काफी दहशत है।

### केतार प्रखंड की मुकुंदपुर पंचायत में 5 करोड़ की योजना में अनियमितता

# नल जल योजना के नाम पर मची लूट!

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना प्रखंड में लूट का अड्डा बन गयी है। केंद्र सरकार का इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचना है, लेकिन यहां संवेदक मानकों को ताक पर रखकर कार्य करते हुए किसी तरह योजना को पूर्ण कर खानापूर्ति कर रहा है।



मुकुंदपुर गांव के ग्रामीणों की शिकायत पर मुखिया मुंगा साह ने गुरुवार को योजना जांच की। मुखिया ने कहा कि पांच करोड़ रुपये की लागत से नल जल योजना का कार्य चल रहा है। इसमें संवेदक द्वारा घटिया किस्म की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंचाने के लिए लगा मुख्य पाइप सप्ताह भर में ही फट गया है। इससे ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंचने के बजाय सड़क पर ही बह कर बर्बाद हो रहा है। मुखिया ने संवेदक द्वारा नल-जल योजना में गुणवत्तापूर्ण सामग्री लगाने के बजाय घटिया किस्म की सामग्री लगाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध करने पर भी संवेदक पर इसका कोई असर नहीं है। संवेदक द्वारा नल-जल योजना के लिए कराई गई बोरिंग भी स्टीमेट के अनुरूप नहीं है। 50-60 फीट बोरिंग करा कर जलमीनार लगा दिया गया है। इससे इस योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। गर्मी के दिनों में जल मीनार काम करना बंद कर देगा। मुखिया ने कहा कि संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उपायुक्त और पीएचडी विभाग में लिखित शिकायत करेंगे। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा कागज पर भले ही शत -प्रतिशत घरों में नल से जल पहुंचाने का दावा कर रहा हो लेकिन धरातल पर स्थिति बिल्कुल विपरीत है।

# संवेदक की लापरवाही से दुकानों व घरों में घुस रहा है नहर का पानी

### मेराल से डंडई पनघटवा डैम होते अम्बाखोरिया तक बनाई जा रही कालीकरण सड़क

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

मेराल से डंडई पनघटवा डैम होते अंबा खोरेया तक कालीकरण सड़क के निर्माण कार्य में संवेदक की लापरवाही का खामियाजा करीये जरही के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। करीये जरही स्टैंड पर मुख्य सड़क में पानी निकासी को लेकर व्हिम पाइप नहीं लगाने से नहर का पानी कई ग्रामीणों के घरों में सीधा प्रवेश कर रहा है। इसके कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दुकानों के संचालन दिक्कत हो रही है।




पानी की निकासी नहीं होने से दुकानदारों को महीने भर से दुकानें बंद रखना पड़ रही हैं। शुरुआती दौर में उनके द्वारा कमरे का पानी बाल्टी से बाहर फेंक-फेक कर कुछ दिन तक दुकानदारी की गई, लेकिन आखिर में थक हार कर दुकानों को खोलना ही बंद कर दिया। उक्त दुकानों में एक भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का सीएसपी भी शामिल है, जहां पर वृद्ध और विधवाओं की पेंशन की राशि के साथ-साथ नया खाता का भी खोलने का काम किया जा रहा था, जो इन दिनों पूरी तरह बंद है। आकी शिकायत दुकानदारों और ग्रामीणों ने ठेकेदार के प्रोजेक्ट मैनेजर के पास लिखित रूप में की, लेकिन अभी तक न तो उक्त स्थल पर संवेदक द्वारा व्हिम पाइप लगाया गया और न ही कमरों में भरे पानी की निकासी को लेकर कोई अन्य पहल की गई, जबकि उक्त स्थल पर आधा दर्जन से भी अधिक व्हिम पाइप पड़े हुए हैं। घर मालिक रमेश सिंह व सुरेश सिंह ने बताया कि पहले से उक्त स्थल पर गांव घर के लोगों द्वारा छोटा-छोटा व्हिम पाइप लगाया गया था, जिससे आसानी से नहर का पानी का निकासी हो जा रहा था, लेकिन जैसे ही इस सड़क का निर्माण कार्य होना शुरू हुआ वैसे ही संवेदक द्वारा उक्त स्थल पर लगा व्हिम पाइप निकालकर फेंक दिया गया। साथ ही स्थल को पूरी तरह भरकर बराबर कर उसे बराबर भी कर दिया गया, जिसके बाद से उक्त रास्ते पानी का निकासी होना पूरी तरह बंद हो गया। उन्होंने कहा कि नहर होकर नाली से जो भी पानी आ रहा है वह उसके घर के सटे सभी क्यारी में पूरी तरह भरकर तालाब का रूप ले ले रहा है। पानी का कहीं से निकासी नहीं होने के कारण वह सीधे घर में प्रवेश कर जा रहा है। उक्त पानी से किराएदारों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किराएदार शेर मोहम्मद अंसारी व अजय विश्वकर्मा ने बताया कि पिछले महीने भर से हम लोगों की दुकानों में नहर का पानी पूरी तरह भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि कमरा में भरे पानी को सप्ताह दिन तक बाल्टी से बाहर फेंक-फेंक कर किसी तरह हम दुकानदारी किये लेकिन थक हार जाने के बाद पानी को बाहर फेंकना छोड़ दिया। उसके बाद से पूरी तरह दुकानों को बंद कर घर में रहने लगे।

# पाचाडुमर सरकारी घाट पर बालू की अवैध डंपिंग

### ग्रामीणों के अनुसार, कर्मियों की मिलीभगत से चल रहा 'खेल'

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



प्रखंड के पाचाडुमर गांव में जेएसएमडीसी की ओर से संचालित एकमात्र सरकारी बालू घाट पर बगैर प्रशासनिक अनुमति अवैध रूप से बालू डंप करने का मामला प्रकाश में आया है। यहां गत मंगलवार की रात्रि में 6 से 8 ट्रैक्टर बालू सोन नदी से उठाकर जमा कर दिया गया। इस घटना की सूचना से स्थानीय लोग आश्चर्यचकित रह गये। बालू घाट के आस-पास के ग्रामीणों ने बताया कि एमडीओ बहाल नहीं होने के कारण पिछले कई महीनों से सोन नदी से बालू उठाव पूरी तरह से बंद है। इसके बावजूद अचानक किसके द्वारा यह बालू डंप कर दिया गया।

नाम नहीं छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि बालू घाट पर यह खेल घाट पर प्रतिनियुक्ति कर्मियों की मिलीभगत से होता है। उक्त कर्मियों द्वारा बालू माफियाओं से भंडारित बालू से अधिक चालान बुक कर बेच दिया जाता है, जिसे मेंटेन करने के लिये अवैध रूप से बालू सोन नदी से उठाव कर डंप कर बालू की मात्रा पूरा की जाती है। इधर, बालू घाट प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि रात्रि में हम लोग घाट से दूर रहते हैं। सुबह अवैध रूप से 6-8 ट्रैक्टर बालू डंपिंग घाट पर पाया गया है। उन्होंने बताया कि यह बालू जय हनुमान कंस्ट्रक्शन के कर्मियों के द्वारा डंप किया गया है, जो पूरी तरह से गलत एवं अवैध है। इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को दे दी गई है। साथ ही इस पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाने में आवेदन दिया जायेगा, परंतु मजे की बात यह है कि उक्त मामले के दो दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक किसी तरह की प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है, बल्कि गुरुवार को उक्त अवैध रूप से भंडारित बालू को पहले से डंप बालू में मिला दिया गया।

# 3 माह के राशन को लेकर लाभुकों का हंगामा

### वितरण कराने गये कर्मियों को दो घंटे तक घेर कर रखा

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के पाचाडुमर गांव की जनवितरण प्रणाली दुकान पर गुरुवार को सैकड़ों राशन कार्डधारियों ने जमकर हंगामा किया। राशन कार्डधारियों का आरोप है कि डीलर द्वारा सिर्फ नवंबर माह का राशन का वितरण किया जा रहा है, जबकि लाभुकों को सितंबर माह का गेहूं, अक्टूबर माह का चावल - गेहूं दोनों वितरण नहीं हुआ। तीनों माह का राशन नहीं मिलने पर लाभुकों ने नवंबर माह का भी राशन लेने से इन्कार कर दिया। राशन वितरण कराने गये ब्लॉक से प्रतिनियुक्त कर्मी जनसेवक राजीव कुमार और पंचायत सचिव आदित्य कुमार को लाभुकों ने दो घंटे तक घेर कर रखा। बकाया राशन वितरण कराने का आश्वासन देने के बाद मामला शांत हुआ और पंचायत सचिव और जनसेवक को छोड़ा गया।



लाभुक ललिता देवी, रविंद्र पासवान, लालमणि देवी, परीखा मिस्त्री, छोटू विश्वकर्मा शंभू साह, अरविंद सिंह फेकन चौधरी, सीताराम प्रसाद, विमल देवी सहित अन्य लाभुकों ने कहा कि तीन दिन के अंदर लाभुकों के बीच राशन वितरण नहीं किया गया तो विवश होकर हम सभी प्रखंड कार्यालय का घेराव करेंगे। इधर, डीलर सुदर्शन चौधरी ने कहा कि मुझे सिर्फ नवंबर माह का आवंटन प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व बगल के डीलर श्याम सुंदर बैठा के दुकान से टैंग था। वहीं डीलर श्याम सुंदर बैठा ने कहा कि अक्टूबर माह का आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है।

# 'चंद्रवंशी भाइयों को पुनः नए सिरे से जोड़ने की है आवश्यकता'

### चंद्रवंशी समाज ने मनाई सम्राट जरासंध की 5226वीं जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

चंद्रवंशी समाज द्वारा भवनाथपुर प्रखंड स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की 5226 वीं जयंती मनाई गई। कोयल चंद्रवंशी, सुग्रीव चंद्रवंशी, कपिल चंद्रवंशी सामूहिक रूप से जरासंध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर कोयल चंद्रवंशी ने कहा कि महाराज जरासंध अखंड भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट थे। वह महाभारत कालीन मगध राज्य के नरेश थे। बिहार के राजगृह में आज भी उनका अखाड़ा स्थित है।



सुग्रीव चंद्रवंशी ने कहा हम सबको मिलकर पुनः भवनाथपुर प्रखंड के हर चंद्रवंशी भाइयों के घर जाकर उन्हें पुनः नए सिरे से जोड़ने की आवश्यकता है। पुनः नए सिरे से प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन होना चाहिए। कपिल चंद्रवंशी ने कहा कि अपने समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों में शिक्षा का जोत जगाकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। मनोज चंद्रवंशी ने कहा कि 10 दिसंबर को जरासंध जयंती मनाने एवं चंद्रवंशी मिलन समारोह को और भव्य बनाने के लिए भवनाथपुर में भी जरासंध जयंती कमेटी का गठन हो और उनकी देखरेख में हम चंद्रवंशी परिवार गढ़वा टाउन हॉल पहुंचेंगे। शंकर प्रिय राम चंद्रवंशी ने कहा कि चंद्रवंशी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शनि चंद्रवंशी के नेतृत्व में 10 दिसंबर को गढ़वा के टाऊन हॉल के मैदान में चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की जयंती व चंद्रवंशी समाज का मिलन समारोह होने वाला है, जिसमें हर प्रखंड से चंद्रवंशी समाज के लोग पहुंचेंगे। भवनाथपुर प्रखंड में नई कमेटी का गठन हेतु अगली बैठक 30 नवंबर को भवनाथपुर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में रखी गई है। सभी चंद्रवंशी भाइयों से अनुरोध है इस बैठक में आप सभी जरूर उपस्थित हों। मौके पर ब्रजेश कुमार, मनोज चंद्रवंशी, शंकर राम, दीपक चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, विभूति चंद्रवंशी, डोमन राम, श्री राम, प्रमोद चंद्रवंशी, राम कुमार आदि मौजूद थे।

### मुकुंदपुर गांव में मनाई गई जरासंध जयंती

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में युवा चंद्रवंशी संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जरासंध जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अरविंद चंद्रवंशी सहित दर्जनों लोगों ने महाराजा जरासंध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई। लोगों को संबोधित करते हुए अरविंद चंद्रवंशी ने कहा कि हमें महाराज जरासंध के बताए मार्ग पर चलना चाहिये। उन्होंने कहा कि समाज में अभी भी नशा- पान, छुआ-छूत, अशिक्षा जैसी कुरीतियां है, जिन्हें दूर करके ही हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर अरविंद चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी, दिनेश वर्मा, सूरज कुमार, अजय चंद्रवंशी, नवलेश चंद्रवंशी, निवेश चंद्रवंशी, मिथिलेश चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी, कपिल चंद्रवंशी, अखिलेश चंद्रवंशी, हरिओम चंद्रवंशी, अखिलेश कुमार, दिनेश चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### सख्ती | अहिपुरवा गांव में छापेमारी, 10 लोगों को बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा

# बिजली चोरी करने वालों की अब खैर नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

बिजली चोरी करने वालों की अब खैर नहीं है। अवैध तरीके से बिजली चोरी करने वालों पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई की है। बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने गुरुवार को नगर ऊंटरी प्रखंड के अहिपुरवा गांव में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान के दौरान विभाग ने कुल 10 लोगों को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

बिजली चोरी में पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने नगर ऊंटरी थाना में अवैध रूप से बिजली चोरी करने का प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं चोरी की बिजली इस्तेमाल करने वालों पर 91 हजार 600 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस संबंध में विभाग के कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने बताया कि नगर ऊंटरी प्रखंड क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल करने वालों के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड के अहिपुरवा गांव में चलाए गए छापेमारी अभियान में कुल 10 लोगों के खिलाफ विभाग ने कार्रवाई की गई है। साथ ही इन सभी के विरुद्ध अवैध रूप से बिजली चोरी करने पर जुर्माना भी लगाया गया है। अवैध रूप से बिजली चोरी कर



इस्तेमाल करने वालों में अहिपुरवा गांव निवासी श्वेता तिवारी पति राजेश तिवारी पर 12200 क्षतिपूर्ति, सत्येंद्र राम पिता रामाश्रय राम पर 9600 क्षतिपूर्ति, जबकि विभाग का पिछला बकाया राशि 10339 रुपये है। बिरेंची राम पिता स्व परमेश्वर राम पर 7200 क्षतिपूर्ति। गिरजा राम पिता स्व परमेश्वर राम पर 7200 क्षतिपूर्ति। विजय पांडेय पिता स्व कपिल पांडेय पर 9600 क्षतिपूर्ति। अजय कुमार त्रिपाठी पिता भुनेश्वर तिवारी पर 12200 क्षतिपूर्ति, जबकि विभाग का पिछला बकाया राशि 8430 रुपये है। बलराम तिवारी पिता स्व नागेश्वर तिवारी पर 9600 क्षतिपूर्ति, जबकि विभाग का पिछला बकाया राशि 16064 रुपये है। अनिंद्र तिवारी पिता स्व लक्ष्मी नारायण तिवारी पर 7200 क्षतिपूर्ति। अनिल तिवारी पिता बृजकिशोर तिवारी पर 7200 क्षतिपूर्ति। सत्येंद्र नारायण शर्मा पिता स्व राजकुमार शर्मा पर 9600 क्षतिपूर्ति राशि लगाई गई है। गुणवंत कुमार ने बताया कि इन सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 एवं 138 के तहत कार्रवाई की गई है।

उन्होंने बताया कि विभाग के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत ऊर्जा चोरी रोकने के लिए एक छापेमारी दल का गठन किया गया है। उन्होंने सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि कोई भी उपभोक्ता अपने घर में बिना मीटर या बिना कनेक्शन के बिजली का उपयोग नहीं करें। बिजली चोरी करने वालों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। छापेमारी दल में एजेंसी द्वारा नियुक्त मानव दिवस कर्मी प्रेम मेहता संतोष कुमार पासवान एवं राम प्रकाश उरांव शामिल रहे।

## गागर में सागर

### देवकीनंदन का आगमन ही शहर के लिए सम्मान : अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि देवकीनंदन ठाकुर जैसी विभूति का आगमन ही शहर का सम्मान है। ऐसे विभूति के दर्शन मात्र से जनमानस का कल्याण हो जाता है। जिन मनीषियों को लोग अब तक टीवी चैनलों पर ही देख पाते थे। उनके साकार दर्शन के लिए स्वाभाविक है हुजूम तो उमड़ेगा ही। ऐसे में शहर में छोटी-मोटी टूट-फूट आम है। कोयल रिवर फ्रंट पर लगे धौलपुर पत्थर से निर्मित जाली का कलश यात्रा के दौरान टूटने पर उन्होंने कहा कि यह बड़ी बात नहीं है। खुद के स्तर पर उसका एक पखवारे के अंतराल में अनुरक्षण करवा दिया जाएगा।

### प्रखंडों में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर 26 को

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 26 नवंबर को जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी है। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे लें। इस बारे में भी बताया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर में एक पैनल अधिवक्ता पीएलभी के अलावे प्रखंड प्रशासन के लोग हिस्सा लेंगे। सभी प्रखंडों को इसके लिए सूचित कर दिया गया है।

### लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों का करें निस्तारणः नीरज



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसंबर को होगा। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को कार्यालय में बीमा कंपनी की तरफ से कार्य करने वाले अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण करने का लक्ष्य है। अधिक से अधिक मामलों का निपटारा कराने में अधिवक्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अधिवक्ता गण अपने मुवक्किल को मामले के निस्तारण के प्रति जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक मामले का निपटारा हो सके। उन्होंने कहा कि दुर्घटना वाले केस, जिसमें पुलिस द्वारा आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया है। उनकी सूची बनाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के पास दें। जिससे वैसे मामलों में पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर आरोप पत्र मंगाया जा सके तथा कंप्लेनेंट को लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि एनआई एक्ट, उत्पाद विभाग, वन विभाग, बैंक के अलावा पीटी ऑफेन्स के जितने भी मामले हैं। सभी का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से कराएं। जिससे समय, श्रम व पैसे की बचत होगी। इस मौके पर जिला व सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, निबंधक अमित गुप्ता, अधिवक्ता सीके मिश्रा, सलभ कुमार, पंकज कुमार मिश्रा, राजीव रंजन, नौशाद अकबर, लियाकत अली, उमेश यादव उपस्थित थे।

एक्टिविस्ट ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

# स्वेटर वितरण न होने से ठिठुरते हुए स्कूल जा रहे बच्चे



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव ने झारखंड के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को स्वेटर उपलब्ध कराने के लिए मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। प्रेषित पत्र में उन्होंने उल्लेखित किया है कि झारखण्ड राज्य के सरकारी स्कूल वैसे ही शिक्षकों की कमी सहित आवश्यक संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। प्रदेश में स्कूलों के हजारों बच्चों के पास अभी भी पुस्तकें नहीं हैं। श्री यादव ने कहा कि ठंड धीरे-धीरे रौ में आने लगी है। किंतु स्वेटर नहीं होने से नौनिहाल ठंड में ठिठुरते हुए स्कूल आने को विवश हैं। कई स्कूलों में स्वेटर का पैसा आ गया है। परन्तु अधिकतर स्कूलों में अभी भी ना तो स्वेटर उपलब्ध कराया गया है ना ही स्वेटर का पैसा बच्चों के खाते में भेजा गया है। अभिभावक भी स्कूल में मिलने वाले स्वेटर के इंतजार में बच्चों के स्वेटर नहीं खरीद पाते हैं। उन्होंने मुख्य सचिव का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराये जाने की मांग की है।

### पलामू में पारा लुढ़का, बढ़ गई गलन

**मेदिनीनगर।** पलामू में गुरुवार को पारा लुढ़क जाने से गलन में व्यापक इजाफा हुआ है। इससे पूर्व की तरह समुचित गर्म कपड़ों के घर से बाहर निकलने वाले नागरिक दिन ढलते ही ठिठुरते नजर आये। जिले में ठंड अपने पूरे रौ में आने लगी है। अभी तक गुलाबी ठंड का एहसास करा रहे मौसम ने गुरुवार को अचानक पलटा खाया तथा तापमान में व्यापक गिरावट दर्ज की गई। इससे पूर्व की तरह समुचित तैयारी के घर से बाहर निकलने वालों की परेशानी दिन ढलते ही बढ़ने लगी। अभी तक गर्म टोपी व मफलर का प्रयोग नहीं करने वाले भी शाम को पूरी तरह सिर को ढंके नजर आये। बढ़ते ठंड को देखते हुए लोगों ने नगर निगम प्रशासन से शहर के प्रमुख चौराहों, रेलवे स्टेशन व बस स्टैंडों पर अलाव जलवाये जाने की मांग की है।

देवउठनी एकादशी पर श्रद्धालुओं ने किया पूजन

# धूमधाम से मना शालीग्राम-तुलसी का विवाहोत्सव



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को श्रद्धालुओं ने धूमधाम से शालीग्राम-तुलसी का विवाहोत्सव मनाया। शहर के साथ ग्रामीण अंचलों में भी देवउठनी एकादशी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। माना जाता है कि देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु 4 महीने की गहन निंद्रा से जागते हैं। इस दिन के बाद से सभी तरह के मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाती है। इसके साथ ही हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को ही तुलसी व शालीग्राम जी का विवाह किया जाता है। मान्यता है कि तुलसी विवाह विधि-विधान पूर्वक संपन्न करवाने से कन्यादान के समान फल की प्राप्ति होती है तथा मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं। साथ ही तुलसी माता व शालीग्राम की कृपा से विवाह में आने वाली बाधाएं भी दूर होती हैं। शादीशुदा जीवन में भी खुशियां बनी रहती है। साथ ही तुलसी व भगवान शालीग्राम का विधिवत पूजन करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार माता तुलसी ने भगवान विष्णु को नाराज होकर श्राप दे दिया था कि तुम काला पत्थर बन जाओगे। जिसके बाद इस श्राप से मुक्ति पाने के लिए भगवान विष्णु ने शालीग्राम पत्थर के रूप में अवतार लिया व तुलसी से विवाह किया। तभी से इस दिन शालीग्राम-तुलसी विवाहोत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। माता तुलसी को लक्ष्मी का भी अवतार माना जाता है।

राधे -राधे के जयकारे से गूंजता रहा पंडाल

# अभीष्ट कामनायें पूरी करती है भागवत कथा : देवकीनंदन

**मनुष्य में वह शक्ति है कि यदि वह भागवत महापुराण की कथा सुन ले तो परमात्मा उसके पास पहुंच सकते हैं : देवकीनंदन ठाकुर**





नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** श्रीमद्भागवत पुराण की कथा सुनने से अभीष्ट कामना की पूर्ति होती है। मनुष्य को सद्गति मिलती है। मनुष्य जीवन-मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। उक्त बातें ख्यातिप्राप्त कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे गुरुवार को स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी में परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित कथा कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पूर्व उषा पांडेय व गुरु पांडेय ने श्रीमद्भागवत पुराण की आरती की। देवकीनंदन ने भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि राधा रानी ने भगवान श्री कृष्ण से पूछा कि आप उदास क्यों रहते हैं। श्री कृष्ण ने कहा कि कलयुग में मनुष्य की गति व कर्म देखकर उदास हैं। राधा रानी के पुनः पूछने पर श्री कृष्ण ने कहा कि मनुष्य में वह शक्ति है कि यदि वह भागवत महापुराण की कथा सुन ले तो वे उसके पास पहुंच सकते हैं। देवकीनंदन ने कहा कि कलयुग में लोग माया-मोह के चक्कर में पड़ जाते हैं। यही दुख का असली कारण है। उन्होंने कहा कि मानव वही है जो ईश्वर, माता-पिता व गुरुजनों के प्रति अपना समर्पण रखे। देवकीनंदन ने एक प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि बच्चे माता-पिता की बात नहीं मानते। गलत फ्रेंड के चक्कर में बर्बाद हो जाते हैं। ऐसे फ्रेंड उन्हें मझधार में छोड़ देते हैं। कहा कि बच्चे माता-पिता के विरुद्ध कभी नहीं जाएं। बच्चों के सबसे बड़े हितैषी मां-बाप होते हैं। श्रीमद्भागवत महापुराण के एक प्रसंग की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सुख व दुख कर्मों के आधार पर तय होते हैं। अच्छे कर्म करेंगे तो कोई दुखी नहीं कर सकता। बुरे कर्म करके सुखी दिखने वाले लोग वास्तव में सुखी नहीं होते हैं। अंदर से वैसे व्यक्ति बड़े ही दुखी होते हैं। कहा कि मन से बड़ा शत्रु व दोस्त कोई नहीं होता। दुनिया नुकसान पहुंचाए तो भरपाई संभव है लेकिन मन रूपी शत्रु नुकसान करे तो भरपाई असंभव है। मन को हमेशा सत्कर्मों की ओर ले जाना चाहिए। उन्होंने भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को भागवत कथा सुनाए जाने के प्रसंग की विस्तार से चर्चा की और भक्तों से भागवत कथा ध्यान से सुनने का आह्वान किया।

### मानस की चौपाइयों से गूंजायमान हो रहा साहित्य समाज चौक

**मेदिनीनगर।** शहर के साहित्य समाज चौक से सटे ब्राह्मण विद्यालय के सामने स्थित तुलसी मानस मंदिर में चल रहे श्रीराम चरित मानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ के 71वें अधिवेशन में प्रतिदिन किये जा रहे मानस के सामूहिक पारायण पाठ से पूरा इलाका राममय हो गया है। अधिवेशन के चौथे दिन मानस के पारायण पाठ का क्रम जारी रहा। सामूहिक पाठ से मानस की चौपाइयां वातावरण में गूंजती रहीं। चतुर्थ दिवस के प्रवचन में अयोध्या से आये मानस कथा वाचक पंडित मधुसूदन शास्त्री एवं झाँसी से आईं विदूषि रूचि रामायणी ने मानस में वर्णित भगवान श्रीराम के सादगी पूर्ण जीवन व सरल व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए उनकी सादगी को आत्मसात करने पर बल दिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मानस के बताये मार्गों पर चलकर ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है। कथा वाचक डा. जंगबहादुर पाण्डेय एवं सत्यकेतु संजय ने भी मानस के विभिन्न प्रसंगों की चर्चा करते हुए समाज को सूखी व समृद्ध बनाने का मार्ग दर्शन किया।



प्रखंड स्तरीय बैठक में विहिप ने बनाई रणनीति

# श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रत्येक गांव की होगी भागीदारी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** श्री रामजन्म भूमि मंदिर में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश के प्रत्येक गांव से सनातन समाज की भागीदारी रहेगी। प्रखंड स्तरीय बैठक में विहिप द्वारा इसकी व्यापक रणनीति बनाई जा रही है। संपूर्ण सनातन समाज को आमंत्रित करने के लिए प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में बैठक आयोजित कर योजना बनाई जा रही है। इस हेतु विहिप नीलांबर-पीतांबर पुर प्रखंड समिति की बैठक बुधवार देर शाम आयोजित की गई। इसी क्रम में गुरुवार को तरहसी प्रखंड मुख्यालय में भी बैठक की गई। पांकी प्रखंड में भी शाम को बैठक की जा रही है। नावा बाजार प्रखंड में पहले ही बैठक आयोजित की जा चुकी है। इस दौरान अयोध्या से आई पूजित अक्षत, निमंत्रण पत्र व श्रीराम मंदिर के प्रारूप आदि को घर-घर पहुंचाने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में तय किया गया कि प्रत्येक प्रखंड के ग्यारह, हर पंचायत से पांच व प्रत्येक गांव से तीन-तीन कार्यकर्ताओं की सूची नाम व फोन नंबर के साथ जिला मंत्री को शीघ्र भेज दिया जाएगा। बैठक में बजरंग दल के प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, पलामू जिला के पूर्व जिला पालक विजय पाण्डेय, पलामू विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, विभाग सह मंत्री महेंद्रनाथ, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कुमार कश्यप, विहिप के नीलांबर-पीतांबर प्रखंड अध्यक्ष राजीव सिंह, उपाध्यक्ष सौरभ सिंह, मंत्री रौशन मेहता, तरहसी विहिप प्रखंड से प्रवीण पाण्डेय, बजरंग दल प्रखंड संयोजक आलोक पाण्डेय, मंत्री अमित पाण्डेय, पांकी से निरंजन सिंह, हरिनंदन कुमार, सोनू सोनी, नवनीत कुमार उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र की रक्षक है कांग्रेसः श्याम नारायण

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग प्रखंड महुआडांड़ ईकाई द्वारा जनसंपर्क अभियान के क्रम में सुभाष राम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन श्याम नारायण सिंह ने कहा की आज देश में संविधान व लोकतंत्र बचाने की जरूरत आन पड़ी है। सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही इस देश के संविधान एवं लोकतंत्र को बचा सकती है। इसलिए लोगों को कांग्रेस पार्टी के साथ गोलबंद होने की जरूरत है। बेरोजगारी व महंगाई की मार से देश को कांग्रेस पार्टी ही उबार सकती है। बैठक में सभी ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों के साथ काम करने को संकल्प लिया। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण सिंह, धनंजय सिंह, बोनीफास कुजूर, अर्नेस्ट मिंज, ज्योतिष एक्का, अब्दुल रहीम, समीरा कुजूर, रश्मिता कुजूर, सुमन मिंज, अजय कुमार, शशि आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

आस्था व आध्यात्म का संगम बनी हाउसिंग कॉलोनी

# यज्ञ से धर्म तो भागवत कथा से आध्यात्म की जड़ें हो रही गहरी






नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के रेडमा बाईपास रोड स्थित हाउसिंग कॉलोनी इन दिनों आस्था और आध्यात्म का संगम बन गया है। एक तरफ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ कि आहुति के साथ वैदिक मन्त्रोंच्चारण से धर्म के प्रति आस्था गहरी हो रही है, तो दूसरी ओर भागवत कथा आध्यात्म से जोड़कर जीवन को सफल बनाने का मार्ग दिखा रहा है। आस्था का आलम यह है कि सुबह होते पलामू ही नहीं अपितु अन्य दूसरे जिलों के सुदूर इलाकों से लोग यज्ञ भगवान के दर्शन व यज्ञशाला की परिक्रमा को पहुंच रहे हैं। महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को परिक्रमा के लिए नर -नारियों में होड़ मची रही। इस दौरान श्रीहरिनाम के सस्वर जप व जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण भक्ति के सागर में डूबा रहा। इधर भागवत कथा के पंडाल 'प्रेम मंदिर ' में प्रख्यात कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर के सानिध्य में बैठकर जीवन दर्शन के संदेशों से भरी भागवत कथा सुनने की आतुरता लोगों में साफ दिख रही थी। कथा वाचक श्री ठाकुर जी महाराज के मंच पर विराजने के पहले ही यहां पहुंचे लोग अपना स्थान नियत कर इंतजार करते दिखे। श्री महाराज जी के पहुंचते तक पूरा पंडाल महिला -पुरुष श्रोताओं से खचाखच भर गया। जिसके बाद घंटों लोग महाराज श्री के श्रीमुख से दिव्य कथा का रसपान करते रहे।

**लोगों को लुभा रही श्रीकृष्ण -किशोरी जी की झांकी**

यज्ञ स्थल पर बने भव्य व आकर्षक भागवत कथा पंडाल के बाहर प्रवेश द्वार पर श्रीकृष्ण -राधा के साथ गोपियों की मनोरम झांकी सजाई गई है। जिसपर नजर पड़ते बरबस लोग इसे निहारने को खींचे चले आ रहे हैं।

**नागा साधु बने हैं आकर्षण का केंद्र**

यज्ञ परिसर में यज्ञशाला से सटे साधु -संत व नागा साधुओं के निवास की कुटिया बनाई गई है। यज्ञशाला की परिक्रमा के साथ कथा सुनने यहां पहुंच रहे लोग नागा साधुओं का दर्शन बड़े श्रद्धा के साथ कर रहे हैं। इसके अलावे लोग नागा साधुओं को अपनी व्यथा सुनाकर समाधान पाने की अपनी अभिलाषा पूरी कर रहे हैं।

## मंत्रणा

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंत्रणा

# पीएम के मन की बात कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने की बैठक

**26 नवंबर को जिले के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर मन की बात कार्यक्रम को भव्य रूप से करने का निर्णय लिया गया**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को आयोजित बैठक में आगामी 26 नवंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक एवं संचालन जिला मंत्री मनोज दुबे ने किया। इस दौरान आगामी 26 नवंबर को जिले के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर मन की बात कार्यक्रम को भव्य रूप से करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता मंडल के सभी शक्ति केदों पर प्रत्येक बूथ के नागरिकों के साथ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम के जिला प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम की रिपोर्टिंग सरल ऐप एवं नमो ऐप पर होगी। कार्यक्रम के बाद इसकी रिपोर्टिंग करना अनिवार्य है। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता साधु मांझी, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी सूरज विश्वकर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे, चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे, पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी, पोलपोल मंडल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी, सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, बिश्रामपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह सहित विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# भूमि का एनएच में प्रयोग पर भाकपा ने किया प्रदर्शन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चियांकी के खतियानी रैय्यतों, आदिवासियों, दलितों के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, चंद्रशेखर तिवारी, मृत्युंजय तिवारी आदि ने अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि चियांकी सत्याड़ी टोला की खतियानी भूमि का प्रयोग एनएच-75 के बाइपास में किया जा रहा है। जिसका सिविल कोर्ट पलामू व कमिश्नर के यहां केस भी विचाराधीन है। दूसरी तरफ कुछ रसूखदार लोग आदिवासियों की भूमि पर कब्जा कर मुआवजा भी हासिल करना चाह रहे हैं। इसे भाकपा कतई सफल नहीं होने देगी। यदि इस मामले में तत्कालय न्यायोचित कदम नहीं उठाया गया तो भाकपा द्वारा व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। मौके पर विशाल पासवान, दिलदार सिंह, राजा सिंह, करीमन पासवान, भुवनेश्वर सिंह, अणेश्वर सिंह, शंकर सिंह, बशु सिंह थे।

## गागर में सागर

### वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह प्रतियोगिता के लिए ट्रेड टेस्ट का हुआ आयोजन



**लोहरदगा।** डीजीएमएस चाईबासा क्षेत्र के तत्वावधान में 61वीं वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह प्रतियोगिता 2023 के अंतर्गत गुरुवार को हिंडालको खान प्रभाग कार्यालय परिसर में ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रतिभागियों के साथ हिंडाल्को के सेफ्टी हेड अनुपम बागची, खान सुरक्षा सप्ताह के सचिव अजय कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष राजेश रंजन अंबस्ठा, वासुदेव गंगोपाध्याय, अमिताभ चक्रवर्ती, प्रदीप भालेकर, अभिषेक कुमार एवं डा. ओपी दुबे आदि अधिकारी गण की उपस्थिति में किया गया। मौके पर सेफ्टी हेड अनुपम बागची ने सुरक्षा के मानकों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की बात कही। अन्य अधिकारीगण ने सुरक्षित कार्य करने के लिए अलग-अलग ढंग से प्रेरित किया। ज्ञातव्य हो कि इस ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ग्रुप अ2अ, ग्रुप अ2इ एवं अ5 श्रेणी के माइंस से विभिन्न प्रकल्पों जिनमें में माइनिंग मेट, ब्लास्टर, एक्सकैवेटर ऑपरेटर, पेलोडर ऑपरेटर, डंपर आपरेटर, ड्रिल ऑपरेटर, मैकेनिक, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन एवं फर्स्ट एडर के प्रतिभागियों को भाग लेने के लिए बुलाया गया था। ट्रेड टेस्ट में तीनों ग्रुप के सभी माइंस से लगभग 75 प्रतिभागियों ने पूर्ण उत्साह पूर्वक शामिल हुआ एवं अपने तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिता के तीनों ग्रुप में सभी श्रेणियां में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार रखा गया है। जो खान सुरक्षा सप्ताह के दौरान प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन के अंतर्गत जूरी मेंबर के रूप में आरके परीदा, डॉ. पी.दुबे, जितेंद्र कुमार, अजय ठाकुर, राजीव वर्मा, रूपक दुबे डॉ. आलोक मिश्रा, विकी भूमिज, चिन्मय बेहरा आदि ने प्रतिभागियों का ट्रेड टेस्ट लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खान सुरक्षा सप्ताह कमेटी के सदस्य जितेंद्र कुमार, अभय भारती, गिरिराज चित्तौड़ा, शयंतन दास आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### पशुपालकों के बीच कल्याण विभाग की ओर से किया गया बकरी का वितरण



**किस्को।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयासों से झारखंड प्रदेश के पशुपालक किसान आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। यहां पर राज्य के किसानों को बकरी पालन हेतु बकरी वितरण कर किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने का सराहनीय कार्य कर दिखाया जा रहा है।? इसी के तहत लोहरदगा जिला कल्याण विभाग द्वारा किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर एवं अरेया पंचायत क्षेत्र के पशुपालक किसानों के बीच बकरी वितरण कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में बेहतर प्रयास कर दिखाया गया है। इस दौरान पाखर पंचायत अंतर्गत तिसिया बाजार टांड़ में पंचायत समिति सदस्य बीरेंद्र उरांव एवं किस्को प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य राजेन्द्र यादव के संयुक्त नेतृत्व में किसानों के बीच बकरी वितरण किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य बीरेंद्र उरांव ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड प्रदेश के पशुपालक किसानों को आर्थिक स्वावलंबन बनाने की दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के किसानों को बकरी पालन के क्षेत्र में बढ़ावा देना सरकार और कल्याण विभाग की ओर से अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के पशुपालक किसान बकरी पालन कर आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर होंगे।? वहीं बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य राजेन्द्र यादव ने कहा कि किसानों के हित में राज्य सरकार और कल्याण विभाग के द्वारा बकरी वितरण पशुपालकों को आर्थिक रूप से मजबूत करना काफी सराहनीय और स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य के गठबंधन सरकार पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कृतसंकल्पित है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य बीरेंद्र उरांव बीस सूत्री सदस्य राजेन्द्र यादव, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी अमित कुमार राणा, पंचायत सचिव गोविन्द कुमार सिंह, रोजगार सेवक अनुप कुमार सहित दर्जनों पशुपालक आदि मौजूद रहे।

# मौसम का मिजाज बदला तापमान गिरा, ठंड बढ़ी



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
दो दिन से मौसम में आए परिवर्तन के कारण तापमान में 10 डिग्री तक की कमी दर्ज की गई है। लोग गिरे तापमान के कारण ठंड महसूस कर रहे हैं। सुबह 7:00 बजे तक कोहरा छाया रहता है। कोहरा के कारण रवि फसलों को नुकसान हो रहा है। किसान रवि फसल को बचाने के लिए चिंतित हैं। आलू फसल को कोहरा से खास नुकसान होता है। किसानों का कहना है कि कोहरा से आलू फसल का पौधा बर्बाद हो जाता है। कोहरा से बचाने के लिए आलू की फसल में दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है। तापमान में आई कमी के कारण लोगों को ठंड का असर भी झेलना पड़ रहा है। बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री तेज हो गई है। कपड़ा की दुकानों में लोग उनी कपड़े, कंबल, रजाई की खरीदारी कर रहे हैं।

### कुडू के चिरी स्थित मैदान का जिला व प्रखंड के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# सीएम के दौरे को लेकर तैयारी में जुटा प्रशासन

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन को लेकर प्रशासन तैयारी में जुट गया है। इसी को लेकर गुरुवार को जिला और प्रखंड के अधिकारियों की टीम ने कुडू के चिरी स्थित मैदान संभावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आयोजन स्थल में पंडाल निर्माण, कार्यक्रम में बैठने, विद्युत, सुरक्षा व्यवस्था सहित कई चीजों की जानकारी ली और मौजूद अधिकारियों को कई निर्देश दिया। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री आगामी 28 नवंबर को लोहरदगा जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे और यहां परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारी तो शुरू कर दी है। हालांकि आगमन को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



### आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**लोहरदगा।** जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद की अध्यक्षता में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा जिला आगमन के दिन परिसंपत्तियों का वितरण व आवश्यक तैयारी को लेकर आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अधिक से अधिक की संख्या में आवेदन सृजित करने व उनका निष्पादन का निर्देश दिया गया। सभी डेटा की पोर्टल पर प्रविष्टि जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी से समन्वय बना कर कराये जाने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को शिविर में गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का आवेदन अधिक से अधिक स्टूडेंट्स से भराये जाने का निर्देश दिया गया। सभी शिविर के आयोजन की तिथि व स्थान का प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया। 28 नवंबर को कुडू प्रखंड के चिरी पंचायत में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित आगमन पर मुख्यमंत्री के कर कमलों से परिसंपत्तियों के वितरण, योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन पर विभागवार चर्चा की गई। सभी विभागों को अपने-अपने विभाग की ओर से परिसंपत्तियों के वितरण, योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन का प्रतिवेदन/ब्यौरा समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, गड्ढों को भरे जाने, पहुंच पथ की मरम्मती का निर्देश संबंधित विभागों को दिया गया।

# जैव विविधता परिषद की पंचायत कमेटियों के प्रशिक्षण का समापन

### पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं के संवर्धन, संरक्षण व विलुप्त हो रही प्रजातियों को फिर से स्थापित करने में सहायता मिलेगी

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
झारखंड में वन संरक्षण, जंगली तथा पालतू जानवर व पेड़ पौधों सहित सूक्ष्म जंतु के जीवन की सुरक्षा तथा विकास के वास्ते योजना तैयार कर उसके क्रियान्वयन का अधिकार पंचायत स्तर पर बनी जैव विविधता समिति को हासिल है। इन समितियों के कार्य और उत्तरदायित्व तथा समुचित क्रियान्वयन को लेकर सिसई प्रखंड के सभी 18 पंचायत कमेटी सदस्यों का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण संपन्न हो गया। जीव-जंतु, पेड़-पौधों के संरक्षण के वास्ते मिले कानूनी अधिकार की बेहतर समझ तथा प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के वास्ते हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। झारखंड जैव विविधता परिषद के सहयोग से यह प्रशिक्षण संचालित किया गया।

पंचायत सचिवालय भदौली में प्रशिक्षण दिया गया जिसमे भदौली पंचायत, शिवनाथपुर पंचायत, भुरसो पंचायत, घाघरा पंचायत, लरंगो पंचायत के चयनित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कुदरा पंचायत सचिवालय में कुदरा पंचायत, पुसो पंचायत, बोंडो पंचायत, छारदा पंचायत के प्रतिनिधियों प्रशिक्षण लिया। रेडवा पंचायत सचिवालय प्रशिक्षण में रेड़वा पंचायत, मुरगु पंचायत, ओलमुंडा पंचायत, बरगांव दक्षिणी पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लकेया पंचायत सचिवालय में लकेया पंचायत, सिसई पंचायत नगर पंचायत, पंदरिया पंचायत, बरगांव उत्तरी पंचायत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन सभी पंचायतों का प्रशिक्षण झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के मास्टर ट्रेनर शांति बड़ाईक एवं रणधीर के द्वारा दिया गया। इन प्रशिक्षण को कोऑर्डिनेटर करने में शंभू एस चौहान का विशेष योगदान रहा। शंभू एस चौहान ने कहा कि वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा जीव-जंतु के संवर्धन संरक्षण में ये कमेटियां विशेष योगदान देंगी। इन कमेटियों को मिले संवैधानिक अधिकार से वनों एवं जीव-जंतु का संरक्षण होगा। साथ ही विलुप्त हो रही प्रजातियों को फिर से स्थापित करने में सहायता मिलेगी।




हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन रांची की ओर से संचालित प्रशिक्षण में बतौर मास्टर ट्रेनर तैनात शांति बड़ाईक ने बताया कि जैव विविधता अधिनियम 2002 के तहत पंचायत स्तर पर गठित कमेटी को प्राधिकृत किया गया है कि वह जंगली पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं तथा सूक्ष्म जंतुओं के संरक्षण, संवर्धन तथा विकास के लिए हर आवश्यक उपाय करने के वास्ते लोगों को जागरूक तथा प्रेरित करें। सरकारी पर्यवेक्षक की मौजूदगी में मुखिया की अध्यक्षता में गठित हुई इन कमेटियों के चयन के वास्ते विधिवत ग्राम सभा आयोजित की गई थी। वर्ष 2018 में ही जैव विविधता प्रबंधन समिति का प्रत्येक पंचायत में गठन कर लिया गया था। इसके तहत केंद्र व राज्य सरकार के स्तर से फंड के इंतजाम का प्रावधान है। प्रत्येक पंचायत में इसके कार्यालय के लिए पंचायत सचिवालय में कमरा अलॉट करने सहित कार्यालय के विधिवत संचालन के वास्ते कुर्सी टेबल व अन्य उपष्कर की राशि झारखंड की जैव विविधता परिषद की ओर से देने का प्रावधान भी किया गया है।

वनों की उपज मसलन औषधीय पौधों व अन्य वन उत्पादों के निगरानी तथा खरीद बिक्री का अधिकार वन विभाग की बजाय स्थानीय कमेटी को है। स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले हाट बाजार में लगने वाले आढ़त या धार व्यापारियों के पंजीकरण का अधिकार व उनसे व्यापार कर के तौर पर दो फीसदी की विनिर्धारित राशि के वसूली के वास्ते भी संबंधित कमिटियां ही प्राधिकृत की गई हैं। इस मद में प्राप्त राशि को वन संरक्षण तथा जैव विकास के कार्य में ही लगाए जाने का निर्देश है। कमेटी को स्थानीय स्तर पर दुर्लभ प्रजाति के वन उत्पादों के संबंध में जानकारी हासिल कर उन्हें चिन्हित करते हुए सूचीबद्ध करने व उनके संवर्द्धन का भी निर्देश दिया गया है।

हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रशिक्षणार्थी कमिटी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमें कमेटी में शामिल तो जरूर किया गया था पर हमारे अधिकार, कर्तव्य और दायित्वों की हमें ठीक-ठाक जानकारी नहीं थी। प्रशिक्षण के क्रम में इस संबंध में विस्तार के साथ हमें जानकारी दी गई तो हमें अवश्य मालूम हुआ कि यह कमेटी अत्यधिक पावरफुल है और इसके माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन का एक बड़ा अवसर हमारे हाथों में है। मौके पर अलविना देवी, प्रकाश उरांव रेखा देवी, पार्वती देवी, फ्लोरेंस देवी, सफल उरांव, इंद्रपाल भगत, मंजू देवी, रंजीता कुमारी, सुनीता कुमारी सुभानी देवी कृष्ण उरांव कार्तिक उरांव, हेमा देवी, सुगिया देवी, कृष्ण उरांव, रवि उरांव, छगनलाल राम, अशोक कुमार भगत, लालू उरांव, राजदेव साहू, संजय उरांव, पार्वती देवी, वसीम अंसारी, मिथिलेश साय, चंद्रपति साहू गुरु चरण साहू, भरत गोप, जोगिंदर उरांव, दिनेश उरांव मलावती देवी, प्रमिला तिर्की, राजन गोप, विकास पांडा, मनीष उरांव,नवीन सिंह, रीना देवी, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर वनों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

# बस व ऑटो में भीषण टक्कर, 2 की मौत, 11 लोगों की हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
जिले के चैनपुर प्रखंड में एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक तीन साल की बच्ची समेत 11 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह सड़क हादसा कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के कोयल नदी के पास हुआ, जहां एक यात्री बस और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हुई। हादसे के बाद सभी घायलों को एंबुलेंस 108 की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए सभी को सदर अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि गुमला से डोकापाठ चलने वाली वैष्णवी नाम की यात्री बस और एक ऑटो की आमने-सामने सीधी जबरदस्त टक्कर हुई।

घटना के बाद ऑटो सवार सभी लोग घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में रोघाडीह गांव निवासी सफीरा देवी- पति गोला सायं, उपर डुमरी गांव निवासी ज्योति मिंज- पति स्वर्गीय दिलीप मिंज, मार्था लकड़ा- पति गाब्रियल तिर्की, बरडीह निवासी सबीता देवी- पति सीताराम उरांव, उरू बरडीह गांव निवासी- संगीता देवी- पति महिपाल लोहरा, अनीमा कुमारी और पूनम मिंज शामिल हैं।

### भंडरा : सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**भंडरा।** भंडरा बेडो सड़क पर झारो नदी के पास एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। जानकारी के मुताबिक पंडरिया निवासी मदन लोहरा चट्टी से अपने गांव की ओर लौट रहा था। इसी क्रम में वह अनियंत्रित होकर गिर गया। इससे उसके सिर पर चोट आयी। पुलिस ने इलाज के लिये उसे सीएचसी पहुंचाया।

# देवउठान जतरा पर फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
विराजपुर गांव में देवउठान जतरा पर फुटबॉल टूर्नामेंट हुआ। इसमें 16 टीमों हिस्सा लिया। गुरुवार को फाइनल मैच कुडू और अकाशी के बीच के बीच खेला गया, जिसमें कुडू ने अकाशी को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। विजेता टीम को मुखिया विरेंद्र महली व



उपमुखिया रवि प्रजापति ने पुरस्कृत किया। मौके पर चमरा उरांव, सुमित उरांव, रोहित उरांव, परमेश्वर उरांव, सोमरा उरांव आदि उपस्थित थे।

### कैरो थाना क्षेत्र में कुएं में गिरकर वृद्ध की मौत

**कैरो।** थाना क्षेत्र खंडा निवासी 60 वर्षीय लूथर कुजूर पिता नरायन कुजर का गुरुवार को कुएं में गिरकर मृत्यु हो गई।

जानकारी के अनुसार वह नशे की हालत में था। महुवरी गांव के एक कुएं में गिरने से उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कैरो थाना के एएसआई संजय राय घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाकर आवश्यक निरीक्षण करते हुए पोस्टमास्टम के लिए भेजने की बात कही।

# श्री शुभकामना छठ पूजा समिति ने किया भव्य जागरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
स्थानीय पतरा टोली मे श्री शुभकामना छठ पूजा समिति पतराटोली के तत्वाधान में भव्य जागरण का आयोजन बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम छठ पूजा के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ था। मुख्य अतिथि राम लखन प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि उपेंद्र प्रसाद तथा लोहरदगा के उप विकास आयुक्त जयज्योति सामंता संयुक्त रूप से मां दुर्गे के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना के उपरांत श्री नवदुर्गा जागरण मंडल के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन का आयोजन किया गया। सबसे बड़ा आकर्षण का



केंद्र ओडिशा से आए कलाकारों की झांकी की प्रस्तुति थी। सरोज लक्खा ने गणेश वंदना के साथ घर में पधारो गजानंद जी तथा वीणा कौर तथा स्वीटी राज के द्वारा एक से बढ़कर एक छठ गीत प्रस्तुत की गई, जिसमें होगा हो सूरजमल एवं जोड़े जोड़े सुपवा छठ गीत प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के अलावे शहर के प्रबुद्ध जन राजेंद्र प्रसाद खत्री, कवलजीत सिंह, संदीप कुमार गुप्ता, नीरू शांति भगत, रमेश साहू, कमलेश प्रसाद, विकास अग्रवाल, गोवर्धन साहू, प्रकाश कुमार साहू, विक्रम कुमार, राजेश कुमार महतो, बलवीर देव, सतीश पांडे, रंजीत साहू, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता के अलावे भारी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों की भीड़ थी। छठ पूजा समिति के सभी पदाधिकारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम करने से सभी को बहुत ही आनंद आता है तथा जागरण की रात्रि में भक्त और भगवान का अटूट संबंध बनता है। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अरविंद यादव सचिव रणधीर कुमार कोषाध्यक्ष सोहन साहू के अलावे संरक्षक विनोद सिंह, विमल कांत सिंह, सुरेश ठाकुर, मनोज गुप्ता, कमला देवी, दिलीप सिंह, निधिकांत प्रसाद, प्रभात भगत, संजय अग्रवाल, रामसुंदर यादव, कालू छतरी, दिनेश प्रसाद, कुमार सुमन साहू के अलावे सभी पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम बुधवार रात्रि से शुरू होकर गुरुवार सुबह तक चलता रहा। अंत में श्री शुभकामना छठ पूजा समिति सभी का धन्यवाद दिया तथा कहा कि ऐसा कार्यक्रम अब प्रत्येक साल होगा।

### पहल 'अबुआ आवास योजना' के बारे में लोगों को जागरूक करने की कवायद

# डीडीसी ने किया जागरूकता रथ को रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
उप विकास आयुक्त गुमला हेमंत सती ने गुरुवार को झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजना 'अबुआ आवास योजना' के तहत दो जागरूकता रथ को विकास भवन कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इसमें एक प्रखंड एवं दूसरा जिला स्तरीय रथ शामिल थे। उक्त रथ गुमला जिले के विभिन्न पंचायतों में जाकर उक्त योजना के संबंध में लोगों को जागरूक करेगा। ज्ञात हो कि पिछले कई दिनों से सभी प्रखंडों में भी 'अबुआ आवास' योजना को लेकर जागरूकता रथ चलाया जा रहा है।

मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त ने बताया कि 24 नवंबर से जिले भर में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' शिविर का मुख्य रूप शुभारंभ किया जाएगा। यह शिविर जिले भर के विभिन्न प्रखंडों के अंतर्गत निर्धारित तिथि अनुसार सभी पंचायतों लगाएं जाएंगे। आयोजन किए जाने वाले शिविरों में झारखंड सरकार की नई योजना 'अबुआ आवास योजना' पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। एक माह तक आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम में ही 'अबुआ आवास योजना' के तहत आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। उक्त योजना के तहत जिले के गरीब, असहाय एवं आवास विहीन लोगों को, जिन्हें सरकार के किसी अन्य योजनाओं के तहत आवास का लाभ नहीं मिला है, को 3 कमरों वाला आवास प्रदान किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने जिलावासियों से अपील की कि उक्त शिविर में भाग लें एवं 'अबुआ आवास' योजना के तहत आवास विहीन व्यक्ति अपना आवेदन उक्त शिविर में अवश्य जमा करें।



# किसानों के बीच किया गया निशुल्क चना बीज का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
जिला कृषि विभाग सह आत्मा द्वारा प्रखंड मुख्यालय स्थित एटिक सेंटर एवं हुदू में गुरुवार को किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया गया। किसानों को निशुल्क चना बीज वितरण करते हुए प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि सरकार द्वारा दलहन की खेती को बढ़ावा देने व किसानों की आर्थिक आए बढ़ाने को लेकर चना बीज का वितरण किया जा रहा है ताकि किसान आगे बढ़ सके। पंचायत के उप मुखिया जगबंधन भगत ने कहा कि इस बार धान की खेती नहीं होने से किसानों की कमर टूट गई है। ऐसे में चना बीज मिलने से बहुत हद तक किसानों को एक तरह का मदद हो जाएगा और किसान एक बार फिर से खड़ा हो सकेंगे। किसानों को चना बीज के साथ साथ नैनो यूरिया व चुना भी निशुल्क वितरण किया गया। वितरण के अवसर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन तिग्गा, अनुराधा केरकेट्टा, कृषक मित्र मृत्युंजय तिवारी सहित किसान बंधु उरांव, विराज महतो, रामबली यादव, विनायक दुबे, नितेश दुबे, संजय उरांव, बुलु महतो, सावित्री टाना भगत, जतरी टाना भगत सहित किसान मौजूद थे।



# एयर इंडिया पर लगा 10 लाख रुपये का जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के कई सदस्यों ने दो उड़ानों के बीच के समय (लेओवर) के दौरान कमरा साझा करने के फैसले पर चिंता जताई है। चालक दल ने दावा किया कि इस तरह के कदम के चलते उड़ान से पहले किसी बाधा के बिना आराम करने में कठिनाइयां होती है। दूसरी ओर एयरलाइन ने कहा है कि कमरा साझा करना कई अन्य एयरलाइंस द्वारा अपनाई जाने वाली बाजार प्रथा के अनुरूप है। सूत्रों के मुताबिक, चालक दल के सदस्यों ने कुछ सदस्यों के सेवा अनुबंधों में कटौती के साथ ही एयरलाइन में मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में भी चिंता जताई है। लाभ कमाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस इस समय घाटे में चल रही एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) को अपने साथ विलय करने की प्रक्रिया में है। चालक दल के सदस्यों को बाहरी स्टेशनों पर पांच सितारा या चार सितारा होटल में एक कमरा दिया जाता था। ताजा फैसले के बाद अब एक कमरा दो सदस्यों को साझा करना होगा। सूत्रों ने कहा कि चालक दल के कई सदस्यों ने कमरा साझा करने और अन्य मुद्दों को लेकर एयरलाइन प्रबंधन को ई-मेल लिखा है। ई-मेल में यह भी दावा किया गया है कि कई सदस्यों के अनुबंध को पांच साल से घटाकर एक साल कर दिया गया है और इस कटौती से काम का माहौल खराब हो रहा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि एआईएक्स कनेक्ट और एआई एक्सप्रेस के एकीकरण के तहत दोनों संस्थाओं की नीतियों और प्रथाओं के बीच तालमेल बैठाया जा रहा है।

## चीन में निमोनिया के अधिक शिकार हो रहे हैं बच्चे



**एजेंसी। बीजिंग**

चीन में बड़े पैमाने पर बच्चे निमोनिया का शिकार हो रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, इससे देश के बाल चिकित्सा अस्पतालों में भारी भीड़ है। इस बीमारी का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। बच्चों में मुख्य रूप से तेज बुखार सहित कई लक्षण दिखाई दे रहे हैं, कुछ बच्चों में फुफ्फुसीय नोड्यूल विकसित हो रहे हैं। अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि संक्रमण घातक है। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर इंफेक्शियस डिजीज की ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रणाली प्रोमेड मेल पर एक पोस्ट में कहा गया, "ये रिपोर्टें 2019 के अंत में वुहान में एक रहस्यमय निमोनिया के प्रकोप की शुरूआती रिपोर्टों के समान हैं, जिसने कोविड -19 की शुरूआत की, जिससे माता-पिता सवाल करने लगे कि क्या अधिकारी महामारी को कवर कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि चीन में निमोनिया के प्रकोप ने बीजिंग, लियाओनिंग और अन्य स्थानों के बाल चिकित्सा अस्पतालों को बीमार बच्चों से भर दिया है।

स्कूल और कक्षाएं भी निलंबित होने की कगार पर हैं। पोस्ट में लिखा है, न केवल छात्र, बल्कि शिक्षक भी निमोनिया से संक्रमित हैं। बीजिंग चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल में बीजिंग के एक नागरिक ने बताया, बहुत से लोग अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें खांसी नहीं होती और उनमें कोई लक्षण नहीं होते। उन्हें बस बुखार होता है। कई लोगों की फेफड़ों में गांठें विकसित हो जाती हैं। लिओनिंग प्रांत में डालियान चिल्ड्रेन हॉस्पिटल भी बीमार बच्चों से भरा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पारंपरिक चीनी चिकित्सा अस्पतालों और केंद्रीय अस्पतालों में भी मरीजों की कतारें हैं। डालियान सेंट्रल हॉस्पिटल के एक स्टाफ सदस्य के अनुसार, मरीजों को 2 घंटे तक लाइन में इंतजार करना पड़ता है, और हम सभी आपातकालीन विभाग में हैं और कोई सामान्य आउट पेशेंट क्लिनिक नहीं है।

## वित्त मंत्री ने साइबर धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने पर दिया जोर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि साइबर धोखाधड़ी के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने और घोटालेबाजों को सिस्टम से खिलवाड़ करने से रोकने के लिए तकनीक की बागडोर अपने हाथों में लेने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने यहां डिजिटल एक्सेलेरेशन एंड ट्रांसफॉर्मेशन एक्सपो (डीएटीई) कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि लोगों को फोन या एसएमएस (संदेश) के जरिए निशाना बनाए जाने वाले साइबर धोखाधड़ी के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार समय-समय पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की समीक्षा करती है। उन्होंने कहा कि बैंक नियामक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) अपनी स्वयं की प्रणाली की समीक्षा करता है। बीमा कंपनियां भी अपनी प्रणाली की समीक्षा करती हैं। उन्होंने कहा कि हम लगातार वही कर रहे हैं, जिसकी जरूरत है। जब तक जागरूकता नहीं आएगी, जब तक हम लोगों के मन में यह सतर्कता पैदा नहीं करेंगे कि उन्हें फोन पर कही गई किसी भी बात पर नहीं चलना चाहिए, तब तक खतरा रहेगा। सीतारमण ने कहा कि भारत बदलाव के दौर से गुजर रहा है। हम एक ऐसे मुकाम पर हैं, जहां हम पहले की तुलना में अब पूरी तरह डिजिटल हो रहे हैं।

## सात महीने में 27.7 फीसदी बढ़ा इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात, पांचवें स्थान पर देश

**नई दिल्ली।** देश से इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात चालू वित्त वर्ष की पहले सात महीनों यानी अप्रैल-अक्तूबर अवधि के दौरान 27.7 फीसदी बढ़कर 15.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया।?विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष कुमार सारंगी ने कहा, सैमसंग और एपल जैसी कंपनियों के मोबाइल फोन के बढ़ते निर्यात से इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा, भारत से निर्यात के मामले में कुछ साल पहले यह क्षेत्र 11वें या 12वें स्थान पर था। यह क्षेत्र अब वस्तु निर्यात में पांचवें स्थान पर आ गया है। सारंगी ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) निर्यात पर एक कार्यक्रम में कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स, मूल्य वर्धित कृषि उत्पाद, सौर पैनल और मॉड्यूल जैसे नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों के साथ ई-वाहन जैसे क्षेत्र देश के वस्तु-सेवा निर्यात को 2030 तक दो हजार अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेंगे। 2022-23 में देश का वस्तु एवं सेवा निर्यात 776 अरब डॉलर रहा था।

# एएससीआई ने अपनी शिकायत रिपोर्ट जारी की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ऐड्वर्टाइज़िंग स्टैंडर्ड्स कौंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने अप्रैल से सितम्बर 2023 के लिए अपनी छमाही शिकायत रिपोर्ट प्रकाशित कर दी है। इस रिपोर्ट में विज्ञापन के मानदंडों के बारे में उभरती प्रवृत्तियों और गहन जानकारियों का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट से पता चलता है कि संसाधित शिकायतों (4491) में 34 प्रतिशत और संसाधित विज्ञापनों (3501) की संख्या में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह उत्तरदायी विज्ञापन और उपभोक्ता संरक्षण के प्रति एएससीआई की निरंतर वचनबद्धता का प्रमाण है। संसाधित किये गए 3,501 विज्ञापनों में से 564 यानी 16 प्रतिशत विज्ञापनों में कानून का प्रत्यक्ष उल्लंघन पाया गया जो पिछले वर्ष की संख्या से 22 प्रतिशत अधिक है। संसाधित किये गए कुल विज्ञापनों के 35 प्रतिशत मामलों में कोई प्रतिवाद नहीं किया गया और उन्हें तुरंत वापस या संशोधित कर लिया गया। 47 प्रतिशत विज्ञापनों में एएससीआई की संहिता का उल्लंघन पाया गया और उन्हें वापस लेने या संशोधित करने की अनुशंसा की गई। केवल 2 प्रतिशत शिकायतों को खारिज किया गया। संसाधित किये गए 3,501 शिकायतों में डिजिटल मीडिया में उल्लंघन के सबसे अधिक, यानी 79% मामले पाए गए। प्रिंट मीडिया और टेलीविजन पर प्रसारित विज्ञापनों में उल्लंघन का अनुपात क्रमशः 17% और 3% था, जबकि दूसरे माध्यमों में सूचित उल्लंघन का अनुपात 2% था। कुल शिकायतों में उपभोक्ता शिकायतों का अनुपात 21.3% था, जो विज्ञापन संबंधी मानदंडों को कायम रखने में जनता की महत्वपूर्ण सहभागिता का संकेत है। 75.4% शिकायतों पर एएससीआई द्वारा स्वतः संज्ञान लिया गया जो संभावित उल्लंघन की पहचान करने की दिशा में इस संगठन के अग्रसक्रिय दृष्टिकोण का परिचायक है।


## कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

राज्य योजना अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित अटल मुहल्ला क्लीनिकों के लिए

चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु Walk in Interview हेतु विज्ञापन।

विज्ञापन संख्या :– 01/23–24 साक्षात्कार की तिथि : 28.11.2023

राज्य योजना अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित 02 अटल मुहल्ला क्लीनिकों (नवाड़ीपाड़ा एवं मेसो भवन, लोहरदगा) हेतु 03 चिकित्सकों (Part Time) की सेवा प्राप्त करने हेतु Walk in Interview दिनांक 28.11.2023 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित की जाती है। अटल क्लीनिक के लिए चिकित्सकों के सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक आर्हत्ता निम्नांकित है :–

| क्र0सं0 | विवरणी | अटल मुहल्ला क्लीनिक हेतु आवष्यक अर्हत्ता |
|---|---|---|
| 1 | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता (चिकित्सक पद के लिए) | मेडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री। अथवा B.H.M.S./B.U.M.S./B.A.M.S.(M.B.B.S. डिग्रीधारी को प्राथमिकता दिया जायेगा) |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है)। फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष तक के लिए मान्य होगी। |
| 3 | मानदेय (M.B.B.S.चिकित्सक पद के लिए) | रू0 1400/– प्रतिदिन चार घंटों के लिए |
| 4 | मानदेय B.H.M.S./B.U.M.S./B.A.M.S. चिकित्सक पद के लिए) | रू0 20,000/– प्रतिमाह |
| 5 | पदों की संख्या | 03 (तीन) |
| 6 | पदस्थापन संख्या | नवाड़ीपाड़ा एवं मेसो भवन, लोहरदगा। |
| 7 | कार्य दिवस | सोमवार से शनिवार |
| 8 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों के भुगतेय मानदेय से नियमानुसार T.D.S. की कटौती की जाएगी। | |
| 9 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों के द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 10 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |

चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु अन्य शर्तें, अहर्त्ता इत्यादि का विवरण लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायो डाटा के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र एवं स्वयं अभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा में दिनांक 28.11.2023 को 03.00 बजे से 04.00 बजे अपराहन् तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 311840 Lohardaga(23-24)D



## कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार।

### आम सूचना

उपायुक्त, लातेहार के ज्ञापांक 432 दिनांक 10.11.2023 द्वारा नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत **"आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार"** कार्यक्रम के तहत विभिन्न वार्डों में सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजनों को उपलब्ध कराने के निमित शिविर लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसकी विवरणी निम्नवत हैं :–

| तिथि | वार्ड सं0 | वार्ड का नाम | कार्यक्रम के स्थान का विवरण | कार्यक्रम का समय |
|---|---|---|---|---|
| 25.11.2023 | 01 | करकट | मध्य विधालय करकट, लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 02 | बानपुर | | |
| 01.12.2023 | 04 | डुरूआ | सोमेश्वर विवाह मंडप डुरूआ गुरूवार बाजार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 05 | डुरूआ | | |
| | 06 | डुरूआ | | |
| 06.12.2023 | 03 | राजहार | मध्य विधालय आश्रम, लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 07 | लातेहार (बहेराटॉड–चटनाही) | | |
| 09.12.2023 | 08 | लातेहार | सामुदायिक भवन अम्बाकोठी लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 09 | लातेहार | | |
| | 10 | अम्बाकोठी–गिजनियॉटॉड | | |
| 15.12.2023 | 11 | तापाखास | सब्जी मार्केट भवन बाईपास रोड लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 15 | धर्मपुर | | |
| 20.12.2023 | 12 | अम्वाटीकर | मध्य विधालय अम्वाटीकर लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 13 | अम्वाटीकर | | |
| | 14 | चन्दनडीह | | |

अतः आमजनो से अनुरोध हैं कि नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत उपरोक्त तिथि को विभिन्न वार्डो में आयोजित शिविर **"आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार"** कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर झारखण्ड सरकार के विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाये।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 311853 (Urban Development) 23-24 (D)



## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
## कार्यालय:-भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार

E-Mail ID– scolatehar@gmail.com

### –: आम सूचना :–

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में लातेहार जिले के छोटे और सीमांत कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह को अनुदान परपम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200Ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) वितरण की योजना**

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या 56 दिनांक 06.11.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस–पैक्स को पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) वितरण की योजना अन्तर्गत लातेहार जिले में मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूप के लाभान्वित कृषक एवं भूमि संरक्षण विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्षों में तालाब जीर्णोद्धार एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) के क्रय पर अनुमान्य अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा, जिस पर पम्पसेट (1.5-3.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 20000 रू०), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 30000 रू०) तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 90000 रू०) अनुदान देय होगा। जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग या अन्य विभाग (यथा भूमि संरक्षण विभाग/कृषि विभाग/ आत्मा/ उद्यान/अन्य विभाग) द्वारा सिंचाई पम्पसेट का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी। विहित प्रपत्र के साथ कूप स्थल/सिंचाई श्रोत पर लाभूक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। भरे हुए आवेदन पत्र पर संबंधित रोजगार सेवक/क्षेत्र पर्यवेक्षक तथा त्रिस्तरीय पंचायती राज के प्रतिनिधि द्वारा अनुशंसा के पश्चात् आवेदन संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। उक्त लाभूकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक **15.12.2023** तक विहित प्रपत्र में आवेदन भर कर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से संबंधित कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। राज्यादेश संख्या 56 दिनांक 06.11.2023 के द्वारा पम्प सेट वितरण की योजना के कार्यान्वयन हेतु सभी कंडिकाऐं शर्तें लागु होगी। आवेदन पत्र भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय या संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय से निशुल्क आवेदन प्राप्त किया जा सकता एवं भूमि संरक्षण निदेशालय के **वेबसाईट–www.jharkhandsoil.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। प्राप्त लक्ष्य की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र०सं० | जिला का नाम | मद | भौतिक लक्ष्य | | | अभ्यक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पम्पसेट (1.5-3.0HP) | पम्पसेट (3.5-5.0HP) | सोलर पम्पसेट (1.0HP) | |
| 1 | लातेहार | टी०एस०पी | 330 | 20 | 08 | |
| | कुल | | 330 | 20 | 08 | |

नोट :– उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता :– 1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार, सयुंक्त जिला कृषि भवन किनामाड मेन रोड लातेहार

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 311805 Agriculture(23-24).D


## आने वाले महीनों में तीन से चार प्रोडक्ट लॉन्च करने की तैयारी में एलआईसी

**नई दिल्ली।** बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने चालू वित्त वर्ष में नए व्यवसाय प्रीमियम में दोहरे अंक की वृद्धि हासिल करने के उद्देश्य से आने वाले महीनों में 3-4 प्रोडक्ट लॉन्च करने की योजना बनाई है। एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने पीटीआई को एक साक्षात्कार में कही कि हम पिछले वर्ष की तुलना में दोहरे अंक की वृद्धि का अनुमान लगा रहे हैं, और हम इसे हासिल भी करने जा रहे हैं क्योंकि हालिया रुझान व्यक्तिगत खुदरा व्यापार में तेजी दिखा रहा है।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
### (विकास शाखा)

दिनांक 24.11.2023 से 26.12.2023 तक पंचायतवार "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम

| क0 | दिनांक | पंचायत | कार्यक्रम स्थल | समय | नोडल पदाधिकारी | वरीय पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रखण्ड सेन्हा | | | |
| 1 | 24.11.2023 | सेन्हा | राजकीय उत्क0 बुनियादी उच्च विद्यालय मैदान | 11.00AM | जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा (7631151391) | जिला परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा |
| 2 | 28.11.2023 | बदला | जतरा मैदान बोधाटोली मोड़ | 11.00AM | श्री कृष्ण कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक, PMAY-G, लोहरदगा (7779934216) | |
| 3 | 30.11.2023 | तोडार | सेरेगहातू ईट भटटा के समीप स्थित मैदान | 11.00AM | डा0 सुधीर मुर्मू, परियोजना पदा0, जि.ग्रा. वि.अभि. लोहरदगा (8294772279) | |
| 4 | 04.12.2023 | भड़गांव | रा0 उत्क0म0वि0, भड़गांव के समीप स्थित मैदान | 11.00AM | जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा (9934396413) | |
| 5 | 08.12.2023 | उगरा | पंचायत भवन के सामने | 11.00AM | डा0 अनुप कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा (7677086690) | |
| 6 | 12.12.2023 | डाडू | रा0 उत्क0म0वि0, डाडू के समीप स्थित मैदान | 11.00AM | श्री विजेन्द्र कुमार, प्रशिक्षण समन्वयक, PMAY-G, लोहरदगा (8709072685) | |
| 7 | 15.12.2023 | बुटी | रा0 उत्क0म0वि0, शाहबुटी के पीछे स्थित मैदान | 11.00AM | जिला सहकारिता पदाधिकारी, लोहरदगा (9031737822) | कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा |
| 8 | 18.12.2023 | झालजमीरा | प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय गगेया के सामने स्थित मैदान | 11.00AM | जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा (8084438089) | |
| 9 | 21.12.2023 | मुर्कीतोड़ार | रा0 उत्क0म0वि0, मुर्की के समीप स्थित मैदान | 11.00AM | श्री विमलेश कुमार, डी0पी0एम0, जिला पंचायत कार्यालय, लोहरदगा (9905919363) | |
| 10 | 23.12.2023 | अलौदी | रा0 उत्क0म0वि0, अलौदी के समीप स्थित मैदान | 11.00AM | जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा (7541857444) | |
| 11 | 26.12.2023 | अर्रू | रा0 उत्क0म0वि0, अर्रू के समीप स्थित मैदान | 11.00AM | जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा (7631151391) | |
| | | | प्रखण्ड लोहरदगा | | | |
| 12 | 25.11.2023 | निंगनी | बजार टांड | 11.00AM | जिला शिक्षा पदा0–सह–जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा (8340323471) | अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा |
| 13 | 28.11.2023 | हिरही | उर्दू मध्य विद्यालय | 11.00AM | डा0 सुनिता कुजूर, परियोजना पदा0, जि. ग्रा.वि.अभि. लोहरदगा (7903449720) | |
| 14 | 30.11.2023 | हेसल | उत्कमित मध्य विद्यालय, हेसल | 11.00AM | श्रीमती पूजा बिन्हा, परिक्ष्यमान उप समाहर्त्ता, लोहरदगा (9148318563) | |
| 15 | 02.12.2023 | मन्हो | मध्य विद्यालय मन्हो | 11.00AM | श्री अभिषेक झा, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा (9334626310) | |
| 16 | 05.12.2023 | जोरी | पंचायत भवन के सामने | 11.00AM | श्री विजेन्द्र कुमार, प्रशिक्षण समन्वयक, PMAY-G, लोहरदगा (8709072685) | |
| 17 | 07.12.2023 | बाघा | मध्य विद्यालय बाघा | 11.00AM | श्रीमती पूजा बिन्हा, परिक्ष्यमान उप समाहर्त्ता, लोहरदगा (9148318563) | |
| 18 | 11.12.2023 | रामपुर | पंचायत भवन के सामने | 11.00AM | श्री विजय रंजन तिर्की, परिक्ष्यमान उप समाहर्त्ता, लोहरदगा (9931570766) | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा |
| 19 | 13.12.2023 | अरकोसा | उत्कमित मध्य विद्यालय, अरकोसा | 11.00AM | जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा (9934396413) | |
| 20 | 16.12.2023 | तिगरा | बेजवाली मैदान में | 11.00AM | श्री प्रमोद कुमार गुप्ता, परिक्ष्यमान उप समाहर्त्ता, लोहरदगा (8987768549) | |
| 21 | 19.12.2023 | जुरिया | पंचायत भवन के सामने | 11.00AM | श्रीमती कनकलता मिंज, परियोजना अर्थशास्त्री, जि.ग्रा.वि.अभि. लोहरदगा (7979933794) | |
| 22 | 22.12.2023 | हरमु | पंचायत भवन के सामने | 11.00AM | सुश्री संगीता तिर्की, सहायक परियोजना पदा0 जि.ग्रा.वि.अभि. लोहरदगा (7781045814) | |
| 23 | 26.12.2023 | भटखिजरी | प्लस टू उच्च विद्यालय, ईरगांव | 11.00AM | श्री विभाकर, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, लोहरदगा (9661177132) | |
| | | | प्रखण्ड कैरो | | | |
| 24 | 25.11.2023 | गजनी | गजनी फुटबॉल मैदान | 11.00AM | श्री अभिषेक झा, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा (9334626310) | भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, लोहरदगा |
| 25 | 29.11.2023 | सढ़ाबे | सढ़ाबे फुटबॉल मैदान | 11.00AM | श्री विमलेश कुमार, डी0पी0एम0, जिला पंचायत कार्यालय, लोहरदगा (9905919363) | |
| 26 | 05.12.2023 | गुडी | मध्य विद्यालय गुडी स्कूल मैदान | 11.00AM | श्री कृष्ण कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक, च्ड।ल्ळए लोहरदगा (7779934216) | |
| 27 | 12.12.2023 | हनहट | बुनियादी विद्यालय हनहट मैदान | 11.00AM | श्री कृष्णा राम मांझी, जिला कार्यकम समन्वयक, जे0टी0डी0एस0, लोहरदगा (7781892377) | भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, लोहरदगा |
| 28 | 18.12.2023 | नरौली | नरौली फुटबॉल मैदान | 11.00AM | जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा (7631151391) | |
| 29 | 22.12.2023 | कैरो | प्रखण्ड परिसर मैदान | 11.00AM | श्री अशोक कुमार पाण्डेय, ए0पी0ओ0, जिला शिक्षा कार्यालय, लोहरदगा (7004997658) | |
| | | | प्रखण्ड किस्को | | | |
| 30 | 25.11.2023 | अरेया | खेल मैदान निरहू | 11.00AM | श्री प्रिंस कुमार, जिला तकनीकी विशेषज्ञ, डब्ल्यू0सी0डी0सी0, लोहरदगा (7903953773) | जिला योजना पदाधिकारी, लोहरदगा |
| 31 | 30.11.2023 | देवदरिया | हाई स्कूल मैदान खरचा | 11.00AM | श्री मोहित सिंह, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा (7761994451) | |
| 32 | 04.12.2023 | बगडू | खेल मैदान बगडू जामुनटोली | 11.00AM | श्रीमती अनिता कुजूर, डी0पी0एम0, जे0एस0एल0पी0एस0, लोहरदगा (9801703121) | |
| 33 | 07.12.2023 | खरकी | प्राथमिक विद्यालय, सेमरडीह के प्रांगण | 11.00AM | श्री मंगलनाथ साहु, सहायक कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा (7004892848) | |
| 34 | 9.12.2023 | बेटहठ | पंचायत भवन, बेटहठ के सामने | 11.00AM | जिला सहकारिता पदाधिकारी, लोहरदगा (9031737822) | |
| 35 | 12.12.2023 | परहेपाट | खेल मैदान, मध्य विद्यालय, किस्को | 11.00AM | श्री अम्बुज पाण्डेय, सहायक शिक्षा परियोजना पदाधिकारी, लोहरदगा (9771463204) | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा |
| 36 | 15.12.2023 | पाखर | खेल मैदान, तिसिया बाजार टॉंड | 11.00AM | जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा (8298059165) | |
| 37 | 18.12.2023 | नवाडीह | खेल मैदान, धुर्वा मोड़ नारी | 11.00AM | डा0 सुधीर मुर्मू, परियोजना पदा0, जि.ग्रा. वि.अभि. लोहरदगा (8294772279) | |
| 38 | 23.12.2023 | हिसरी | पंचायत भवन, हिसरी के पीछे | 11.00AM | मो0 परवेज आलम, जिला समन्वयक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा (8210324450) | |
| | | | प्रखण्ड भण्डरा | | | |
| 39 | 24.11.2023 | भीठा | पंचायत भवन के सामने खेल मैदान में | 11.00AM | श्री अनिल केरकेट्टा, जिला कृषि अभियंता, जिला कृषि कार्यालय, लोहरदगा (8877756071) | श्री अभिनीत कुमार सूरज, कार्यपालक दण्डाधिकारी, लोहरदगा |
| 40 | 28.11.2023 | अकाशी | अकाशी में झखरा मैदान में | 11.00AM | श्री मंगलनाथ साहु, सहायक कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा (7004892848) | |
| 41 | 01.12.2023 | भण्डरा | भण्डरा में बजारटांड में | 11.00AM | श्री कौशल कुमार मिश्रा, जिला समन्वयक, एन0आर0एम0, लोहरदगा (9155874784) | |
| 42 | 05.12.2023 | उदरंगी | बैमारी में फुटबॉल मैदान | 11.00AM | श्रम अधीक्षक, लोहरदगा (9431369746) | श्री अभिनीत कुमार सूरज, कार्यपालक दण्डाधिकारी, लोहरदगा |
| 43 | 07.12.2023 | मसमानो | मसमानो बजारटांड में | 11.00AM | श्री संदीप कुमार, प्राक्कलन पदाधिकारी, सहायक अभियंता, आर0ई0ओ0, लोहरदगा (7022207521) | |
| 44 | 09.12.2023 | भौरो | पंचायत भवन के पीछे | 11.00AM | श्री प्रशांत कुमार झा, सहायक परियोजना पदा0 जि.ग्रा.वि.अभि. लोहरदगा (7488473481) | |
| 45 | 13.12.2023 | जमगाई | पंचायत भवन के सामने मैदान में | 11.00AM | श्री अनुरंजन झा, परिक्ष्यमान उप समाहर्त्ता, लोहरदगा (6207212250) | जिला अभियंता, जिला परिषद, लोहरदगा |
| 46 | 16.12.2023 | गडरपो | सेमरा स्कूल मैदान मेन रोड के किनारे | 11.00AM | मो0 परवेज आलम, जिला समन्वयक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा (8210324450) | |
| 47 | 21.12.2023 | बड़गाई | कुन्दो का खेल मैदान में | 11.00AM | श्री अम्बुज पाण्डेय, सहायक शिक्षा परियोजना पदाधिकारी, लोहरदगा (9771463204) | |
| | | | प्रखण्ड पेशरार | | | |
| 48 | 29.11.2023 | हेसाग | +2 प्रोजेक्ट उच्च वि0 मुंगो के समीप | 11.00AM | श्री कृष्णा राम मांझी, जिला कार्यकम समन्वयक, जे0टी0डी0एस0, लोहरदगा (7781892377) | जिला आपूर्ति पदाधिकारी, लोहरदगा |
| 49 | 06.12.2023 | तुईमू | मन्हेपाट | 11.00AM | जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा (7541857444) | |
| 50 | 14.12.2023 | सीरम | मक्का प्रोजेक्त हाई स्कूल उच्च विद्यालय | 11.00AM | जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा (8084438089) | |
| 51 | 19.12.2023 | रोरद | पंचायत भवन रोरद | 11.00AM | श्रम अधीक्षक, लोहरदगा (9431369746) | |
| 52 | 22.12.2023 | पेशरार | पेशरार प्रखण्ड मुख्यालय परिसर | 11.00AM | श्री विभाकर, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, लोहरदगा (9661177132) | |
| | | | प्रखण्ड कुडू | | | |
| 53 | 24.11.2023 | सलगी | पंचायत भवन सलगी | 11.00AM | श्री प्रमोद कुमार गुप्ता, परिक्ष्यमान उप समाहर्त्ता, लोहरदगा (8987768549) | श्री नारायण राम, कार्यपालक दण्डाधिकारी, लोहरदगा |
| 54 | 28.11.2023 | सुन्दरू | राजकीय उत्कमित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय सुन्दरू | 11.00AM | जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा (8298059165) | |
| 55 | 30.11.2023 | बड़कीचापी | कुन्दगढ़ा स्कूल मैदान | 11.00AM | श्री अनुरंजन झा, परिक्ष्यमान उप समाहर्त्ता, लोहरदगा (6207212250) | |
| 56 | 02.12.2023 | चिरी | संजय गांधी हाई स्कूल चिरी | 11.00AM | डा0 सुनिता कुजूर, परियोजना पदा0, जि. ग्रा.वि.अभि. लोहरदगा (7903449720) | |
| 57 | 04.12.2023 | जीमा | पंचायत भवन के सामने मैदान | 11.00AM | श्रीमती कनकलता भानू एक्का, कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा (6205950554) | श्री नारायण राम, कार्यपालक दण्डाधिकारी, लोहरदगा |
| 58 | 06.12.2023 | कोलमिसरी | राजकीय मध्य विद्यालय कोलसिमरी | 11.00AM | डा0 मो0तारीक अनवर, आदर्श ग्राम पदाधिकारी, लोहरदगा (9431523716) | |
| 59 | 08.12.2023 | लावागाई | राजकीय कृत बुनियादी विद्यालय लावागाई | 11.00AM | श्री विजय रंजन तिर्की, परिक्ष्यमान उप समाहर्त्ता, लोहरदगा (9931570766) | |
| 60 | 11.12.2023 | उडुमूडू | उत्कमित मध्य विद्यालय उडुमूडु | 11.00AM | श्री प्रिंस कुमार, जिला तकनीकी विशेषज्ञ, डब्ल्यू0सी0डी0सी0, लोहरदगा (7903953773) | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमण्डल, लोहरदगा |
| 61 | 13.12.2023 | जिंगी | उत्कमित उच्च विद्यालय जिंगी | 11.00AM | श्री संदीप टोप्पो, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमण्डल, लोहरदगा (8757683133) | |
| 62 | 15.12.2023 | टाटी | नर्सरी मैदान टाटी | 11.00AM | श्री मोहित सिंह, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा (7761994451) | |
| 63 | 19.12.2023 | कुडू | ब्लॉक परिसर कुडू | 11.00AM | जिला शिक्षा पदा0–सह–जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा (8340323471) | |
| 64 | 21.12.2023 | पण्डरा | बालिका मध्य विद्यालय, पण्डरा | 11.00AM | मो0तारिक, सहायक अभियंता (गुण नियंत्राण), पथ प्रमण्डल, लोहरदगा (8083201039) | |
| 65 | 23.12.2023 | चन्दलासो | राजकीय उत्कमित उच्च वि0 हेन्जला | 11.00AM | श्री जॉय कुमार मिंज, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा (7004085063) | |
| 66 | 26.12.2023 | ककरगढ़ | पंचायत भवन के सामने मैदान | 11.00AM | श्री सौरभ कुमार लोहानी, जिला योजना एवं कृषि मूल्यांकन पदा0, लोहरदगा (9113397710) | |

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 311876 Lohardaga (23-24)_D

जो व्यक्ति सीधी और साफ बात करता है उसकी वाणी कठोर हो सकती है लेकिन वो किसी को धोखा नहीं दे सकता।

– अज्ञात



# मुख्यधारा को गति मिले

***झारखंड*** में नक्सलवाद और पुलिस टकराव में पुलिस को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। तब जाकर नक्सलियों पर आंशिक लगाम कसा जा चुका है। जहां एक ओर कई पुलिस कर्मी शहीद हुए हैं, वहीं पैसों की बर्बादी भी काफी हुई है। नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती के एवज में बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। झारखंड में 8 जिले नक्सलियों के अति प्रभाव वाले हैं, जबकि 8 अन्य जिले सामान्य प्रभाव वाले माने गये हैं। अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, पलामू,लातेहार, सरायकेला- खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम हैं, जबकि सामान्य प्रभाव वाले जिलों में रांची, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, गढ़वा, गिरिडीह और हजारीबाग शामिल हैं। इन सभी जिलों में आईबी और पुलिस की खुफिया रिपोर्ट्स के आधार पर सेंट्रल पारा मिलिट्री फोर्सेज की मदद से अभियान लगातार जारी है और नक्सलियों के प्रभाव में एक हद तक कमी भी आयी है। यही कारण है कि पिछले दिनों सीआरपीएफ ने राज्य सरकार पर 11 हजार 348 करोड़ 58 लाख रुपए की दावेदारी की है। पिछले साल राज्य सरकार ने सीआरपीएफ को बकाया मद में कुछ पैसों का भुगतान किया था। गौरतलब है कि राज्य में आज की तारीख में सीआरपीएफ की 132 कंपनियों की तैनाती है। इन्हें मुख्य तौर पर राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में लगाया गया है। इन बलों की तैनाती पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा वक्त से है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने पिछले वर्ष अपनी समीक्षा में पूरे देश में नक्सलियों के प्रभाव वाले कुल जिलों की संख्या 70 पायी थी। इनमें से नक्सलवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 25 है। ऐसे देखा जाये तो राज्य में कुल मिलाकर नक्सलियों की संख्या अब कुछ सौ रह गयी है, लेकिन नक्सल प्रभावित जिलों में विधि-व्यवस्था और अमन-चैन कायम करने के लिए केंद्रीय बलों की 132 कंपनियां तैनात हैं। केंद्रीय एवं पुलिस बलों को मिलाकर लगभग 85 हजार जवान राज्य में तैनात हैं। ऐसे में देखा जाये तो अभी भी पश्चिम सिंहभूम का इलाका नक्सलियों की गिरफ़्त में है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपने ही घरों में अपनों से लड़ाई में कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। ऐसे में अब भी वक्त है कि हम सभी चेत जायें। सबको यह संकल्प लेने की जरूरत है कि किसी के घर में कोई नक्सली नहीं पैदा हो। इसके लिए शिक्षा और हर हाथ को काम देकर गुमराह युवकों को मुख्यधारा में शामिल करने का अभियान लगातार जारी रहना चाहिए। इस अभियान से बचे नक्सलियों को काबू में लाया जा सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि नक्सली कोई बाहर से नहीं आये हैं,यह हमारे ही परिवार के सदस्य हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि इन्हें मुख्यधारा में शामिल अभियान को गति दी जाये। इसके सार्थक प्रयास सोसाइटी में मिल रहे हैं। आगे भी मिलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**पिछले साल राज्य सरकार ने सीआरपीएफ को बकाया मद में कुछ पैसों का भुगतान किया था। गौरतलब है कि राज्य में आज की तारीख में सीआरपीएफ की 132 कंपनियों की तैनाती है। इन्हें मुख्य तौर पर राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में लगाया गया है। इन बलों की तैनाती पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा वक्त से है।**

# राज विस चुनाव : गहलोत के वादों पर एतबार नहीं कर रहे लोग





रमेश सर्राफ धमोरा

***राजस्थान*** विधानसभा का चुनावी संग्राम अंतिम दौर में पहुंच चुका है। सभी राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी पार्टी के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले दो वर्षों से कह रहे हैं कि हम राजस्थान में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज तोड़ेंगे और लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर नया रिकॉर्ड बनंगे। इसके लिए अशोक गहलोत साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपना रहे हैं। यहां तक कि उन्होंने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट की तारीफ करने में भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। सरकार की वापसी के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मतदाताओं को लुभाने के लिए पिछले काफी समय से तरह-तरह की योजनाएं चला रहे थे। अब उन्होंने चुनावी ब्रह्मास्त्र के रूप में अपनी सरकार की तरफ से लोगों को सात गारंटी देने की घोषणा की है। साथ ही यह भी कहा है कि सरकार रिपीट होने पर इन सातों गारंटी को लागू कर आम जनता को इनका फायदा पहुंचाया जायेगा। मगर गहलोत के साथ वही बात हो रही है कि बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते। राजस्थान के मतदाताओं को गहलोत की गारंटी के ऊपर एतबार नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जब पूरे पांच साल लगातार सरकार चलाई तब इन सब बातों पर अमल क्यों नहीं किया। अब गारंटी देकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। गहलोत सरकार ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को घरेलू कनेक्शन पर 100 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त उपलब्ध करवा रही है। मगर दूसरी तरफ विद्युत कंपनियां पिछले 3 साल की ऑडिट के नाम पर बहुत से घरेलू उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के रूप में पांच हजार से बीस हजार रुपये तक का बकाया निकाल कर वसूल रही है। इससे लोगों का गहलोत सरकार के प्रति विश्वास डगमगा गया है। लोगों का कहना है कि जहां हरियाणा में वृद्धावस्था पेंशन 2500 प्रतिमाह है। वही राजस्थान में चुनाव के नजदीक आने पर सरकार ने उसे बढ़ा कर 1000 किया है। प्रदेश में आज ऐसे बहुत से वरिष्ठ नागरिक है जिनके जीवन बसर का कोई साधन नहीं हैं। ऐसे में यदि वरिष्ठ जनों की पेंशन में बढ़ोतरी होती तो उनको जीवन बसर करने में बहुत सुविधा होती। मगर सरकार ऐसा करने में फेल रही है। गहलोत मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना की बहुत तारीफ करते घूमते हैं तथा चुनावी घोषणा पत्र में भी उसे बढ़ा कर 50 लख रुपए प्रति परिवार तक करने का वादा किया है। मगर प्रदेश के 95 फीसदी निजी अस्पतालों में यह योजना चल ही नहीं रही है। सिर्फ सरकारी अस्पतालों में चल रही है जहां की व्यवस्था का तो भगवान ही मालिक है। यदि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चिरंजीवी योजना की राशि को पहले के तरह ही रख कर उसे सभी निजी अस्पतालों में हर बीमारी के उपचार के लिए लागू करवा देते तो प्रदेश की जनता को अधिक फायदा मिलता। मगर ऐसा हो नहीं पाया। चुनाव की घोषणा के कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री ने उज्ज्वला योजना में महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की और जब भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सरकार बनने पर साढ़े चार सौ रुपए में सभी महिलाओं को हर माह एक गैस सिलेंडर देने की बात कही तो मुख्यमंत्री भी अब 400 में सिलेंडर देने की बात कहते घूम रहे हैं। मगर कांग्रेस सरकार ने उक्त योजना को सिर्फ उज्ज्वला के लाभार्थियों तक ही सीमित रखा। जबकि ऐसे बहुत से परिवार है जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। मगर उनके पास उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन नहीं होने से वह लोग इस तरह के लाभ से वंचित रह गये हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पांच वर्ष का कार्यकाल पार्टी में व्याप्त आंतरिक गुटबाजी व कांग्रेस नेताओं की आपसी लड़ाई में ही बीत गया। एक साल का समय तो कोरोना की भेंट चढ़ गया और बाकी समय सरकार बचाने को लेकर की गई बाड़ेबंदी में ही गुजर गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आम जनों के लिए बहुत बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की थी मगर वह धरातल पर नहीं उतर पाई। बजट के अभाव में बहुत सी सड़कों, जलदाय योजनाओं का काम अभी तक शुरू भी नहीं हो पाया है। जबकि उन्हें दो साल पूर्व के बजट में शामिल किया गया था। गांव में प्रारंभ किये गये महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालयों में भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से वहां पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई खराब हो रही है। पिछले 5 साल में जन विरोधी कार्यों के लिए जितनी गहलोत सरकार बदनाम हुई है। उतनी आज तक कोई भी सरकार नहीं हुई। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होना तो जैसे सरकार का मुख्य काम ही हो गया है। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होकर बाजार में बिकने के कारण राजस्थान के हजारों नौजवानों के नौकरी लगने से वंचित रह जाने के कारण उनका भविष्य खराब हो गया। राजस्थान लोक सेवा आयोग का सदस्य बाबूलाल कटारा रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बावजूद सरकार ने उसको आज तक पद से नहीं हटाया है। प्रदेश में जिस तरह से खनन माफिया हावी है और खान मंत्री प्रमोद जैन भाया पर कांग्रेस के ही वरिष्ठ विधायक भारत सिंह ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाये हैं, उसके बावजूद भाया का मंत्री पद पर बने रहना गहलोत सरकार के प्रति लोगों के मन में शक पैदा करता है। महिलाओं के प्रति विधानसभा में गलत बयान करने वाले शांति धारीवाल आज भी सरकार में मंत्री हैं तथा फिर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा शिक्षा राज्य मंत्री रहते जिस तरह से अपने रिश्तेदारों को सरकारी सेवा में अनधिकृत तरीके से भर्ती करवाने को लेकर बदनाम हुए हैं। उनकी बदनामी के दाग शायद ही कभी धूल पाए। राजस्थान में हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात की तुलना में 12 रुपये प्रति लीटर डीजल, पेट्रोल के महंगा बिकने के मुद्दे को जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी चुनावी सभा में उठाया है और वायदा किया है कि भाजपा की सरकार बनने पर तुरंत डीजल, पेट्रोल की कीमतों की समीक्षा कर उन्हें काम किया जायेगा। इसका प्रदेश के मतदाताओं पर गहरा असर हुआ है। गहलोत सरकार ने कई बार वायदा कर डीजल-पेट्रोल के दामों में कमी नहीं की। राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अधिक होने से प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में करीबन 400 पेट्रोल पंप बंद हो चुके हैं। पेट्रोल डीजल की कीमतों से आम आदमी का सीधा संबंध रहता है।

**प्रदेश में आज ऐसे बहुत से वरिष्ठ नागरिक है जिनके जीवन बसर का कोई साधन नहीं हैं। ऐसे में यदि वरिष्ठ जनों की पेंशन में बढ़ोतरी होती तो उनको जीवन बसर करने में बहुत सुविधा होती। मगर सरकार ऐसा करने में फेल रही है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

***आइये सुने ऋषि अत्री की कहानी***

**पुत्रोत्पत्ति** के लिए इन्होंने ऋक्ष पर्वत पर पत्नी अनुसूया के साथ घोर तप किया था जिस कारण इन्हें त्रिमूर्तियों की प्राप्ति हुई जिनसे त्रिदेवों के अशं रूप में दत्त (विष्णु) दुर्वासा (शिव) और सोम (ब्रह्मा) उत्पन्न हुए। इस तथ्य पर एक कथा आधारित है जो इस प्रकार है ऋषि अत्री और माता अनुसूइया अपने दाम्पत्य जीवन को बहुत सहज भाव के साथ व्यतीत कर रहे थे। देवी अनुसूइया जी की पतिव्रतता के आगे सभी के नतमस्तक हुआ करते थे। इनके जीवन को देखकर देवता भी प्रसन्न होते थे जब एक बार देवी लक्ष्मी, पार्वती और सरस्वती को ऋषि अत्रि की पत्नि अनुसूइया के दिव्य पतिव्रत के बारे में ज्ञात होता है तो वह उनकी परीक्षा लेने का विचार करती हैं और तीनों देवियां अपने पतियों भगवान विष्णु, शंकर व ब्रह्मा को अनुसूइया के पतिव्रत की परीक्षा लेने को कहती हैं। विवश होकर त्रिदेव अपने रूप बदलकर एक साधू रूप में ऋषि अत्रि के आश्रम जाते हैं और अनुसूइया से भिक्षा की मांग करते हैं। पर वह एक शर्त रखते हैं कि भिक्षा निर्वस्त्र होकर देनी पड़ेगी इस पर देवी अनुसूइया जी धर्मसंकट में फँस जातीं हैं। यदि भिक्षा न दी तो गलत होगा और देती हैं तो पतिव्रत का अपमान होता है अतः वह उनसे कहती हैं की वह उन्हें बालक रूप में ही यह भिक्षा दे सकती हैं तथा हाथ में जल लेकर संकल्प द्वारा वह तीनों देवों को शिशु रूप में परिवर्तित कर देती हैं और भिक्षा देती हैं। इस प्रकार तीनों देवता ऋषी अत्रि के आश्रम में बालक रूप में रहने लगते हैं और देवी अनसूइया माता की तरह उनकी देखभाल करती हैं कुछ समय पश्चात जब त्रिदेवियों को इस बात का बोध होता है तो वह अपने पतियों को पुनः प्राप्त करने हेतु ऋषि अत्रि के आश्रम में आतीं हैं और अपनी भूल के लिए क्षमा याचना करती हैं।

**(क्रमशः)**

# पूरे राष्ट्र को सांस्कृतिक सूत्र में बाधने का अद्भुत अभियान



रमेश शर्मा

***अयोध्या*** में भगवान राम का राज्याभिषेक साधारण नहीं था। उसमें पूरे भारत के सभी क्षेत्रों और समाज की सहभागिता थी। अब वही स्वरूप रामजन्मभूमि पर रामलला प्राणप्रतिष्ठा में भी देखने को मिलेगा। इसके लिये भारत के सभी पाँच लाख गाँवों को पीले चावल के साथ आमंत्रण भेजा गया है, जिसका वितरण आरंभ हो गया है। रामजन्मभूमि में निर्मित हो रहे भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह भी त्रेता में भगवान राम के राज्याभिषेक की भाँति भव्य और असाधारण होगा। पाँच सौ वर्षों के लंबे संघर्ष और लाखों प्राणों के बलिदान के बाद आये इस अवसर पर पूरे देश के सनातनियों की सहभागिता ठीक उसी प्रकार होगी जैसी रामजी के राज्याभिषेक के अवसर पर थी। वनवास काल के बाद अयोध्या लौटे भगवान राम का राज्याभिषेक एक शासक का पदारूढ़ होने अथवा लंका पर विजय का उत्सव आयोजन भर नहीं था। वह पूरे भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक, सामाजिक क्षेत्रीय एकत्व का स्वरूप था। इसकी तैयारी दोनों प्रकार से की गई थी। अयोध्या में रामजी के स्वागत के लिये भरतजी ने सभी समाजों, संतों और शासन प्रतिनिधियों को एकत्र किया था तो श्रीलंका से लौटते समय राम जी भी विभिन्न समाज, शासक और ऋषि-संतों को आग्रहपूर्वक अपने साथ लाये थे। वस्तुतः रामजी का अवतार सामाजिक संगठन, साँस्कृतिक पुर्नजागरण और मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिये हुआ। संपूर्ण धरती के प्राणियों को अपना परिवार मानना, जीने और जीने दो के सिद्धांत पर जीवन जीना मानवीय स्वभाव है जबकि दूसरे की धन संपत्ति और स्त्रियों का हरण करना आसुरी प्रवृत्ति है। सबका उनके मौलिक स्वरूप का सम्मान मानवीय स्वभाव है और सबको अपने रंग जैसा बनाना आसुरी लक्षण। लंका रावण की नहीं थी। कुबेर की थी। लेकिन रावण बलपूर्वक अधिकार करके स्वामी बन गया था। मानवों के अशक्त और असंगठित होने से ही आसुरी शक्तियाँ प्रबल होती हैं। रामजी ने जीवन भर संपूर्ण भारत राष्ट्र के निवासियों को उनके मौलिक और क्षेत्रीय संस्कृति के साथ संगठित करने में बिताया। इसकी झलक उनके राज्याभिषेक आयोजन में दिखती है। रामजी का वह राज्याभिषेक समारोह पूरे भारत के राष्ट्रीय स्वरूप का स्वरूप प्रतिबिंब था। भारत राष्ट्र के उसी सांस्कृतिक, सामाजिक क्षेत्रीय स्वरूप के दर्शन 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे जन्मभूमिस्थल पर बने मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में होंगे। इसके लिये अयोध्या से भारत के सभी पाँच लाख गाँवों के लिये आमंत्रण और पीले चावल भेजे गये हैं। भारत के विभिन्न प्रांतों और उपप्राँतों का अपना सामाजिक जीवन है। बोली और शैली में भी कुछ अंतर है। अयोध्या से विधिवत पूजन के बाद जो आमंत्रण पत्र और अन्य सामग्री विभिन्न प्रांतों में भेजी गई है वह उनकी स्थानीय भाषा और परंपरानुरूप है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने आमंत्रण और अक्षत के साथ जो पत्रक तैयार किया है उसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने नगर, मुहल्ले और गांव के प्रमुख मंदिर में दीप जलाकर उत्सव मनाने का आग्रह किया गया है । चूकि सभी लोगों का उस दिन अयोध्या पहुंचना संभव नहीं है। यह यातायात के साधनों और अयोध्या में ठहरने आदि की व्यवस्था की व्यवहारिक कठिनाइयाँ हैं। इसलिये श्रद्धालुओं से अपने गाँव में ही उत्सव मनाने और आयोजन से जुड़ने की अपेक्षा की गई है। न्यास द्वारा पत्रक और आमंत्रण भेजने के इस कार्य में विश्व हिन्दू परिषद सहित अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वयंसेवी संगठन सक्रिय हो गये हैं। विशेषकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता आमंत्रण पत्र वितरण का समन्वय कर रहे हैं। यदि यह कहा जाय कि रामजन्म भूमि के लिये चले निर्णायक आँदोलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका केन्द्रीभूत चेतना के रूप रही हो अनुचित न होगा।

**संपूर्ण धरती के प्राणियों को अपना परिवार मानना, जीने और जीने दो के सिद्धांत पर जीवन जीना मानवीय स्वभाव है जबकि दूसरे की धन संपत्ति और स्त्रियों का हरण करना आसुरी प्रवृत्ति है।**

धर्म

## फोटो की दुनिया




## फेसबुक वॉल से




# अमेरिका मिस्त्र व कतर की मध्यस्थता का सराहनीय परिणाम



किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तरपर कुछ देशों में आपसी मनमुटाव के संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन व इजरायल-हमास युद्ध का रूप धारण कर लिया है, जिसके पीछे पूरी दुनिया के देशों का पक्ष, विपक्ष समर्थन और न्यूट्रल के रहने से दुनियां तीन खेमों में बट गई थी है, जिसका परिणाम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते कदमों से पूरी मानव जाति चिंतित है। परंतु दिनांक 22 नवंबर 2023 को अमेरिका मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता का सराहनीय परिणाम मानवीय संघर्ष विराम समझौता जो अभी चार-पांच दिनों का है और पूरी संभावना है कि इसकी अवधि जरूर बढ़ेगी, उसने फिर एक बार दिखा दिया है कि आपसी वार्ता में दम है, यही वह अस्त्र है जिससे बढ़ती मानवीय जनहानि, प्राकृतिक संसाधनों का विनाश और भयंकर युद्ध के प्रकोप को रोका जा सकता है। एक ओर यह सफलता मिली है तो दूसरी ओर अब रूस-यूक्रेन युद्ध में भी यह प्रयास किये जाने चाहिए। चूंकि कूटनीतिक जीत के सफल नतीजे आये हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। इजराइल कैबिनेट ने मानवीय संघर्ष विराम समझौता 35/3 से पारित कर वार्ता से सफलता मिलने की कहावत पर मोहर लगाई है। साथियों बात अगर हम इजराइल हमास युद्ध विराम के लिए मानवीय संघर्ष विराम समझौते की करें तो बुधवार को सुबह कतर के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इसकी घोषणा की गई और इसे मिस्त्र, अमेरिका और कतर द्वारा मानवीय संघर्ष विराम के लिए की गई मध्यस्थता की वार्ता का नतीजा बताया। बयान में कहा गया है, युद्धविराम चार दिन का होगा। इसमें विस्तार की भी संभावना है। बयान के अनुसार, समझौते के तहत, इजराइल द्वारा पकड़े गए फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा कब्जे में लिए गए 50 बंधकों की रिहाई होगी। दोनों पक्षों द्वारा रिहा किये जाने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। बाद के चरणों में रिहा किये जाने वाले बंधकों की संख्या बढ़ सकती है। बयान के मुताबिक, इस समझौते से गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति भी बढ़ेगी और युद्धविराम से बड़ी संख्या में मानवीय सहायता एवं राहत सामग्री आपूर्ति वाहनों के काफिलों को जाने की अनुमति मिल जायेगी जिनमें ईंधन की आपूर्ति भी शामिल है। इजराइल कैबिनेट बैठक से पहले जोर दिया कि समझौता इजराइल की सेना के अभियान से हमास पर दबाव बढ़ने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि हमास को खत्म करने, सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और इजराइल की सुरक्षा को गाजा से कोई खतरा नहीं होने की पुष्टि समेत सारे लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। इजराइल और हमास बुधवार को चार दिन के अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत हो गये जिससे 150 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले गाजा में चरमपंथी समूह द्वारा बंधक बनाये गये 50 लोगों की रिहाई होगी और क्षेत्र में मानवीय सहायता आपूर्ति की अनुमति मिलेगी। साथियों बात अगर हम समझौते पर अमेरिका इजरायल की टिप्पणियों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, मैं कतर के शेख और मिस्त्र के राष्ट्रपति के अहम नेतृत्व और इस समझौते पर पहुंचने में उनकी भागीदारी के लिए उनका शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा, मैं इजराइल प्रधानमंत्री और उनकी सरकार की उस प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं जिन्होंने इस समझौते को पूरी तरह से लागू करने और गाजा में निर्दोष फलस्तीनी परिवारों की पीड़ा को कम करने के लिए अतिरिक्त मानवीय सहायता के प्रावधान सुनिश्चित करने के वास्ते एक विस्तारित विराम का समर्थन किया। यह घोषणा इजराइल के प्रधानमंत्री की उस टिप्पणी के बीच आई है जिसमें उन्होंने कहा था, हमारे सभी लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। तेल अवीव में करीब छह घंटे चली बैठक बुधवार को सुबह खत्म हुई।

**बयान के मुताबिक, इस समझौते से गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति भी बढ़ेगी और युद्धविराम से बड़ी संख्या में मानवीय सहायता एवं राहत सामग्री आपूर्ति वाहनों के काफिलों को जाने की अनुमति मिल जायेगी।**

विराम

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## गागर में सागर

### प्रतापपुर में जरासंध जयंती सह चंद्रवंशी महासम्मेलन का आयोजन



**प्रतापपुर(चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में गुरुवार कोचक्रवर्ती सम्राट जरासंध महाराज की जयंती समारोह सह चंद्रवंशी महासम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे जिला सहित झारखंड से सटे राज्य बिहार से भी भारी संख्या में समाज के लोग पहुंचे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले आगंतुको के लिए भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया था। समारोह का शुभारंभ चंद्रवंशी महासम्मेलन के अध्यक्ष विजय राम चंद्रवंशी, सचिव मिथलेश कुमार सोनू, महासचिव दामोदर चंद्रवंशी, विश्वनाथ राम चंद्रवंशी आदि ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची से महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष महेश चंद्रवंशी व वशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, जिला मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, अशोक गहलोत, प्रमुख पति कपिल पासवान, पुलिस निरीक्षक लव कुमार, एएसआई बिरेंद्र तिवारी, जिप सदस्या रीना देवी, संतोष कुमार राणा, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुदेश चंद्रवंशी उर्फ फंटूस, हंटरगंज के समाजसेवी अजय सिंह चंद्रवंशी, एसएलपीजी कंपनी के एमडी तथा सीईओ संजीव कुमार चंद्रवंशी, सिदकी मुखिया सुरेश राम, रविंद्र चंद्रवंशी, मुखिया अध्यक्ष किशोर यादव, समाजसेवी सम्मुख यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद सौंडिक, पूर्व मुखिया रीना देवी आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में झारखंड के चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, रांची, पलामू सहित बिहार के रानीगंज, बांकेबाजार, इमामगंज, गया आदि जगहों से भारी संख्या में चंद्रवंशी परिवार के लोग पहुंचे थे।

### दुर्गा मंडप व हनुमत मंदिर का भूमि पूजन



**पत्थलगडा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सुभाष चौक में माता दुर्गा मंडप व हनुमत मंदिर निर्माण के लिए गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। आचार्य अक्षयवट दयाल शर्मा के द्वारा पूजन करवाया गया, जिसमें यजमान के रूप में महेन्द्र दांगी व संजय दांगी स पत्नी शामिल थे। श्री श्री दुर्गा पूजा सह मंदिर निर्माण समिति पत्थलगड़ा द्वारा मंदिर निर्माण के लिए तीन लाख पच्चीस हजार रुपये सहयोग करते हुए पहला ईंट थाना प्रभारी सचिन कुमार दास, निर्माण समिति के अध्यक्ष आदि द्वारा संयुक्त रूप से रखा गया। समिति के संरक्षक सह पूर्व मुखिया वासुदेव तिवारी ने कहा कि माता दुर्गा का मंडप एंव हनुमान मंदिर काफी पुराना व जर्जर हाल में था, जिसे बनाना बहुत ही आवश्यक था। कार्यक्रम में संरक्षक ओम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता देवी, राधिका देवी, कुसुमलता कुशवाहा, संदीप सिंह, विशेश्वर दांगी, प्रमोद गुप्ता, विमल सिंह, बालेश्वर दांगी, मुकेश दांगी, अमित तिवारी, संजय दांगी, महासचिव अरविन्द ठाकुर, सचिव चुरामन प्रजापति, कोषाध्यक्ष उदय अग्रवाल, जितेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष वासुदेव दांगी, सनोज दांगी, बंधन प्रजापति, पत्रकार श्रीकांत राणा, हिन्दु जागरण मंच के आशीष दांगी, सुधीर ठाकुर, संजय सोनी, शंकर दांगी, मिथलेश केशरी, अशोक सोनी, नवीन कुमार, दीपक राज, सचिन कुमार, प्रदीप कुमार, पवन कुमार, शुभम कुमार, प्रकाश ठाकुर, दिलीप साव आदि शामिल थे।

### प्रखंड युवा राजद कमेटी का विस्तार

**बरवाडीह।** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर चुका है। कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत बनाने में जुट गए हैं। उधर भाजपा के कद्दावर नेता सह मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह के राजद में आने के बाद पार्टी जमीनी स्तर पर काफी मजबूत दिखाई दे रही है। इधर, राष्ट्रीय जनता दल के बरवाडीह प्रखंड युवा अध्यक्ष मोहित कुमार उर्फ मिठू ने प्रखंड युवा राजद कमेटी का विस्तार करने के साथ- साथ सभी पंचायतों में पंचायत अध्यक्षों की भी घोषणा कर दी है। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्षों को संगठन को धारदार बनाने की जिम्मेवारी भी दी है। इस संबंध में मोहित कुमार ने बुधवार को प्रेस बयान जारी किया, जिसमें युवा राजद के प्रखंड सचिव शंकर यादव, सह सचिव जितेंद्र यादव, उपाध्यक्ष कलाम अंसारी और शहाबुद्दीन अंसारी, महासचिव संजय प्रसाद, महामंत्री विजय ठाकुर, मीडिया प्रभारी संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष जनता पाल तथा छात्र मोर्चा का अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद को बनाया है। इसके अलावा पंचायत अध्यक्षों में केचकी पंचायत अध्यक्ष के रूप में सरफराज अंसारी के साथ-साथ हाशिम अंसारी को पोखरी, संतु सिंह बेतला, जगरुद्दीन अंसारी बरवाडीह, दिलीप यादव खुरा, मुकेश राम कुचिला, रवि शर्मा मोरवाई, विजय यादव छिपादोहर, जोजो खलको कैड़, खुशबुद्दिन अंसारी हरातु, अर्जुन यादव उकामाड़, विनोद लकड़ा लात और बसंत राम को छेंचा पंचायत अध्यक्ष बनाया गया है।

# बालूमाथ : संदिग्ध हालात में युवक का शव बरामद

## हत्या की आशंका जताते हुए विभिन्न पहलुओं की जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
थाना क्षेत्र के अंतर्गत आरा के सियानी टोला में पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में एक शव बरामद किया है। मृतक की पहचान बरतु गंझू के रूप में हुई है। घटना के संदर्भ में परिजनों ने बताया कि अर्धरात्रि से ही मृतक घर में नहीं था। परिजनों द्वारा खोजबीन की जा रही थी। सुबह मृतक के बेटे ने घर से कुछ दूरी पर हाड़ी महुआ के पास जख्मी और नग्न अवस्था में अपने पिता का शव पाया। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ डीएसपी दिल्लू लोहरा सहित बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो एवं पीकेट प्रभारी कुबेर साव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गए।

बता दें कि बरतु गंझू गांव में चिकन की दुकान चलाता था। बरतू अपने पीछे पत्नी के अलावा दो बेटे एवं दो बेटी छोड़ गया है। इस घटना को लेकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में सनसनी का माहौल है। घटना की जानकारी पाकर बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम एवं प्रखंड झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान एवं समाजसेवी महेंद्र गंझू, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग शोकाकुल परिजन से मिलकर सांत्वना दी। वहीं इस घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा जारी है। डीसीपी दिललू लोहरा ने बताया कि जिस स्थिति में शव को बरामद किया गया है उससे प्रथम दृष्टि से प्रतीत होता है कि यह हत्या की गई है। वहीं पुलिस विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

### संदग्धि हालात में फंदे से झूलता मिला महिला का शव

**चतरा/हंटरगंज।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेयपुरा पंचायत के बलनिया गांव की एक विवाहिता का शव घर में ही संदिग्ध हालात में फंदे से झूलता मिला। मृतका की पहचान बलनीया गांव निवासी विजय पासवान की पत्नी गोमती देवी के रूप में की गयी। विवाहिता की मौत की जानकारी मिलते ही पांडेयपुरा मुखिया पति सुनील रजक और आसपास के ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और सूचना हंटरगंज थाने को दी। खबर पाते ही थाना प्रभारी सनोज चौधरी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। महिला के आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की छानबीन मे जुटी है।

### 'जनता के लिए सुलभ उपलब्ध रहना विधायक को बनाता है उत्कृष्ट'

**बरवाडीह।** झारखंड विधानसभा के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक 2023 का सम्मान दिया गया। इस पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, बरवाडीह के प्रखंड प्रवक्ता प्रेम कुमार 'अधूरा' ने कहा कि सदन के अंदर और सदन के बाहर दोनों जगहों पर विधायक जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्वों व जन समस्याओं को मुखर होकर उठाने के लिए एवं जन समस्याओं के निदान एवं समाधान करने की दिशा में जमीनी स्तर पर लगातार प्रयासरत रहना, उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं निरंतर जनता के लिए सुलभ रहना उन्हें उत्कृष्ट बनता है। हमें और पूरी जनता को इस सम्मान पर गर्व है।

## पूर्व प्रमुख व भाजपा मंडल अध्यक्ष की हादसे में मौत

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
प्रखंड के कदगावां खुर्द निवासी पूर्व प्रमुख और वर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम कुमार सिंह (38) की मौत बुधवार रात्रि मिजार्पुर (उत्तर प्रदेश) में सड़क हादसे में हो गई है। दिवंगत अपने माता-पिता के इकलौते संतान थे। उनकी दो संतान 10 वर्षीय पुत्री वीणा और 8 वर्षीय पुत्र विनायक हैं। जानकारी के अनुसार व्यवसाय के सिलसिले में, बाकचों (इटखोरी) निवासी कार्तिक सिंह के साथ रीवा (मध्यप्रदेश) जा रहे थे। रात्रि में मिजार्पुर से 20 किलोमीटर दूर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे घटना-स्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। चालक कार्तिक गंभीर रूप से घायल है। दिवंगत विनम्र व मृदुल स्वभाव के हंसमुख

**प्रखंड में शोक की लहर गांव में पसरा मातम सबकी आंखें हुई नम**



व्यक्ति थे, जिसके कारण सबसे कम उम्र में प्रमुख बने। खाली समय में वे पिता धनंजय सिंह के कारोबार में भी हाथ बंटाकर पुत्र का फर्ज अदा करते थे। उनकी असामयिक मौत की खबर सुनकर पूरे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। सबके चेहरे उदास और आंखें नम हैं।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
डीटीओ के निदेर्शानुसार गुरुवार को गिद्धौर थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान डीटीओ कर्मी राजेश कुमार व थाना प्रभारी गुलाम सरवर के संयुक्त नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग दो दर्जन वाहनों की जांच कर लगभग 25000 रुपये राजस्व की वसूली ऑन द स्पॉट की गई। जांच अभियान में अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।



# चंदवा में आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी पूरी

## 24 नवंबर से 23 दिसंबर तक पंचायतवार लगेगा शिविर, लिए जाएंगे योजनाओं से संबंधित आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रखंड की 17 पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याओं के निदान हेतु 24 नवंबर से 23 दिसंबर तक पंचायत वार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। प्रखंड के 17 पंचायतों में शिविर आयोजित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की समस्या से रूबरू होंगे अधिकारी। शिविर में सर्वजन पेंशन, राशन, अबुआ आवास, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी आदि समेत सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का आवेदन पत्र प्राप्त कर त्वरित निदान किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड के हुटाप पंचायत में 24 नवंबर, सेरक पंचायत में 25 नवंबर, चकला में 29 नवंबर, जमीरा पंचायत में 1 दिसंबर, चेटर पंचायत में 2 दिसंबर, माल्हन पंचायत में 4 दिसंबर, चंदवा पुर्वी पंचायत में 6 दिसंबर, चंदवा पश्चिमी में 8 दिसंबर, अलौदिया में 9 दिसंबर, बारी में 11 दिसंबर, बरवाटोली में 13 को, कामता पंचायत में 15 को, डुमारो पंचायत 16 को, लाधुप पंचायत में 18 को, बनहरदी में 20 को, बोदा पंचायत में 22 दिसंबर को, सासंग पंचायत में 23 दिसंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने प्रखंड वासियों से पंचायत वार कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ उठाने व समस्याओं के निदान हेतु भाग लेने की अपील की है।




### उकामाड़ पंचायत में आज शुरू होगा कार्यक्रम

**बरवाडीह।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याओं के निदान हेतु 24 नवंबर से 28 दिसंबर तक पंचायत बार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि बीते वर्ष प्रदेश सरकार के 3 वर्ष के कार्यकाल पूरे होने पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता के बाद इस वर्ष सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम प्रखंड की 15 पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की समस्या से रूबरू होते हुए सर्वजन पेंशन, राशन, पेंशन, अबुआ आवास योजना आदि सभी योजनाओं के आवेदन पत्र प्राप्त कर त्वरित निदान किया जाएगा। बीडीओ ने बताया उकामाड़ पंचायत में शुक्रवार से इस कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। पोखरी कला पंचायत में 25 नवंबर, बेतला में 29, बरवाडीह पंचायत मुख्यालय में 2 दिसंबर, मंगरा पंचायत में 1 दिसंबर, छेंचा पंचायत में 4 दिसंबर, खूरा पंचायत में 6 दिसंबर, मोरवाई 8 दिसंबर, केचकी पंचायत में 9 दिसंबर, कुचिला में 11 दिसंबर, छिपादोहर में 13 दिसंबर, कैड़ पंचायत में 15 दिसंबर, लात पंचायत में 18 दिसंबर, हारातु पंचायत 20 में दिसंबर, चुंगरू पंचायत में 22 दिसंबर को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। बीडीओ ने कार्यक्रम में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## मयूरहंड में कदगावांकला से शुरू होगा आपके द्वार कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार व उपायुक्त द्वारा जारी सूची के अनुसार 24 नवंबर से 26 दिसबंर तक ह्वआपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वारह्व कार्यक्रम के तहत मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों में पंचायत स्तरीय शिविर के सफल आयोजन को लेकर बैठक की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ गुरुवार को बैठक कर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बताया गया कि पहले दिन शुक्रवार को कदगावांकला पंचायत सचिवालय में शिविर लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जिसमें अबुआ आवास को लेकर विशेष प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में ग्रामीणों से प्राप्त होने वाले आवेदनों को ससमय निष्पादन का निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जई उमेश उरांव एवं राजिव कुमार दास को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, मुखिया अशोक कुमार भुईयां, बीपीओ राजिव रंजन सिंह, प्रखंड प्रधान सहायक, पंचायत सचिव अर्जुन पासवान, कल्याण पदाधिकारी चंदन कुमार के अलावा प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का डीसी ने किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया(चतरा)**
जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने गुरुवार को सिमरिया व लावालौंग प्रखंड क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। सिमरिया प्रखंड के बगरा पंचायत अंतर्ग हफुआ के बूथ संख्या 54, बूथ 55, 58 व 61 का निरीक्षणकर फार्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त करने से संबंधित जानकारी उपस्थित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिमरिया, बीएलओ, सुपरवाईजर से लिया। उन्होने कहा किसी भी परिस्थिति में बिरहोर परिवारों का मतदाता सूची में नाम न छुटे, मतदाता सूची में टर्न आउट एवं नए मतदाताओं को जोड़ने हेतु कई महत्वपूर्ण दिश निर्देश दिए। वहीं बूथ संख्या 54 के मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाता सूची में नाम शामिल करने एवं लोगो को प्रेरित करने की अपील की। उपायुक्त ने बूथ संख्या 54 के समीप निवास करने वाले असहाय व निर्धन परिवारों के बीच कंबल वितरण भी किया। इसके अलावे आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तैयारियों की जानकारी ली।



## दो मुस्लिम भाइयों ने शिव मंदिर के लिए दान की जमीन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
शहर के आशा निवास मार्ग बाबा नगरी डुरुआ स्टेशन के चारमुहान में डुरुआ ग्राम के मुस्लिम समुदाय के दो चचेरे भाइयों ने शिव मंदिर निर्माण के लिए जमीन दान देकर समाज में एक मिसाल कायम की है। मो. महताब आलम, पिता स्व. अब्दुल रऊफ अंसारी और रब्बानी हुसैन, पिता मो. अमानत हुसैन द्वारा दान की कई जमीन पर गुरुवार को श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। प्रसिद्ध महंत संतोष मिश्रा द्वारा उच्चरित वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रवीण कुमार पांडेय ने सपत्नीक भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के बाद दोनों चचेरे भाइयों ने लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम समेत सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में ईंट से मंदिर निर्माण की नींव रखी। फीता काटा और मंदिर निर्माण में हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। दो चचेरे भाइयों ने कहा कि शहर का डुरुआ स्टेशन क्षेत्र हमेशा से सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल रहा है। हमारे पूर्वजों ने भी होली में अगजा के लिए जमीन दान की थी। उसी परंपरा को कायम रखते हुए दोनों चचेरे भाइयों ने भी शिव मंदिर निर्माण के लिए जमीन दान दी।



मंदिर निर्माण के भूमि पूजन के बाद विधायक बैद्यनाथ राम ने यहां आयोजित भंडारे का उद्घाटन किया। दोनों चचेरे भाइयों की पहल की सराहना की। कहा कि आज के समय में जहां लोग 1 इंच जमीन को छोड़ना नहीं चाहते हैं, वैसे समय में दोनों मुस्लिम भाइयों ने मंदिर निर्माण के लिए जमीन दान देकर समाज में एक मिसाल कायम की है। यह गंगा जमुनी तहजीब है। दोनों भाइयों की इस पहल की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। विधायक ने मंदिर निर्माण समिति को मंदिर निर्माण में हरसंभव मदद का भरोसा भी दिलाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, सरयू प्रसाद सिंह, किशोरी प्रसाद गुप्ता, बिहारी चौधरी, मधेशर सिंह, उदित ठाकुर, कांग्रेस नेता आफताब आलम, पंकज तिवारी, युवा नेता अंकित पांडेय, मंदिर निर्माण समिति के जितेंद्र यादव, बीरेंद्र सिन्हा, सुशील सिन्हा, गणेश उरांव, सीपु कुमार समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे मौजूद थे।

**भूमि पूजन के बाद रखी नींव, विधायक ने की पहल की प्रशंसा**

## खेलकूद

### लातेहार जिला सीनियर क्रिकेट लीग का उद्घाटन, 15 टीमों के बीच होगा मुकाबला

# शेरशाह स्ट्राइकर ने लातेहार राइनोज को दी मात

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
लातेहार जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सीनियर जिला क्रिकेट लीग 2023-24 का उद्घाटन गुरुवार को जिला खेल स्टेडियम में किया गया।

उद्घाटन मैच शेरशाह स्ट्राइकर बनाम लातेहार राहनोज के बीच खेला गया। लातेहार राइनोज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवरों में 83 रन पर पूरी टीम ढेर हो गई। श्रेयस राज ने 16 तथा आयुष सिंह ने 15 रन का योगदान दिया। शेरशाह स्ट्राइकर की ओर से अमन झा ने 4, अमित मुंडा ने 3 विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी शेरशाह स्ट्राइकर ने 12 ओवर में 3 विकेट खोकर 84 रन बनाकर मैच जीत लिया। प्रीतम महतो ने नाबाद 26, रितिक राज ने 24 रन का योगदान दिया। लातेहार राइनोज की ओर से चंदन कुमार ने 2 विकेट चटकाए। अंपायर श्रवण महली तथा आनंद सिंह थे, जबकि स्कोरिंग समरेश बादल ने की। मैच के पर्यवेक्षक संघ कार्यकारणी सदस्य शैलेश कुमार थे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शेरशाह स्ट्राइकर के अमन झा को संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह द्वारा दिया गया।



उद्घाटन के दौरान संघ के अध्यक्ष पंकजसिंह, सचिव अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, सदस्य शैलेश कुमार ने दोनों टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर संघ के अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि सीनियर जिला क्रिकेट लीग में 15 टीमों के बीच मुकाबला होगा। प्रतिदिन एक मैच का आयोजन किया जाएगा।

## अबुआ आवास योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता रथ हुए रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'अबुआ आवास योजना' के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर गुरुवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप ने दो एलईडी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ के माध्यम से अबुआ आवास योजना के सुयोग्य लाभुकों को 24 नवंबर से 23 दिसंबर तक जिले की सभी पंचायतों में होने वाले आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में शामिल होकर अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जाएगा।

इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिले में अबुआ आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों को तीन कमरे का पक्का मकान बनाने के लिए कुल दो लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। योजना के तहत वैसे लोगों को आवास योजना का लाभ मिलेगा जिसके कच्चे मकान हों, आवास विहीन एवं निराआश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार, बंधुआ मजदूर, वैसे परिवार जिन्हें राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो। मौके पर निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश आदि उपस्थित थे।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## एक नजर

### चुनाव आयोग ने राहुल को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राजस्थान की एक जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का संज्ञान लिया है। आयोग ने राहुल गांधी को नोटिस जारी कर पूछा है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। उन्हें शनिवार शाम तक जवाब देने का समय दिया गया है। आयोग ने उन्हें चुनाव आदर्श संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत नोटिस भेजा है। राहुल गांधी ने कल बाड़मेर में एक चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री के लिए 'जेबकतरा' और 'पनोती' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा उन्होंने विश्वकप हारने और उद्योगपतियों के कर्ज माफ करने के आरोप भी लगाए थे। भाजपा ने चुनाव आयोग से इस बारे में शिकायत की थी। पार्टी का कहना था कि प्रधानमंत्री के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करना और सत्यापित किए बिना आरोप लगाना गलत है।

### समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता न देने के फैसले पर होगा पुनर्विचार

**नई दिल्ली।** समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने के सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिकाओं के याचिकाकर्ताओं की ओर से आज इन याचिकाओं की सुनवाई बंद चैंबर की बजाय खुली अदालत में करने की मांग की गई। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन किया। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि हम याचिकाओं को देखकर इस पर फैसला लेंगे। ये याचिकाएं सुनवाई के लिए 28 नवंबर को लगी हैं। रोहतगी ने कहा कि ये याचिकाएं 28 नवंबर को सुनवाई के लिए लगी हैं। कोर्ट ये सुनिश्चित करे कि उस दिन ये मामला सुनवाई की लिस्ट से डिलीट न हो।

# वह दिन दूर नहीं जब मथुरा में भगवान कृष्ण के दिव्य दर्शन होंगे : पीएम मोदी

**एजेंसी। मथुरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया है। मथुरा में भी पहले राधा जी फिर कान्हा जी का नाम लिया जाता है। भारत के मुश्किल समय में संत मीराबाई ने हमें दिशा दिखाई। उन्होंने संत रविदास को अपना गुरु माना। वह समाज सुधारक और पथप्रदर्शक भी थीं। मीराबाई हमें रुढ़ियों से दूर रहकर अपने मूल्यों से जुड़े रहने की सीख देती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब मथुरा में भी भगवान कृष्ण के भव्य और दिव्य दर्शन होंगे। ब्रज क्षेत्र में बदलाव हो रहा है। यह केवल व्यवस्था का बदलाव नहीं है, बल्कि यह भारत के पुनर्जागरण का विकास है।



प्रधानमंत्री मोदी संत मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर रेलवे ग्राउंड में आयोजित 'ब्रज रज उत्सव' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के चुनावी रण से यहां भक्तिमय वातावरण में आ गया हूं। यह मेरे लिए परम सौभाग्य का है। यहां के कण-कण में भगवान का दर्शन होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी को नमन करते हुए संत मीराबाई को प्रमाण करता हूं। भगवान श्रीकृष्ण से लेकर मीराबाई तक का गुजरात का रिस्ता है। राजस्थान से मीरा ब्रज आईं। फिर वह भी द्वारिका गईं। मुझे तो मां गंगा ने बुलाया और फिर द्वारिकाधीश की कृपा से आप सबके बीच में ही आकर बस गया। मीराबाई की याद में आयोजित यह कार्यक्रम हमें भक्ति, श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत उदाहरण है। यह अप्रतिम है। हम भगवान कृष्ण में सुदर्शनधारी को देखते हैं और वंशी वाले कान्हा भी दिखते हैं।

भारत ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया है। यहां भी पहले राधा जी फिर कान्हा जी का नाम लिया जाता है। भारत के मुश्किल समय में संत मीराबाई ने हमें दिशा दिखाई। उन्होंने संत रविदास को अपना गुरु माना। वह समाज सुधारक और पथप्रदर्शक थीं।

प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार शाम को मथुरा पहुंचे। वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर गए। प्रधानमंत्री ने मंदिर के गर्भगृह में विधिवत दर्शन-पूजन किया। यह पहली बार है जब देश का कोई प्रधानमंत्री श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचा है। हालांकि मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर मथुरा का यह चौथा दौरा है। प्रधानमंत्री का श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर आना बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी, स्थानीय सांसद हेमा मालिनी, स्थानीय विधायक श्रीकांत शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राजौरी मुठभेड़ में मरने वालों की संख्या 7 हुई



**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में गुरुवार को 28 घंटे से अधिक लंबे ऑपरेशन में सेना का एक जवान और एक आतंकवादी मारा गया, जिससे मरने वालों की संख्या 7 हो गई। मुठभेड़ में दो आतंकी और दो कैप्टन समेत सेना के पांच जवान शहीद हो गए हैं। दोनों आतंकवादी और एक सैनिक गुरुवार को मारे गए थे जबकि दो कैप्टन सहित चार सैनिक बुधवार को मारे गए थे। विशिष्ट खुफिया जानकारी के बाद, सेना और पुलिस सहित सुरक्षा बलों ने बुधवार सुबह राजौरी जिले के कालाकोट के बाजी माल इलाके में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। ऑपरेशन में सेना के एक मेजर और दो जवान घायल हो गए। मारे गए दोनों आतंकियों में से एक की पहचान पाकिस्तान के क्वारी के रूप में हुई है। सूत्रों ने कहा कि वह प्रशिक्षित आतंकवादी था, जो जम्मू-कश्मीर में अभी भी सक्रिय शीर्ष आतंकवादियों में से एक के रूप में वांछित था।

# 'अनुमान के आधार पर जाति जनगणना का विरोध न करें'

**एजेंसी। बेंगलुरु**

राजनीतिक नेताओं से जाति आधारित जनगणना को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि केवल अनुमानों के आधार पर विरोध न करें। विरोध करने वाले लोग इसके विषय में नहीं जानते। बागलकोट में पत्रकारों से बात करते हुए सिद्दारमैया ने कहा, 'रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद इस मुद्दे पर चर्चा करते हैं।' जाति-जनगणना के गायब ब्लूप्रिंट के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के. जयप्रकाश हेगड़े को आमंत्रित करेंगे और उनसे बात करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और जद(एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी के इस आरोप पर कि जाति जनगणना रिपोर्ट समाज को विभाजित कर देगी, सिद्दारमैया ने सवाल किया कि क्या कुमारस्वामी को पता था कि रिपोर्ट में क्या है। उन्होंने कहा, बिना जाने किसी को इस बारे में बात नहीं करनी चाहिए। समाज कैसे बंटेगा? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति जनगणना को स्वीकार किया था, उन्होंने बिहार में समाज को बांटा है? कोई भी बयान सच्चाई के आधार पर दिया जाना चाहिए। इस बीच, पूर्व सीएम और बीजेपी नेता बसवराज बोम्मई ने गुरुवार को कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, मुख्यमंत्री सिद्दारमैया राजनीतिक लाभ लेने के लिए जाति जनगणना रिपोर्ट मामले को सामने ला रहे हैं। बोम्मई ने कहा, शुरूआत से ही सिद्दारमैया ने जाति जनगणना के मुद्दे को भ्रम का विषय बना रखा था। शुरूआत में इस सर्वेक्षण को जाति जनगणना कहा गया, बाद में इसे सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण रिपोर्ट करार दिया गया।

## भारत की सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज फातिमा बीवी का 96 साल की उम्र में निधन

**तिरुवनंतपुरम।** भारत की सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश फातिमा बीवी का गुरुवार को कोल्लम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।



उन्होंने 96 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। शीर्ष अदालत की पहली महिला न्यायाधीश होने के अलावा वह राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पहली अध्यक्ष और पहली मुस्लिम महिला राज्यपाल (तमिलनाडु) थीं। बीवी ने 1950 में खुद को एक वकील के रूप में नामांकित किया और केरल में निचली न्यायपालिका में अपना करियर शुरू किया।

# राजस्थान में चुनाव प्रचार का दौर थमा, मतदान कल

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए जनसभाओं एवं रैलियों का दौर गुरुवार को थम गया। उम्मीदवार अब घर घर जाकर ही मतदाताओं से अपील करेंगे। राजस्थान में कुल 200 विधानसभा सीट में 199 के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा। इन सीट पर 5,25,38,105 मतदाता हैं और 1863 उम्मीदवार हैं।

निर्वाचन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए चुनाव प्रचार गुरुवार की शाम छह बजे थम गया। शनिवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। नियमों के अनुसार अब चुनाव को लेकर कोई जनसभा या जुलूस नहीं निकाल सकेगा। अब मतदान से पूर्व चुनाव संबंधी कोई भी मामला टेलीविजन या किसी अन्य माध्यम से जनता के लिये प्रसारित नहीं किया जा सकता।




मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इन प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उसे दो साल तक की कैद या जुमार्ना या दोनों से दंडित किया जाएगा। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि कोई भी राजनीतिक व्यक्ति, जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या उम्मीदवार नहीं है या सांसद या विधायक नहीं है, वह चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद उस निर्वाचन क्षेत्र में नहीं रह सकता है। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ कांग्रेस एवं मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी में माना जा रहा है। कांग्रेस ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को मुख्य रूप से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार के कामों, उसकी योजनाओं और कार्यक्रमों पर केंद्रित किया। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में सात महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की है वहीं भाजपा राज्य में अपराध, तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस पर हमलावर रही है।

कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और अन्य नेताओं ने कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया। भाजपा के प्रचार अभियान की बागडोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाली। उन्होंने बीते कई दिनों में अनेक जगह जनसभाएं कीं। उन्होंने बीकानेर और जयपुर में रोड शो भी किया। इसी तरह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उ.प्र के मुख्यमंत्री योगी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व राजनाथ सिंह ने भी अनेक जगह जनसभाएं कीं। राज्य में 200 विस सीट हैं लेकिन करणपुर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत सिंह कुन्नर का निधन हो गया है जिसके कारण 199 सीटों पर मतदान होगा।

# भयावह : वायरल वीडियो में शव पर नृत्य करता दिखाई दे रहा नाबालिग



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सड़क पर डकैती के दौरान एक किशोर को 50 से अधिक बार चाकू मारने के आरोप में एक लड़के को गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद, जांचकर्ताओं ने गुरुवार को एक वीडियो जारी किया, जिसमें आरोपी नाच रहा है और हत्या का 'जश्न' मना रहा है। सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपी नाबालिग को शव को एक संकरी गली में घसीटते हुए दिखाया गया है। वह पीड़ित की मौत सुनिश्चित करने के लिए उसकी गर्दन पर बार-बार वार करता है, हमलावर सिर पर भी कई बार लात मारता है। यह भयानक दृश्य हमलावर के बेजान शरीर के ऊपर खड़े होने और नृत्य करने के साथ समाप्त होता है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात करीब 11.15 बजे पूर्वोत्तर दिल्ली के वेलकम स्थित जनता मजदूर कॉलोनी में 16 साल के एक लड़के ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) जॉय टिर्की ने कहा, घटना की जांच के दौरान, नाबालिग को पकड़ लिया गया और अपराध में इस्तेमाल चाकू उसके कब्जे से बरामद कर लिया गया। डीसीपी ने कहा, हत्या के पीछे का कारण डकैती है। लड़के ने पहले पीड़ित का गला दबाया और जब वह बेहोश हो गया, तो आरोपी ने उससे लगभग 350 रुपये लूटने से पहले उस पर कई बार चाकू से वार किया। डीसीपी ने कहा, पीड़ित को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राज्य की जनता भाजपा को देगी प्रचंड बहुमत : अमित शाह

**एजेंसी। जयपुर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान की जनता उन्हें प्रचंड बहुमत देने के लिए खड़ी है। यहां सभी रिकॉर्ड तोड़कर भाजपा की सरकार बनेगी। देशभर में प्रचलित ओल्ड पेंशन स्कीम पर वे बोले कि ओपीएस को लेकर भी कमेटी बनायी है। यहां पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि राजस्थान में पिछले पांच साल में प्रतिदिन 19 मामले सामने आए हैं। यहां 35 हजार से ज्यादा दुष्कर्म की घटनाएं दर्ज हुई हैं। देशभर में रेप के केसों में यहां 22 प्रतिशत मामले हैं, फिर भी अशोक गहलोत सरकार के कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। महिलाएं एकजुट होकर अशोक गहलोत के खिलाफ और नरेंद्र मोदी के साथ नजर आ रही हैं। साथ ही राजस्थान में 19 हजार



से ज्यादा किसानों की भूमि को नीलाम किया। किसानों से कर्ज माफी का वादा करके आई गहलोत सरकार पांच साल में 5 प्रतिशत किसानों का भी कर्ज माफ नहीं कर पाई। किसान गहलोत सरकार के खिलाफ भाजपा के साथ लामबंद होकर खड़े हैं। यहां दर्जनों किसान आत्महत्या कर चुके हैं। इसके अलावा राज्य में भर्तियों में पेपरलीक के मामले में एक प्रकार से सारे रिकॉर्ड तोड़ गए। पूरे देशभर में 3 साल में 15 से ज्यादा पेपरलीक के मामले कहीं नहीं देखे गए। करीब 40 लाख से ज्यादा युवा अभ्यर्थी इन परीक्षाओं में बैठने वाले थे। उनके भविष्य को गहलोत सरकार ने बर्बाद किया है। यहां तक कि इन मामलों की सही जांच नहीं करवाई गई है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने यह भी कहा कि पीएम मोदी ने देश को सुरक्षित किया है, समृद्ध किया है, अर्थव्यवस्था को 5वें नंबर पर लेकर आएं, तिरंगा चंद्रमा पर लहराया। गृहमंत्री अमित शाह ने सचिन पायलट को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि गहलोत साहब का चश्मा ही जाति का है। मगर गहलोत साहब सचिन के लिए दो अच्छे वाक्य बोले दें बस। गुजराती राजस्थान में आकर मारवाड़ी को हराना चाहते हैं के सवाल पर कहा, यहां की सभी सीटों पर केवल राजस्थान के बेटे-बेटियां ही चुनाव लड़ रही हैं।




## दर्शकों के दिलों में बसने वाले किरदार बनाना महत्वपूर्ण : सलमान खान

**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान को हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'टाइगर 3' के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। सलमान ने कहा कि कुछ चीजें खास हो सकती हैं लेकिन दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए रहने वाले किरदार बनाने की भावना वास्तव में अद्वितीय है। फिल्म में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी हैं। निर्माताओं के अनुसार फिल्म ने अब तक वैश्विक बॉक्स-ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म के लिए दर्शकों द्वारा सराहना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सलमान ने एक बयान में कहा, यह काफी आश्चर्यजनक है कि मेरे दो सबसे पसंदीदा किरदार प्रेम और टाइगर ने दिवाली पर लोगों का इतना मनोरंजन किया है। एक अभिनेता के रूप में मैंने केवल अपने ब्रांड के सिनेमा के माध्यम से लोगों के लिए यादें बनाने पर ध्यान दिया है और मैं भाग्यशाली हूं कि उन्होंने मुझे प्यार दिया।" अभिनेता ने कहा, माइलस्टोन हमेशा खास होते हैं, लेकिन इससे भी अधिक खास बात ऐसे किरदार बनाना है जो दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए रहते हैं। मुझे उम्मीद है कि लोग प्रेम और टाइगर को हमेशा समान रूप से पसंद करेंगे, क्योंकि मेरे इन दोनों किरदारों ने मुझे सराहना दी है।



## रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म 'एनिमल' का ट्रेलर हुआ रिलीज

**बॉलीवुड** एक्टर रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' इस वक्त चर्चा में है। कुछ दिनों पहले इस फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। इसमें रणबीर का रौद्र रूप देखने को मिला। एक्शन से भरपूर इस टीजर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। साथ ही ये गाने सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहे हैं। इस फिल्म का क्रेज भारत के साथ-साथ विदेशों में भी देखने को मिल रहा है। टीजर से ही दर्शक इस फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब इंतजार खत्म हुआ। रणबीर कपूर स्टारर 'एनिमल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है और निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के मुताबिक यह ट्रेलर भी हिंसा और खून-खराबे से भरा है। ट्रेलर की शुरूआत में ही रणबीर कपूर और अनिल कपूर के बाप-बेटे के एक अलग और अजीब रिश्ते की झलक मिलती है। ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस फिल्म में एक ऐसे अपराधी बेटे के रिश्ते को उजागर किया जाएगा।

**जागरूक**

## सोशल मीडिया मंचों के प्रतिनिधियों से मिले अश्विनी वैष्णव, कहा-

# 'डीपफेक' से निपटने के लिए नए नियम लाएंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'डीपफेक' को लोकतंत्र के लिए नया खतरा करार देते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार इससे निपटने के लिए जल्द ही नए नियम लाएगी। मंत्री ने 'डीपफेक' के मुद्दे पर सोशल मीडिया मंचों के प्रतिनिधियों से गुरुवार को मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कंपनियां 'डीपफेक' का पता लगाने, इससे निपटने, इसकी सूचना देने के तंत्र को मजबूत करने और उपयोगकर्ताओं में जागरूकता बढ़ाने जैसी



स्पष्ट कार्रवाइयां करने पर सहमत हुईं। वैष्णव ने पत्रकारों से कहा, हम आज ही विनियमन का मसौदा तैयार करना शुरू कर देंगे और कुछ ही समय में हमारे पास 'डीपफेक' से निपटने के लिए नए नियम होंगे...यह मौजूदा ढांचे में संशोधन या नए नियम या नया कानून लाने के रूप में हो सकता है। मंत्री ने कहा कि 'डीपफेक' लोकतंत्र के लिए एक नया खतरा बनकर उभरा है। वैष्णव ने कहा, हमारी अगली बैठक दिसंबर के पहले सप्ताह में होगी...आज किए गए फैसलों पर उसमें आगे की चर्चा होगी। मसौदा विनियमन में क्या शामिल किया जाना चाहिए, इस पर भी चर्चा की जाएगी। 'डीपफेक' में कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करते हुए किसी तस्वीर या वीडियो में मौजूद व्यक्ति की जगह किसी दूसरे को दिखा दिया जाता है। इसमें इतनी समानता होती है कि असली और नकली में अंतर करना काफी मुश्किल होता है। हाल ही में, बॉलीवुड के कई कलाकारों को निशाना बनाने वाले कई 'डीपफेक' वीडियो सोशल मीडिया मंच पर आए। इसपर कई लोगों ने नाराजगी जाहिर की। इससे नकली सामग्री बनाने के लिए प्रौद्योगिकी तथा उपकरणों के दुरुपयोग को लेकर भी कई सवाल खड़े हो गए।

## 54वें आईएफएफआई में आज तुर्किये की फिल्म 'अबाउट ड्राई ग्रासेस' की जाएगी प्रदर्शित

भारत का 54वां अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज अपने मध्य में पहुंच जाएगा। मिडफेस्ट के रूप में तुर्किये के सिनेमा की बेहतरीन कृति और नूरी बिल्गे सीलन की निर्देशित फिल्म अबाउट ड्राई ग्रासेस को प्रदर्शित किया जाएगा। अपनी रोमांचक कहानी और असाधारण प्रदर्शन के लिए मशहूर इस फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा मिली है। इसकी नवीनतम प्रशंसा कान फिल्म फेस्टिवल 2023 में सर्वश्रेष्ठ




अभिनेत्री का पुरस्कार है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार फिल्म अबाउट ड्राई ग्रासेस आज शाम 5:30 बजे पणजी में आईएनओएक्स स्क्रीन -1 में प्रदर्शित की जाएगी। स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म के कलाकारों और क्रू को सम्मानित किया जाएगा। अबाउट ड्राई ग्रासेस फिल्म कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023, टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023, कालोर्वी वैरी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023, बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 और साओ पाउलो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 सहित दुनिया भर के प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में पहले ही अपनी छाप छोड़ चुकी है।

# ईडी अफसरों के खिलाफ साजिश व गवाहों को धमकाने के मामले की सीलबंद रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपी गई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय की ओर से ईडी के अफसरों को फंसाने की साजिश और गवाहों को धमकाने के मामले में हाईकोर्ट में सीलबंद रिपोर्ट सौंप दी गई। इस मामले में अगली सुनवाई 15 दिसंबर को होगी। इससे पहले हाईकार्ट ने 7 नवंबर को एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान ईडी से इस प्रकरण में सीलबंद रिपोर्ट मांगी गई थी। मनी लॉन्डिंग के मामले में रांची जेल में बंद आरोपियों ने ईडी के असफरों को फंसाने की साजिश रची जा रही थी। इसके अलावा इन आरोपियों की ओर से ईडी के गवाहों को धमकाने की भी कोशिश की गई। इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट की ओर से ईडी से सीलबंद रिपोर्ट मांगी गई थी। ईडी की ओर से सीलबंद रिपोर्ट गुरुवार को हाईकोर्ट को सौंप दी गई।

**मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर को :** चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने रिपोर्ट देखने के बाद ईडी से पूछा कि क्या वह इसे राज्य सरकार के साथ शेयर कर सकती है? कोर्ट ने इस संबंध में ईडी को अगली सुनवाई की तारीख को प्रति-शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। अगली सुनवाई की तारीख 15 दिसंबर मुकर्रर की गई है।



**ईडी अफसरों ने साजिश की जताई थी आशंका :** हाईकोर्ट ने 7 नवंबर को एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी से इस प्रकरण में सीलबंद रिपोर्ट मांगी थी। दरअसल, ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में दिए गए आवेदन में कहा था कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद कुछ अभियुक्त ईडी के अफसरों को झूठे मुकदमे में फंसाने और उन्हें नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रहे हैं।

**केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी भेजी गई थी रिपोर्ट :** ईडी का कहना है कि मनी लॉन्ड्रिंग के अभियुक्त उनके अफसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों और अपराधियों के भी संपर्क में हैं। इसकी पूरी रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी थी। कोर्ट में दिए गए इसी आवेदन के आलोक में ईडी को 3 नवंबर को जेल में छापेमारी की इजाजत दी गई थी।

### गवाहों को भी पूर्व में दी गई थी धमकी

प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (होटवार) में छापामारी के दौरान कई महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज मिले थे।इसमें जेल के एक अधिकारी द्वारा फोन कर इडी के गवाहों को धमकाने का सीसीटीवी फुटेज भी शामिल है। उक्त जेल अधिकारी के कुख्यात अपराधियों और नक्सलियों के संपर्क में रहने के भी सबूत मिले थे। इडी ने तीन नवंबर को कोर्ट के आदेश पर केंद्रीय कारा में छापा मारा था। इडी को अपने अहम गवाहों को धमकी देने की जानकारी मिली थी। उन्हें गवाही देने से मना किया जा रहा था। साथ ही बात नहीं मानने पर परेशानी में पड़ने की बात कही जा रही थी। ईडी ने अपने गवाहों को धमकी देने की सूचना के बाद उन फोन नंबरों को सर्विलांस पर रखा था, जिन फोन नंबरों से धमकी दी जा रही थी. जांच में सभी फोन नंबरों के लोकेशन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के आसपास के टावरों के मिले थे। इस बात की पुष्टि होने के बाद इडी ने कोर्ट से अनुमति लेकर शुक्रवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापा मारा और सीसीटीवी फुटेज की जांच की. इसमें इडी को मिली सूचनाएं सही पायी गयी. इडी को इस बात की सूचना मिली थी कि उसके अधिकारियों को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची जा रही है ताकि जांच को प्रभावित किया जा सके. इसके अलावा उन मामलों को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही थी जिसके आधार पर इडी ने इसीआइआर दर्ज कर अवैध खनन, जमीन, मनरेगा घोटाला की जांच कर रही है.

**सीसीटीवी फुटेज और जेल के हेड क्लर्क का मोबाइल जब्त :** इस दौरान एजेंसी ने जेल के कुछ सीसीटीवी फुटेज और जेल के हेड क्लर्क दानिश का मोबाइल जब्त किया था। जांच में जानकारी मिली कि दानिश मोबाइल से मनी लॉन्ड्रिंग के गवाहों को धमकी दे रहा था। उसके मोबाइल में कई गवाहों के नंबर और बातचीत का रिकॉर्डिंग मिली है।

## आईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ जवान घायल

**चाईबासा ।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित हेसाबंद में गुरुवार सुबह नक्सलियों द्वारा लगाया गया आईईडी बम ब्लास्ट हो है. जिसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया. घायल जवान सीआरपीएफ 174 बटालियन के कांस्टेबल हफीजुल रहमान है. उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया है. जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ जवान नक्सलियों के खिलाफ अभियान पर निकले थे. इसी दौरान आईईडी बम ब्लास्ट हो गया. जिसकी चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया. घटना के तुरंत बाद घायल जवान को जंगल से निकाला गया. बता दें कि इससे पहले बीते 17 नवंबर को गोइलकेरा में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में शामिल सीआरपीएफ के तीन जवान आईईडी की चपेट में आकर घायल हो गये थे. इनमें से एक जवान शहीद भी हो गया था. जबकि अन्य दोनों जवानों को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया था.

## एक नजर

### अतीक अहमद कुस्सु और परवेज की जोड़ी सेमी फाइनल की दौड़ में

**रांची।** चर्च कॉम्प्लेक्स में चल रहे मॉर्निंग ग्रुप के तत्वाधान में खेले जा रहे चौथा मौलाना आजाद बैडमिंटन टूनार्मेंट में आज अतीक अहमद कुससू और परवेज खान की जोड़ी ने अपना पहला मैच गवाने के बाद लगातार दो मैच जीत कर सेमी फाइनल की दावेदारी मजबूत कर ली है जहां आज हसन सैफी प्रिंस और अब्दुल रहमान की जोड़ी को सीधे दो सेटों में मात देकर मैच अपने नाम किया और और सेमी फाइनल की ओर कदम बढ़ाया,आज के मुख्य अतिथि समाज सेवी और मॉर्निंग ग्रुप के सरपरस्त श्री विजय साहू ने कहा कि मॉर्निंग ग्रुप एक ऐसा ग्रुप है जहां 15 साल के बच्चों से लेकर 80 साल के बुजुर्ग तक को खेल से जोड़ने का काम कर रही है जिससे बच्चों में खेल की भावना जाग रही है वहीं बड़ों और बुजुर्गों में अपनी सेहत के प्रति जागरूकता आ रही है की आज पचास लोगों के समूह के साथ मॉर्निंग ग्रुप समाज को जोड़ने का काम कर रही है,वहीं आज के मैच के मुख्य अंपायर नफीस अख्तर और अब्दुल खालिक नन्हू को अब्दुल मन्नान और मो मीर और एजाज आलम ने सहयोग किया.

### माहेश्वरी भवन में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन

**रांची।** माहेश्वरी महिला चौपाल के सौजन्य से माहेश्वरी भवन में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस चौपाल ग्रुप में माहेश्वरी समाज की वरिष्ठ 55 महिलाएं शामिल है दीपावली एवं तुलसी विवाह के उद्देश्य से भवन में महिलाओं के लिए कार्यक्रम की की तैयारी की गई `सभी महिलाएं दिवाली मिलन समारोह के लिए भारतीय परिधान में अच्छे से तैयार होकर एक दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दीं सभी ने पहले तुलसी बिरले को दुल्हन की तरह सजाया, चारों ओर दिए की रोशनी से सजा कर तुलसी एवं शालिग्राम जी के भजन गए, इस कार्यक्रम में सुमन चितलांगिया, संगीत चितलांगिया, रेनू फलोर, इंदु, कविता, किरण बियानी , ममता बांगर ,विजयश्री साबू, कुमुद लखोटिया ,शशि डागा, विजयश्री साबू,उषा डागा, सरला सारदा, उषा सोमानी, शिखा बिरला, राधा चितलांगिया,, प्रेमलता,नीलू साबू,उमा साबू, मंजू काबरा, प्रीति, रेखा बिहानी, उमा साबू, संगीता बांगर, उषा काबरा, सरिता खटोर, रेनू काबरा,प्रमिला सोमानी उर्मिला सोमानी, आदि का साथ रहा .

### झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा ने दिया ज्ञापन

**रांची।** मुमताज खान के नेत्रित्व मे आज झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितकरण आयोग के अध्यक्ष दुर्गा उरावं से मिल कर ज्ञापन दिया । इन्होने अस्वस्त किया की पुराने आवेदन को सर्वप्रथम निपटाया जायगा और जल्द सूची जारी की जायगी। उन्होंने कहा की संसाधन और कर्मचारी की कमी के कारण देरी हो रही है इसके लिये सरकार को लिखा गया है। उसके बावजूद आयोग ने अभी तक १०४३० आंदोलन कारीगयो की पहचान कर गृह विभाग को सूची भेज दी है। लगभग ४००० लोगो की सूची ग्रिह विभाग द्वारा सम्पूस्ट की जा चुकी है। आज पैरतिनिधि मण्डल मे मुमताज खान के साथ बिमल कच्छप, सफिक आलम,शुशीला एकका,नीलमानी भगत,रतन अनमोल संचा ,देवकर साहू, शिवसंकर महतो, इतवा उरांव, अलफ्रेड मिंज,भावा उरांव, घिनु,इबादत, नौसाद,असलम अंसारी शामिल थे।

## गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में निकाली गई प्रभात फेरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में तड़के 5:15 बजे प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकल कर मेट्रो गली,रातू रोड होते हुए नागा बाबा खटाल चौक पहुंची, जहां इसका मिलन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा,मेन रोड एवं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा,पिस्का मोड़ की प्रभातफेरीओं से हुआ.वहां से तीनों प्रभातफेरियाँ सम्मिलित होकर महावीर चौक,कुंजलाल स्ट्रीट होते हुए शास्त्री मार्केट पहुंची जहां उसका मिलन गुरुद्वारा स्टेशन रोड तथा गुरुद्वारा साहिब कडरू की प्रभातफेरियों से मिलन हुआ.वहां से पांचों प्रभातफेरी सर्जना चौक,डेली मार्किट होते हुए श्री गुरु सिंह सभा,मेन रोड गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर विसर्जित हो गई और इसी के साथ गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में पिछले दस दिनों से निकाली जा रही शहर की तमाम प्रभातफेरियों का आज समापन हो गया.मौके पर गुरु सिंह सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर भी चलाया गया. प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं ने सतगुरू नानक परगटया मिट्टी धुंध जग



चानन होआ........ एवं कल तारण गुरुनानक आया........ तथा देह शिवा वर मोहे इहे शुभ करमन ते कबहुँ ना टरौं......... जैसे अनेक शबद गायन कर पूरे शहर को नानकमय कर दिया. फेरी का तारा हैंडलूम, एस के सूट एंड साड़ीज, कुंजलाल स्ट्रीट दुकानदार एसोसिएशन, शास्त्री मार्केट एसोसिएशन एवं नटराज होटल डेली मार्केट ने पुष्प वर्षा तथा चाय एवं मिष्टान्न प्रसाद का वितरण कर गर्मजोशी से स्वागत किया. सरदार छोटू सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की तथा मनीष मिढा ने श्रद्धालुओं के घरों एवं प्रतिष्ठानों के सामने अरदास की.गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व 25 नवंबर,शनिवार को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में मनाया जाएगा.

## माता मोर्वी क आंगणियो मं लियो अवतार बैठयो रांची मं लगाकर दरबार श्याम धणी राज करे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में दिनांक 23 नवम्बर 2023 को कार्तिक शुक्ला देवोत्थान एकादशी के पावन दिन कलयुग अवतारी श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अत्यन्त धूमधाम के साथ भक्तिभाव के वातावरण में आयोजित किया गया । ज्ञात्त्व है की द्वापर में माता मोर्वी के आंगन में कार्तिक शुक्ला एकादशी को श्री श्याम प्रभु ने अवतार लिया और शिशदान के पश्चात श्री कृष्ण से वर पाकर कलयुग में खाटू धाम में प्रगट हुए ।इस अवसर पर सर्व प्रथम प्रातः 10:30 श्री लक्ष्मी वेंकटश्वर अन्नपूर्णा सेवा तिरुपति मन्दिर द्वारा संचालित अन्नपूर्णा सेवा में श्री श्याम मण्डल द्वारा अन्नपूर्णा सेवा का कार्यक्रम का किया गया साथ ही आज के एकादशी के उपलक्ष में पूरे मन्दिर परिसर को विद्युत की रंगीन लड़ियों , रंगीन बैलून व फूलों से अत्यन्त कलात्मक ढंग से सजाया गया ।पहले प्रात : काल में श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर 21 प्रजातियों विशेष कर गुलाब , जूही , बेला , मोगरा , जरबेरा ,



ऑर्किड , गैंदा के ताजे फूलों से अद्भुत मनभावन श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया । मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जय जयकारों के बीच अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई और उपस्थित भक्तगण श्री श्याम प्रभु के जयकारों से मन मयूर नाच उठा । श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा सर्व प्रथम गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया गया । माता मोर्वी क आंगणियों मं श्याम लियो अवतार बैठ्यो रांची मं लगाकर दरबार श्याम धनी राज करे हारा हूँ बाबा बस तुझपे भरोसा है जीतूँगा एक दिन, मेरा दिल ये कहता है जिस के घर में खाटू वाले की तस्वीर लगाई जाती है जिस घर में नीले वाले की नित जोत जगाई जाती है खाटू वाले श्याम जी कमाल हो गया, बंदा तेरा बाबा, मालामाल हो गया ग्यारस चांदण की आई भगता मिल ज्योत जगाई झांझ मजीरा बाजे आंगणे इत्यादि भजनों की लय पर श्याम भक्तगण श्याम मस्ती में झूम रहे थे । इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा का भोग अर्पित कर विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा - केसरिया दूध - मगही पान का भोग अर्पित किया गया । रात्रि 1 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया साथ आज के इस कार्यक्रम का श्याम मण्डल , रांची के अपने यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया । आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत , ओम जोशी , गोपी किशन ढांढनीयां, चन्द्र प्रकाश बागला , धीरज बंका , बालकिशन परसरामपुरिया , प्रदीप अग्रवाल , प्रमोद बगड़िया , अमित जलान , विकाश पाड़िया , नितेश केजरीवाल का विशेष सहयोग रहा ।

## स्वर्ण डीपीएस स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वर्ण डीपीएस स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के निर्देशक दीपम बनर्जी की मौजूदगी में आयोजित हुई। बच्चों के बीच 200 सवाल का तीन राउंड हुआ जिसमें 3 बच्चों का कुल पाँच टीम शामिल हुई। प्रश्नों में पर्यावरण संरक्षण, देश विदेश, सामयिक घटनायें, खेल कूद, झारखंड से सम्बंधित, गणित से सम्बंधित प्रशन पूछे गए जिसमें बच्चों का शानदार योगदान रहा। नकारात्मक अंकन के लिए भी पॉट्स काटे गए । प्रतियोगिता के अंत में क्लास 8 का विशाल लोहरा ने पहला पुरस्कार प्राप्त किया, क्लास 6 से पूजा कुमारी व क्लास 8 से विकास कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं क्लास 8 का अभिषेक कुमार ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। स्कूल कमिटी के उपाध्यक्ष सह वरीय अधिवक्ता श्री अविनाश पांडेय ने बच्चों को सफलता के लिए वर्चूअल मोड पर आशीर्वाद दिया एवं अभिभावक को बच्चों पर इसी प्रकार ध्यान देने को कहा जिससे आगे चलकर उनका भविष्य हम मिलकर संवार सके



एवं गाँव के बच्चों का उज्वल भविष्य बनाने में उनका साथ दे सकें। आज गाँव के बच्चे शहर के बच्चों से हर मोड़ पर आगे निकाल रहे हैं चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल कूद में इसीलिए बच्चों को अच्छाई के रास्ते चलने एवं ईमानदारी से कार्य करने को लेकर श्री पांडेय जी में अपनी बात रखी। उन्होंने बच्चों से यह भी कहा की जल्द वे स्कूल आएँगे एवं बच्चों से अभिभावक से व शिक्षक शिक्षिकाओं से मिलेंगे। स्कूल के प्राचार्य दीपम बनर्जी में बच्चों को निष्ठावान होकर ध्यान केंद्रित कर पढ़ाई करने की सलाह दी व कहा कि इस प्रकार का सकारात्मक आयोजन जिससे बच्चों के दिमाग में कई अच्छे संकेत जाते हैं एवं उनमें सकारात्मक बदलाव आते हैं स्कूल करती रहेगी ।

### ईस्ट इंडिया के सबसे बड़े फैशन शो की तैयारी में जुटे आयोजक

## सांसद संजय सेठ ने सुपर मॉडल डिजाइनर सर्च सीजन 5 का किया पोस्टर लॉन्च

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुपर मॉडल एंड डिजाइनर सर्च सीजन - 5 के रांची ऑडिशन के लिए रांची के सांसद संजय सेठ द्वारा कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च लॉन्च किया गया। सांसद संजय सेठ ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित मेराकी इवेंट्स के चार्ली एवं होमीनीज मैनेजमेंट के मेहुल ने बताया कि पिछले 4 वर्षों में सुपर मॉडल एंड डिजाइनर सर्च कार्यक्रम के माध्यम से कई मॉडल्स को देश और विदेशों में अपना परचम फहराने का मौका मिला है। झारखण्ड में प्रोफेशनल मॉडलिंग करवाने में हम अब तक सबसे सफल साबित हुए हैं। झारखण्ड में कई वर्षों से मॉडलिंग के क्षेत्र में कार्य कर रहे मॉडल्स और डिजाइनर को हमने अपने कार्यक्रम के माध्यम से बड़ा मंच प्रदान किया है। इस सीजन में भी पुरे ईस्ट इंडिया से मॉडल्स इस शो में भाग लेने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। अमृतनीर हर्बल प्रोडक्ट के निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि इस बार शो का रांची ऑडिशन दिनांक 03 दिसंबर 2023 को सुबह 11 बजे से मिलोस लाउंज एंड रेस्टोरेंट, शिव प्लाजा, गोल्ड जिम के समीप, डोरंडा रांची में आयोजित किया जा रहा है। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन शुरू की जा चुकी है। मॉडल्स गूगल फॉर्म के द्वारा अपना नाम रजिस्टर्ड करवा सकते हैं।



## सरला बिरला के छात्रों का इंटेक हेरिटेज क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने इंटेक रांची तथा झारखंड चैप्टर द्वारा आयोजित इंटेक हेरिटेज क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा नवम के निश्चय रतन और कक्षा दसवीं के वैष्णव सिंह कश्यप ने सीटी स्तरीय हेरिटेज क्विज में पहला स्थान और राज्य स्तरीय हेरिटेज क्विज में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विजेताओं, शिक्षकों और अभिभावकों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों के उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से उन्हें हमारे देश की समृद्ध विरासत के बारे में पता चलता है।

## पृष्ठ एक के शेष

**बीस करोड़ से अधिक का पलामू में...**

सार्थकता सिद्ध कर दी है। वर्ष 2023 के शुरूआत में ही प्रमंडल के अंतिम छोर पर स्थित पाल्हे-जतपुरा गांव में प्रख्यात संत त्रिदंडी स्वामी के शिष्य जीयर स्वामी का चतुर्मास यज्ञ का नागरिक सानिध्य प्राप्त करने लगे थे। इसी बीच लोगों को हूर-अंचला गांव में मानस मर्मज्ञ राजन जी महाराज के संगीतमय राम कथा के श्रवण का सुअवसर प्राप्त हुआ। नवरात्र में जीयर स्वामी के महायज्ञ के समापन की स्मृति धूमिल भी नहीं हो पाई थी कि 21 नवंबर को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर का पलामू की धरा पर आगमन हुआ। 27 नवंबर को विराम पाने वाली देवकीनंदन के भागवत कथा के पूर्व ही नागरिकों को मिली एक और खुशखबरी ने मानो उनकी मुंह मांगी मुराद ही पूरी कर दी है। 10 दिसंबर को मेदिनीनगर के ही समीप जोड़ गांव में अपने अकाट्य आध्यात्मिक चमत्कार से जन-जन के हृदय में स्थान बनाने वाले बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री के आगमन की संभावना है।

**योजनाओं का लाभ देने फिर आ...**

आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है।

**मुख्यमंत्री का होगा भ्रमण :** आयोजित शिविर के क्रम में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रत्येक जिले में किसी निश्चित तिथि को एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां लाभान्वितों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। परिसंपत्तियों का वितरण तथा योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइकिल के लिए नकद हस्तांतरण(ड़ीवीटी) चेक का वितरण होगा।बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, अबुआ बीर दिशोम अभियान अंतर्गत पुराने अथवा नव सृजित वन पट्टों का वितरण समेत अन्य योजनाओं लाभ लाभुकों को मिलेगा।

**अतिक्रमण बढ़ता गया ज्यों-ज्यों रोकने...**

अतिक्रमण कर कब्जा करने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई होगी। कब्जे को हटाने के लिए बिना किसी सूचना के तोड़ा जाएगा और एफआईआर भी होगी। कब्जे के ऐसे मामलों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब जल्द से जल्द इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया था ।

सड़कों पर अतिक्रमण के साथ ही गली-मोहल्ले में नाली-नालों के ऊपर निर्माण किए जा रहे हैं। शिकायत के बाद स्थानीय निकायों की तरफ से राजनीतिक दबाव या अन्य दूसरे कारणों से ऐसे कब्जे नहीं हटाए जाते हैं। दिखावे के लिए कभी छोटी-मोटी कार्रवाई की जाती है। कहा गया कि अब कब्जाधारी को नोटिस दिए बिना भी उसके अतिक्रमण को हटाया जा सकता है। निर्देश में साफ किया गया था कि यदि कोई कब्जा किसी सड़क, खुले नाले या नाली या ऐसे स्थान पर है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही हो तो ऐसे अतिक्रमण को निगम कब्जेधारी को सूचना दिए बिना, कब्जा को गिरा सकता है।

राजधानी रांची से लेकर झारखंड के सभी शहर कस्बों का यही हाल है। गुमला के मुरली बगीचा में दो दशक पूर्व एक तालाब हुआ करता था जिसका अस्तित्व समाप्त हो गया। शहरीकरण की होड़ ने तालाबों के अस्तित्व को ही समाप्त कर दिया। इन तालाबों से जीव जंतुओं को भीषण गर्मी में पानी मिलता था। आस पास के घरों के कुआं, हैंडपंप का जल स्तर भीषण गर्मी में भी उपर रहता था। लेकिन अब थोड़ा हैंडपंप के हैंडल पर हाथ क्या फेरा हैंडपंप हांफने लगता है।

रांची के सहायक प्रशासकों को अपने जोन में नियमित रूप से भ्रमण करते हुए सड़क पर अवैध तरीके से लगी दुकान, नो पार्किंग में लगे वाहन, सड़क पर चिल्डिंग मैटेरियल गिराने वालों से जुमार्ना वसूलने का अधिकार दिया गया है. निगम में कार्यरत इंफोसमेंट कर्मचारी के ऑन स्पॉट जुमार्ना वसूलने पर रोक लगा दी गई है क्योंकि उनपर लेनदेन करने के आरोप लगे थे ।

समस्या की जड़ में देखें तो पड़ोसी राज्यों की तरह यहां स्पष्ट नीति नहीं बनी है । सिमडेगा के बाद ओड़ीशा का पहला शहर राऊरकेला है जहां जाने पर सुखद आश्चर्य होता है कि सड़क पर एक भी दुकान नहीं लगती। पश्चिम बंगाल में फुटपाथ में हर जगह दुकान नहीं लगाई जा सकती और जो दुकानें लगती हैं उनका बाकायदा रिकॉर्ड रखा जाता है जबकि झारखंड में सड़क किनारे दुकान लगाने के लिए कब्जे से जो शुरूआत होती है वह महंगी सड़क किनारे की जमीन के लालच में नालियों और नदियों झतालाबों तक पहुंच जाता है । इसमें नेताओं का संरक्षण और प्रशासन की मिलीभगत रहती है । समय आ गया है कि झारखंड में कड़े कदम उठाए जाएं और सड़कों पर दुकान लगाने पर रोक लगे ।

फुटपाथ दुकानदारों को रांची में दशकों पहले गांधी मार्केट मेन रोड स्थित फ्लाइओवर के नीचे बसाया गया कुछ वर्ष पूर्व अटल वेंडर मार्केट में बसाया गया । हाईकोर्ट का कड़ा आदेश है कि अतिक्रमण न हो पर राजधानी से लेकर राज्य के कस्बों तक में अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है जो भविष्य में एक बड़ी समस्या के रूप में उभरेगा।

**श्रद्धा**

### हरिनाम धुन, जय-जयकार की ध्वनि और मंत्रों के स्वर से मंदिर गुंजायमान

## भक्ति के साथ मनाया हरि प्रबोधिनी एकादशी का व्रतोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पहाड़ी मन्दिर के निकट स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में 23 नवंबर गुरुवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष की हरि प्रबोधिनी (देवोत्थान) एकाशी और विष्णुत्रिरात्रि निवृति दिवस के उपलक्ष्य पर हुए कई अनुष्कान । सृष्टि के रचयिता एवं भरण-पोषण कर्ता श्रीहरि विष्णु बालाजी का विधिवत पूजन करके योग निद्रा से जगाया गया। इसके पूर्व विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासन आदि के बाद तिरुवाराधन हुआ।

**फिर उत्तिष्ठोत्तिष्ठ गोविन्द उत्तिष्ठ गरुड़ध्वज ।**

**उत्तिष्ठ कमलाकान्त त्रैलोक्यमंगलं कुरु ।**



उपरोक्त मंत्र के साथ अनेकानेक श्लोक ,स्तोत्र और गीत आदि के मधुर ध्वनि के साथ जगदाधिपति भगवान को जगाया गया। इसके बाद दूध दही, हल्दी, चंदन, गंगाजल, शहद, डाभयुक्तजल आदि अनेकों औषधयुक्त द्रव्यों से महाभिषेक हुआ । फिर वस्त्राभूषण से सभी विग्रहों को सुसज्जित करके सुवासित पुष्प मालाओं से भव्य श्रृंगारनिवेदन हुआ।। स्कन्द पुराण में बताया है कि जो कार्तिक मास के प्रबोधिनी एकादशी को पुरुषसूक्त के मंत्रो द्वारा अथवा पांचरात्र आगम में बतायी हुई विधि के अनुसार भगवान श्रीमन्नारायण का पूजन करता है, वह मोक्ष का भागी होता है और नरक के दुःखों से मुक्त हो, रोग-शोक से रहित बैकुण्ठधाम को प्राप्त होता है। अतः अनुष्ठान की सभी प्रक्रिया पांचरात्र आगम विधि से पूर्ण हुई। भक्तों की भारी भीड़ से मन्दिर परिसर खचाखच भरा हुआ था। सभी अपने पाप-ताप और संताप को मिटाने तथा मनोवांछित वरों को पाने की लालसा से श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना, श्रीवेंकटेश स्टोत्तर शतनाम एवं श्रीलक्ष्म्या स्टोतर शतनाम की अर्चना क्रमानुसार करायें । यह क्रम दिनभर चलता रहा। हरिनाम धुन, जय-जयकार की ध्वनि और मंत्रों के स्वर से

13वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप

# झारखंड टीम लगातार तीसरी जीत दर्ज, क्वार्टर फाइनल में



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
17 से 28 नवंबर तक चेन्नई तमिलनाडु में आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में झारखंड पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को अपने तीसरे मैच में हॉकी गोवा को 3-0 गोल से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। इससे पूर्व अपने पहले मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी आंध्रप्रदेश को 10-03 से, हॉकी चंडीगढ़ को 2-0 से पराजित किया था। झारखंड टीम और से गुरुवार के मैच में डेनिस केरकेट्टा एक गोल और नोएल टोपनो ने दो गोल किए। झारखंड टीम की लगातार तीसरी जीत हासिल करने और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# 'महिला जूनियर विश्व कप में पदक पक्का करने की उम्मीद है': प्रीति



**एजेंसी। बेंगलुरु**
भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान प्रीति ने कहा कि जूनियर एशिया कप खिताब जीतने के बाद से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है और वह आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 में भी उसी गति को बरकरार रखना चाहती हैं। यह मेगा इवेंट 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक सैंटियागो, चिली में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 16 टीमें चार पूल में विभाजित टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगी। भारत को जर्मनी, बेल्जियम और कनाडा के साथ पूल सी में रखा गया है। मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड को पूल ए में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और चिली के साथ रखा गया है, जबकि अर्जेंटीना, कोरिया, स्पेन और जिम्बाब्वे को पूल बी में रखा गया है। इंग्लैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, न्यूजीलैंड और जापान को पूल डी में एक साथ रखा गया है। हॉकी इंडिया वेबसाइट ने प्रीति के हवाले से कहा, हम सभी टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए काफी उत्साहित हैं। महिला जूनियर एशिया कप में खिताबी जीत के बाद से हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है और हम उसी गति को आगे भी जारी रखना चाहते हैं। हम अच्छी तैयारी कर रहे हैं और हमने कोच तुषार खांडेकर के तहत वास्तव में अच्छा प्रशिक्षण लिया है। बहुत कम समय में, हमने टीम की संरचना के बारे में महत्वपूर्ण चर्चा की है और हम अपने कौशल में सुधार कैसे कर सकते हैं। हम प्रमुख क्षेत्रों में विकास पर भी काम कर रहे हैं।

जून में महिला जूनियर एशिया कप के फाइनल में भारत ने कोरिया को 2-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस जीत से भारत को जूनियर विश्व कप 2023 में स्थान सुरक्षित करने में मदद मिली। प्रीति का कहना है कि टीम अब प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से गौरव हासिल करने की कोशिश कर रही है, जहां 2013 के बाद से कोई पदक नहीं मिला है, जब भारत ने कांस्य पदक हासिल किया था। प्रीति ने कहा, टोक्यो ओलंपिक 2020 में सफल अभियान के बाद, हॉकी देश में एक बार फिर से प्रमुखता हासिल कर रही है। हॉकी इंडिया भी जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और अब जूनियर टीमों पर भी काफी ध्यान दिया जा रहा है। इससे वास्तव में सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है। सभी को उम्मीदें हैं कि हम इस साल चिली में पदक जीतेंगे। इसलिए, हम उन उम्मीदों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

## एक नजर

### पैरा तीरंदाजी टीम को प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैंकॉक में पैरा एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, बैंकॉक में पैरा एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक जीत! भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को उनके शानदार प्रदर्शन और इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने के लिए बधाई! तीरंदाजी टीम ने चैम्पियनशिप में अब तक के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कुल 9 पदक जीते, जिसमें 4 स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। प्रत्येक एथलीट को उनके योगदान के लिए बधाई। वे हमें सदैव गौरवान्वित करते रहें।

### वुशु चैम्पियन्स को पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका में हाल ही में आयोजित 16वीं विश्व वुशु चैम्पियनशिप में पदक जीतने के लिए रोशिबिना देवी, कुशल कुमार और छवि को बधाई दी। अपने बधाई संदेश में प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, मैं अमेरिका में हाल ही में आयोजित 16वीं विश्व वुशु चैम्पियनशिप में पदक जीतने के लिए अपने वुशु चैम्पियन रोशिबिना देवी, कुशल कुमार और छवि को बधाई देता हूं। उनके दृढ़ संकल्प और कौशल ने सही मायने में देश को गौरवान्वित किया है। मुझे यह भी विश्वास है कि उनकी सफलता वुशु खेल को भारत में और अधिक लोकप्रिय बनाएगी। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें मेरी शुभकामनाएं।

### मोहम्मद कैफ ब्लाइंड क्रिकेट से जुड़े

**नई दिल्ली।** क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) ने समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के सहयोग से पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ को पुरुष राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे संस्करण का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। यह टूर्नामेंट नागेश ट्रॉफी के नाम से भी मशहूर है। एक ब्रांड और सद्भावना राजदूत के रूप में मोहम्मद कैफ का लक्ष्य भारत में ब्लाइंड क्रिकेट के लिए काम करना और दृष्टिबाधित खिलाड़ियों द्वारा दिखाई गई अटूट ताकत को उजागर करना है। मोहम्मद कैफ और नागेश ट्रॉफी के बीच यह जुड़ाव समावेशिता को बढ़ावा देने और भारत में दृष्टिबाधित क्रिकेटरों की उपलब्धियों को उजागर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पहला टी-20

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया



### इंग्लिस के शतक पर सूर्यकुमार-इशान ने फेरा पानी

### भारत की जीत में रिंकू सिंह भी चमके

विशाखापट्टनम। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5 मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में गुरुवार,21 नवंबर को 2 विकेट से जीत हासिल की। इसके साथ टीम ने 1-0 की बढ़त बना ली। विशाखापट्टनम में सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रन का टारगेट दिया और 20 ओवर में 3 विकेट पर 208 रन बनाए। जोश इंग्लिस ने 50 गेंद पर 110 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 41 गेंद पर 52 रन बनाए। रवि बिश्नोई ने 4 ओवर में 1 विकेट लेकर 54 रन दिए। प्रसिद्ध कृष्णा ने 4 ओवर में 50 रन देकर 1 विकेट लिया। मुकेश कुमार ने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी की और सिर्फ 5 रन दिए। टीम इंडिया ने 19.5 ओवर में 8 विकेट खोकर 209 रन बना लिए। सूर्यकुमार यादव ने 42 गेंद पर 80 और इशान किशन ने 39 गेंद पर 58 रन बनाए। रिंकू सिंह 14 गेंद पर 22 रन बनाए। भारत को आखिरी ओवर में जीत के लिए 7 रन चाहिए था। रिंकू सिंह ने पहली गेंद पर चौका लगाया। अगली गेंद पर सिंगल आया। तीसरी गेंद पर अक्षर पटेल आउट हुए। चौथी गेंद पर रवि बिश्नोई रन आउट हुए। अगली गेंद पर सिंगल आया। अर्शदीप रन आउट हुए। रिंकू सिंह ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा। आखिरी ओवर में 3 गेंद पर 3 विकेट गिरने से मैच रोमांचक हो गया था। हालांकि, सीन एबॉट ने नोबॉल भी कर दिया था। हालांकि, सीन एबॉट ने नोबॉल कर दिया था। इसके कारण रिंकू का छक्का काउंट नहीं हुआ।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| स्टीव स्मिथ | 52 | 41 | 8 | 0 |
| मैथ्यू शॉर्ट | 13 | 11 | 3 | 0 |
| जॉश इंग्लस | 110 | 50 | 11 | 8 |
| मार्कस स्टॉयनिस | 7 | 6 | 0 | 0 |
| टिम डेविड | 19 | 13 | 2 | 1 |

**अतिरिक्त :** 07, **कुल :** 208/3 (20 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-31, 2-161, 3-180 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** अर्शदीप सिंह 4-0-41-0, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-50-1, अक्षर पटेल 4-0-32-0, रवि बिश्नोई 4-0-54-1, मुकेश कुमार 4-0-29-0

| भारत | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | 21 | 8 | 2 | 2 |
| ऋतुराज गायकवाड़ | 0 | 0 | 0 | 0 |
| इशान किशन | 58 | 39 | 2 | 5 |
| सूर्यकुमार यादव | 80 | 42 | 9 | 4 |
| तिलक वर्मा | 12 | 10 | 2 | 0 |
| रिंकू सिंह | 22 | 14 | 4 | 0 |
| अक्षर पटेल | 2 | 6 | 0 | 0 |
| रवि बिश्नोई | 0 | 1 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह | 0 | 0 | 0 | 0 |
| मुकेश कुमार | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 14, **कुल :** 209/8 (20 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-11, 2-22, 3-134, 4-154, 5-194, 6-207, 7-207, 8-208 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** मार्कस स्टॉयनिस 3-0-36-0, जेसन बेहरनडॉर्फ. 4-1-25-1, मैथ्यू शॉर्ट 1-0-13-1, शॉन ऐबट 4-0-43-1, नेथन एलिस 4-0-44-0, तनवीर संघा 4-0-47-2



22वें एशिया मास्टर एथलेटिक्स मीट

# खिलाड़ियों ने रास सदस्य से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
22वें एशिया मास्टर एथलेटिक्स मीट में भाग लेकर लौटे झारखंड के खिलाड़ियों ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी और आदित्य साहू से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने सभी खिलाड़ियों को साल और गुलदस्ता देकर बधाई दिया। साथ ही आश्वासन दिया कि भविष्य में कोई भी दिक्कत होने पर उसे पूरा किया जाएगा। इस दौरान झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम सहित विपिन सिंह, वीरेंद्र साहू, संजय चक्रवर्ती और पदक विजेता राजकुमार वाल्मीकि, प्रभा लकड़ा, अशोक महतो मौजूद थे।

# पाक क्रिकेट टीम का नीदरलैंड दौरा अनिश्चित काल के लिए स्थगित



**एजेंसी। नई दिल्ली**
पीसीबी के अनुरोध पर 2024 में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम का नीदरलैंड दौरा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। पाकिस्तान को यूरोप दौरे के हिस्से के रूप में मई 2024 की शुरूआत में नीदरलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलने थे, इसके बाद टीम को आयरलैंड के खिलाफ तीन और इंग्लैंड के खिलाफ चार टी20 मैच भी शामिल थे। ये सभी खेल जून 2024 में वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए निर्धारित किए गए थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, नीदरलैंड्स क्रिकेट बोर्ड (केएनसीबी) के हाई-परफॉर्मेंस मैनेजर रोलैंड लेफेब्रे ने से पुष्टि की कि पीसीबी ने शेड्यूलिंग टकराव और खिलाड़ियों के कार्यभार के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए दौरा स्थगित कर दिया है। लेफेब्रे ने कहा, केएनसीबी समझता है कि व्यस्त खेल कार्यक्रम और साथ ही खिलाड़ियों की भलाई को ध्यान में रखते हुए पीसीबी किस परेशानी में है। हम पीसीबी के साथ अपने अच्छे संबंधों को महत्व देते हैं, और इस श्रृंखला को बाद की तारीख में पुनर्निर्धारित करने के लिए उत्सुक हैं।

# राशिद खान पीठ की चोट के कारण बीबीएल 13 से हटे



**एडिलेड।** एडिलेड स्ट्राइकर्स को इस खबर से झटका लगा है कि अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान पीठ की चोट के कारण आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन 13 से हट गए हैं, जिसके लिए मामूली सर्जरी की आवश्यकता है। स्ट्राइकर्स ने गुरुवार को घोषणा की कि राशिद को 'मामूली ऑपरेशन' की आवश्यकता है और वह सीजन से हट गए हैं। एडिलेड स्ट्राइकर्स के महाप्रबंधक टिम नीलसन ने कहा कि यह एडिलेड स्ट्राइकर्स टीम के लिए एक बड़ी क्षति है।

# चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे एचएस प्रणय व सात्विक-चिराग



**एजेंसी। शेनझेन**
भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी गुरुवार को चाइना मास्टर्स में अपने अपने वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणय ने डेनमार्क के मैग्नस योहानसेन को 21 . 12, 21 . 18 से हराया। पुरुष एकल वर्ग में प्रणय अकेले भारतीय खिलाड़ी बचे हैं।

आठवीं वरीयता प्राप्त प्रणय का सामना अब जापान के तीसरी वरीयता प्राप्त कोडाइ नाराओका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त चिराग और सात्विक ने भी जापान के अकिरा कोगा और ताइची सेइतो को 21 . 15, 21 . 16 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से होगा।

प्रणय ने जापानी खिलाड़ी के खिलाफ अच्छी शुरूआत करके पहले गेम में 6 . 1 की बढ़त बना ली। डेन ने बाद में यह अंतर 8 . 6 का और 14 . 11 का कर दिया। इसके बाद प्रणय ने अपने सारे अनुभव का इस्तेमाल करके पहला गेम जीता। दूसरे गेम में मुकाबला बराबरी का रहा और 15 अंक तक दोनों ने जबर्दस्त खेल दिखाया। एक समय पर 18 . 18 से स्कोर बराबर था लेकिन प्रणय ने आखिरी क्षणों में दबाव बनाकर जीत दर्ज की।

# भारतीय दल जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय जूनियर मुक्केबाजी दल 24 नवंबर से 4 दिसंबर तक होने वाली आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए येरेवान, आर्मेनिया पहुंच चुका है। यह प्रतिष्ठित आयोजन जूनियर मुक्केबाजी में काफी महत्वपूर्ण है, जिसमें 26 भार वर्गों में 58 देशों की 448 युवा प्रतिभाएं हिस्सा ले रही हैं। चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाले ब्रिजेश (46 किग्रा), दिवाश (50 किग्रा), योगेश (57 किग्रा), राहुल कुंडू (70 किग्रा) और हार्दिक (80 किग्रा) जूनियर विश्व चैंपियनशिप में अपनी-अपनी श्रेणियों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं, सिकंदर (48 किग्रा), साहिल (52 किग्रा), जतिन (54 किग्रा), सारथी (60 किग्रा), कबीराज सिंह (63 किग्रा), प्रशांत (66 किग्रा), साहिल (75 किग्रा) और हेमंत (80+ किग्रा) देश को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। जूनियर लड़कियों के वर्ग में, एशियाई युवा और जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता- परी (50 किग्रा), निशा (52 किग्रा), निधि (66 किग्रा), आकांशा (70 किग्रा), मेघा (80 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में टीम का नेतृत्व करेंगी। नेहा (46 किग्रा), पायल (48 किग्रा), अमीषा (54 किग्रा), विनी (57 किग्रा), जॉयश्री देवी (60 किग्रा), सृष्टि (63 किग्रा), कृतिका (75 किग्रा), प्राची (80+ किग्रा) अन्य मुक्केबाज हैं जो प्रतिस्पर्धा करेंगी। आधिकारिक ड्रा 23 नवंबर को उद्घाटन समारोह के साथ निर्धारित है। क्वार्टर फाइनल तक की प्रतियोगिता 24-30 नवंबर के बीच आयोजित की जाएगी। सेमीफाइनल 2 दिसंबर को होंगे और फाइनल 3-4 दिसंबर को खेला जाएगा।

### भारत जूनियर स्क्वाड

**जूनियर लड़के:** ब्रिजेश (46 किग्रा), सिकंदर (48 किग्रा), दिवाश (50 किग्रा), साहिल (52 किग्रा), जतिन (54 किग्रा), योगेश (57 किग्रा), सारथी सैनी (60 किग्रा), कबीराज सिंह (63 किग्रा), प्रशांत (66 किग्रा), राहुल कुंडू (70 किग्रा), साहिल (75 किग्रा), हार्दिक (80 किग्रा), हेमंत (80+ किग्रा)

**जूनियर लड़कियां:** नेहा लुंठी (46 किग्रा), पायल (48 किग्रा), परी (50 किग्रा), निशा (52 किग्रा), अमीषा (54 किग्रा), विनी (57 किग्रा), जॉयश्री देवी (60 किग्रा), सृष्टि (63 किग्रा), निधि ढुल (66 किग्रा) , आकांशा (70 किग्रा), कृतिका (75 किग्रा), मेघा (80 किग्रा) प्राची (80+ किग्रा)

तीन दिवसीय मैच

29वीं राष्ट्रीय सब जूनियर और सीनियर थांग-टा चैंपियनशिप आज से

# देश भर से 600 खिलाड़ियों की होगी प्रतिभागिता

### टीमों का आगमन प्रारम्भ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
थांग-टा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में झारखंड थांग-टा संघ द्वारा आज से खेलगांव स्थित हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 29वीं राष्ट्रीय सब जूनियर तथा सीनियर थांग-टा चैंपियनशिप में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का रांची आगमन प्रारम्भ हो चूका है। अब तक असम, मणिपुर, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र, केरल, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, तथा त्रिपुरा की टीम रांची पहुंच चुकी है जबकि बाकी की टीमें कल सुबह तक पहुंच जाएगी। स्वदेशी खेल के इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में देश भर से 600 पुरुष तथा महिला खिलाडी भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप का उद्घाटन सुशांत गौरव, निदेशक, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, द्वारा पूर्वाह्न 11 बजे किया जाएगा। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डिविशनल फारेस्ट ऑफिसर उमेश साहनी, 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज के मैनेजिंग डायरेक्टर श्याम पांडे, कैराली स्कूल के प्राचार्य राजेश पिल्लई के अलावा झारखंड ओलंपिक संघ के वरीय पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे।




### क्या है थांग टा

**भारत** में आरंभ से ही कई संस्कृतियों का समावेश है। यही कारण है कि यहां कई प्रकार की विभिन्न कलाएं भी विद्यमान हैं। यहां अलग-अलग तरह की कलाओं एवं संस्कृतियों का जन्म हुआ। ऐसी ही एक युद्धकला भारत देश में 'मणिपुर' प्रदेश से सम्बंधित है। इस कला का नाम है 'थांग-ता'। यह कला तलवार, ढाल और भाले के साथ खेली जाती है। यह कला आत्मरक्षा, एवं युद्ध कला के साथ-साथ पारम्परिक लोक नृत्य के रूप में जानी जाती है। यह कला शस्त्रों से परिपूर्ण एक युद्धकला है। इसमें 'थांग' शब्द का अर्थ है 'तलवार', और 'ता' का अर्थ है 'भाला'' इस कला में तलवार, ढाल और भाले का प्रयोग किया जाता है। यह भी अन्य शस्त्र कलाओं की ही तरह शारीरिक बल एवं बुद्धि का उचित प्रयोग कर, कठिन परिश्रम करके सीखी और खेली जाती है।

# बीबीएल : मेलबर्न रेनेगेड्स के सहायक कोच बने इयान बेल



**एजेंसी। मेलबर्न**
बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी 13वें सीजन के लिए मेलबर्न रेनेगेड्स ने इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान बेल को अपना सहायक कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी क्रिकेट क्लब ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। बेल, डेविड सेकर के कोचिंग ग्रुप में ढेर सारा अनुभव लेकर आए हैं, जिसमें एक दशक से अधिक के प्रतिष्ठित करियर में उन्होंने इंग्लैंड के साथ सभी प्रारूपों में 287 मैच खेले हैं। 2020 के अंत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बाद, बेल ने इंग्लैंड अंडर-19, द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स और अबू धाबी टी10 लीग में चेन्नई ब्रेव्स के साथ कोच के रूप में अपनी कला का प्रदर्शन किया है। हाल ही में, बेल 2023 वनडे विश्व कप से पहले इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के साथ जुड़े हैं। मेलबर्न रेनेगेड्स के महाप्रबंधक, जेम्स रोसेनगार्टन ने कहा कि बेल की नियुक्ति क्लब के लिए एक बड़ा तोहफा है। उन्होंने कहा, हम रेनेगेड्स में बेल जैसी क्षमता वाले किसी व्यक्ति को पाकर रोमांचित हैं। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर उनका अनुभव खुद बोलता है, वह हर क्लब को बिग बैश में सफल होने के लिए आवश्यक नई आवाज और विशेषज्ञता प्रदान करते हैं।